Page 11



खेल

जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 10



देश



**एशियाई महिला चैंपियन ट्राफी : जीत के साथ भारत का आगाज, मलेशिया को 4-0 रन से...**

**चुनावों में किए गए पांच गारंटी को पूरा करने की वजह से राज्य के खजाने पर पूरा बोझ...**



शुक्ल पक्ष, रेवती, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • बुधवार • 13 नवम्बर 2024 • वर्ष 26 • अंक 332 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00


## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 77,290 | ₹91,000 |





## आज का इतिहास

- **2005 : भारतीय प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने नेपाली राजा ज्ञानेंद्र से लोकतांत्रिक शासन बहाल करने के उपाय करने का अनुरोध किया है।**
- **2011 : न्यूयॉर्क में अधिकारियों और संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ विस्फोटक के लिए भारत के पूर्व राष्ट्रपति ए पी जे अब्दुल कलाम की खोज के उल्लंघन के लिए माफी मांगते हुए।**

## न्यूज बाइट्स

### जेईई मेन : ओबीसी और ईडब्ल्यूएस श्रेणी के अभ्यर्थी परेशान

**पटना (नि.सं.)।** देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई मेन के जनवरी सत्र के लिए आवेदन की प्रक्रिया रफ्तार नहीं पकड़ पा रही है। पिछले साल पहले सत्र के लिए 12 लाख 21 हजार से अधिक अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। इस बार 14 दिनों में पांच लाख 10 हजार अभ्यर्थियों ने ही रजिस्ट्रेशन किया है। जेईई मेन की वेबसाइट पर आवेदन के लिए लिंक 22 नवंबर तक उपलब्ध होगा। अभ्यर्थियों का कहना है कि इस वर्ष पहली बार जेईई मेन आवेदन के दौरान ओबीसी एवं ईडब्ल्यूएस अभ्यर्थियों से सर्टिफिकेट आईडी तथा जारी तिथि के साथ संबंधित अधिकारी का नाम मांगा गया है। इस कारण संबंधित श्रेणी के अभ्यर्थियों को परेशानी हो रही है।

### झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए प्रथम चरण का मतदान आज

**रांची (नि.सं.)।** झारखंड के विधानसभा चुनाव के लिए प्रथम चरण की 43 सीटों पर आज सुबह 7:00 बजे से मतदान होगा और इसकी सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

### अक्टूबर में रिटेल महंगाई बढ़कर 6.21% पर पहुंची

**नई दिल्ली (ए.)।** खाने-पीने की चीजें महंगी होने से अक्टूबर में रिटेल महंगाई दर बढ़कर 6.21% पर पहुंच गई है। ये महंगाई का 14 महीनों का उच्चतम स्तर है। अगस्त 2023 में महंगाई दर 6.83% रही थी। वहीं अक्टूबर से एक महीने पहले सितंबर में भी सब्जियां महंगी होने से ये दर 5.49% पर पहुंच गई थी। महंगाई के बास्केट में लगभग 50% योगदान खाने-पीने की चीजों का होता है। इसकी महंगाई महीने-दर-महीने आधार पर 9.24% से बढ़कर 10.87% हो गई है। वहीं ग्रामीण महंगाई 5.87% से बढ़कर 6.68% और शहरी महंगाई 5.05% से बढ़कर 5.62% हो गई है।

### बिहार कैबिनेट की बैठक में कई अहम फैसलों पर लगाई गई मुहर

# पीएमसीएच में 4315 पदों पर बहाली

- **पटना जू में फिर से चलेगी टॉय ट्रेन**

**निज संवाददाता | पटना**



पटना में बड़े बदलाव, रोजगार के अवसर और विकास की नई राहें: मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य कैबिनेट की बैठक में किए ऐतिहासिक फैसले

बिहार की राजधानी पटना में एक साथ कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं, जो न केवल शहर की पहचान को नया आयाम देंगे, बल्कि बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित करेंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को राज्य कैबिनेट की बैठक में कुल 36 महत्वपूर्ण एजेंडों पर मुहर लगाई गई। इनमें सबसे बड़े फैसले पटना स्थित पीएमसीएच (पटना मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल) और पटना जू से जुड़े थे। पटना स्थित पीएमसीएच में अब बेरोजगार युवाओं के लिए 4315 नई नौकरियों के अवसर उपलब्ध होंगे। दिल्ली एम्स के मानकों को ध्यान में रखते हुए अस्पताल में 29 अनुपयोगी पदों को समाप्त कर दिया गया है, और उनके स्थान पर 4315 नए पदों का सृजन किया गया है। यह निर्णय राज्य सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने और युवा शक्ति को रोजगार देने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इस बहाली के तहत विभिन्न विभागों में कर्मचारियों की भर्ती की जाएगी, जिससे चिकित्सा क्षेत्र में कार्य क्षमता बढ़ेगी और मरीजों को बेहतर सेवाएं मिल सकेंगी।

वहीं, परिवहन विभाग में भी 102 लिपिक (लेवल 2) के पदों के सृजन को मंजूरी दी गई है, जिससे विभागीय कार्यों की गति और प्रभावशीलता बढ़ेगी। इसके अतिरिक्त, मोटर वाहन दुर्घटना दावा न्यायालय के लिए नए पदों का सृजन किया गया है, जिसमें अध्यक्ष, अपर जिला परिवहन पदाधिकारी, उच्च वर्गीय लिपिक, निम्नवर्गीय लिपिक और आशु लिपिक के 3-3 पद शामिल हैं। इन निर्णयों से न केवल प्रशासनिक कार्यों को सुचारू रूप से चलाया जा सकेगा, बल्कि राज्य के नागरिकों को बेहतर सेवा भी मिलेगी। राजधानी पटना के संजय गांधी जैविक उद्यान (पटना जू) में बंद पड़ी टॉय ट्रेन को फिर से शुरू करने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए राज्य सरकार ने 9.88 करोड़ रुपये के बजट को मंजूरी दी है। इस नए विकास के तहत दानापुर रेल मंडल द्वारा नया ट्रैक बिछाया जाएगा, और चार कोच वाली टॉय ट्रेन चलाई जाएगी। यह टॉय ट्रेन 1977 से पटना जू में चल रही थी, लेकिन 2015 में इसे बंद कर दिया गया था। अब एक बार फिर यह ट्रेन पर्यटकों और बच्चों के बीच आकर्षण का केंद्र बनेगी, जिससे पटना जू की लोकप्रियता और बढ़ेगी।

### बिहारी कंपनियों को मिलेगा प्राथमिकता

नीतीश सरकार ने राज्य की खरीद नीति में भी एक बड़ा बदलाव किया है। अब बिहार सरकार के टेंडरों में बिहारी कंपनियों को प्राथमिकता दी जाएगी, जिससे राज्य के स्थानीय उद्योगों और व्यवसायों को प्रोत्साहन मिलेगा। यह कदम राज्य के आंतरिक विकास को गति देगा और रोजगार के अवसरों में वृद्धि करेगा।

## 100 जगहों पर खान विभाग ने मारा छापा, 32 लाख रुपए का वसूला जुर्माना

**पटना(नि.सं.)।** बिहार में अवैध खनन पर नियंत्रण के लिए राज्य सरकार और खान विभाग की कार्रवाई लगातार तेज होती जा रही है। मंगलवार को बिहार राज्य के खान विभाग ने पूरे प्रदेश में अवैध खनन माफियाओं के खिलाफ एक बड़ी छापेमारी अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान राज्य के विभिन्न हिस्सों में करीब 100 स्थानों पर रेड डाली गई। विभाग की इस कार्रवाई में कुल 32 लाख रुपये का जुर्माना वसूला गया। छापेमारी के बाद भोजपुर जिले से सबसे अधिक 6 स्थानों से जुर्माना वसूला गया, जहां अवैध खनन के गंभीर आरोप लगे थे। खान विभाग के अधिकारी बताते हैं कि यह छापेमारी अभियान बिहार के 38 जिलों में फैला हुआ था, और इस अभियान का उद्देश्य अवैध खनन पर नकेल कसना था। अधिकारियों ने बताया कि इस कार्रवाई के दौरान विभाग ने 24 वाहनों को जब्त किया, जो अवैध रूप से खनिज सामग्री परिवहन कर रहे थे। इसके साथ ही, अवैध खनन की सामग्री, जिसमें 2411 सीएफटी बालू और 1070 सीएफटी पत्थर शामिल थे, भी जब्त किए गए। इस छापेमारी में विभाग ने न केवल जुर्माना वसूला, बल्कि 9 एफआईआर भी दर्ज की गईं, जिनमें से तीन माफियाओं को गिरफ्तार किया गया। इन गिरफ्तारियों के बाद विभाग ने माफियाओं पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है और यह भी स्पष्ट किया है कि ऐसी कार्रवाई भविष्य में भी जारी रहेगी। अक्टूबर माह में अवैध खनन के खिलाफ खान विभाग ने एक और बड़ी कार्रवाई की थी।

# बिहार से आदिवासियों को सौगात देंगे पीएम बिरसा मुंडा की जयंती पर जमुई में कार्यक्रम



**निज संवाददाता | जमुई**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 नवंबर को बिहार के जमुई में बिरसा मुंडा की जयंती पर एक कार्यक्रम को संबोधित करने वाले हैं। इस दौरान वे देशभर के आदिवासियों को विभिन्न योजनाओं की सौगात देंगे। जमुई के खैरा में पीएम का कार्यक्रम प्रस्तावित है। बता दें कि 48 घंटे के भीतर ही उनका यह दूसरा बिहार दौरा होगा। इससे पहले 13 नवंबर को प्रधानमंत्री दरभंगा में एम्स और रेलवे की विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण करने वाले हैं।

जानकारी के मुताबिक खैरा प्रखंड के बल्लोपुर नारियाना में बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के मौके पर शुक्रवार को सभा आयोजित होने वाली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस कार्यक्रम में शिरकत करने वाले हैं। इस दौरान पीएम आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की शुरुआत करेंगे। इसके अलावा आदिवासियों के लिए विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण किया जाएगा। जमुई में प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर तैयारी शुरू हो गई है। हेलीपैड तैयार किया जा रहा है। सभा स्थल की बेरिकैडिंग की जा रही है इस कार्यक्रम में राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान और जमुई सांसद अरुण भारती समेत कई नेताओं के उपस्थित रहने की संभावना है। पीएम मोदी इस रैली से बिहार ही नहीं बल्कि पड़ोसी राज्य झारखंड को भी साधेंगे। झारखंड में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पीएम मोदी के इस कार्यक्रम को अहम माना जा रहा है। इस सभा में बिहार के अलावा झारखंड के भी बीजेपी नेता बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

## प्रधानमंत्री आज करेंगे दरभंगा एम्स का शिलान्यास

**निज संवाददाता | दरभंगा**

दरभंगा एम्स के शिलान्यास को लेकर प्रशासनिक तैयारी अंतिम चरण में पहुंच गयी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 13 नवंबर को इसकी आधारशिला रखेंगे। इसे लेकर एक तरफ सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किये गये हैं। दूसरी ओर जनसभा में जुटनेवाली भीड़ को लेकर भी व्यापक तैयारी की जा रही है। प्रशासनिक स्तर से तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसे लेकर सोमवार को सेना के हेलीकॉप्टर ने आयोजन स्थल पर लैंडिंग व उड़ान का ट्रायल भी लिया। सूत्रों के अनुसार ट्रायल सफल रहा। यहां बता दें कि आयोजन स्थल पर पीएम मोदी के साथ ही सीएम नीतीश कुमार व राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर के हवाई मार्ग से आगमन के मद्देनजर आधा दर्जन हेलीपैड तैयार किये गये हैं। साथ ही वैकल्पिक व्यवस्था के तहत सड़क मार्ग से भी आवागमन की तैयारी की गयी है। बता दें कि पीएम मोदी के साथ सीएम नीतीश भी शिलान्यास समारोह में समवेत रहेंगे। इसके बाद मौके पर जनसभा का भी आयोजन होगा। इसमें बड़ी संख्या में आमजन के सम्मिलित होने की संभावना है। बताया जाता है कि तैयार हो रहे विशाल पंडाल में 50 हजार से अधिक कुर्सियां लगायी जा रही हैं। इसके लिए एक लाख से अधिक लोगों के लिए मैदान तैयार किया जा रहा है।

## रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष का दो दिवसीय दौरा यात्री सुविधाओं और सुरक्षा की समीक्षा



**निज संवाददाता | हाजीपुर**

मंगलवार को रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और सीईओ सतीश कुमार ने अपने दो दिवसीय दौरे पर पूर्व मध्य रेल क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान, उन्होंने छठ पूजा के बाद बढ़ी हुई भीड़, यात्री सुरक्षा और सुविधा के लिए तैयारियों की गहन समीक्षा की। साथ ही, उन्होंने ट्रेनों और स्टेशनों पर यात्रियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए जरूरी दिशा-निर्देश दिए। दौरे की शुरुआत में, कुमार ने दीघाब्रिज हाल्ट-समस्तीपुर रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। इस निरीक्षण में उन्होंने यात्री ट्रेन संचालन और अन्य बुनियादी सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया। इसके बाद, उन्होंने सोनपुर स्टेशन का भी निरीक्षण किया। सोनपुर स्टेशन पर उन्होंने विशेष रूप से यात्री सुविधाओं, स्वच्छता और प्लेटफार्म की स्थिति का निरीक्षण किया। उन्होंने सोनपुर स्टेशन पर अमृत स्टेशन योजना के तहत हो रहे पुनर्विकास कार्यों का भी निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

# इस बार के पैक्स चुनाव में मतपत्रों में किया गया बदलाव

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



पैक्स चुनाव की प्रक्रिया ने प्रथम चरण के नामांकन के साथ ही रफ्तार पकड़ ली है। चुनाव की सुचारू रूप से संचालन के लिए जिला प्रशासन ने मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण देने हेतु नगर भवन औरंगाबाद में एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में कुल 40 मास्टर प्रशिक्षकों ने भाग लिया और मतदान प्रक्रिया की विभिन्न बारीकियों को विस्तार से समझा। चुनावी कर्मियों को मतदाता सूची, मतदान केंद्रों के लेआउट, सुरक्षा प्रोटोकॉल और मतदान प्रक्रिया के समापन के बाद आवश्यक कार्यों का व्यापक प्रशिक्षण दिया गया।

मुख्य मास्टर प्रशिक्षक राजकुमार प्रसाद गुप्ता ने बताया कि सच्चिदानंद सिंहा कॉलेज औरंगाबाद में 13 और 14 नवंबर को पीठासीन पदाधिकारी और प्रथम, द्वितीय, तृतीय मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण दो सत्रों में आयोजित किया जाएगा, जिसमें करीब 4,800 चुनाव कर्मी भाग लेंगे। वहीं, नगर भवन औरंगाबाद में पेट्रोलिंग मजिस्ट्रेट और मतगणना पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण भी उन्हीं तिथियों में आयोजित होगा। प्रशिक्षण के दौरान इन कर्मियों को मतदान प्रक्रिया में संलग्न सभी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों और विधियों के बारे में जानकारी दी जाएगी, ताकि वे निर्धारित प्रखंडों में समय पर योगदान देकर चुनावी सामग्री प्राप्त कर सकें और मतदान प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संचालित कर सकें। इस वर्ष के पैक्स चुनाव में एक महत्वपूर्ण बदलाव किया गया है। पहले मतपत्रों को सफेद कागज पर अलग-अलग रंगों से मुद्रित किया जाता था, लेकिन इस बार यह रंगीन कागज पर काले रंग से मुद्रित होंगे। अध्यक्ष पद का मतपत्र लाल कागज पर, अनुसूचित जाति के लिए नीला, अत्यंत पिछड़ी जाति के लिए सफेद, पिछड़ी जाति के लिए हरा और सामान्य वर्ग के लिए नारंगी कागज पर मुद्रित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, पहचान पत्र के रूप में मतदाता आईडी के अलावा 17 अन्य फोटोयुक्त दस्तावेजों को भी मान्यता दी गई है।

मतदान प्रक्रिया के अंतर्गत मतपेटियों को खोलने, बंद करने और मतदान के लिए तैयार करने की प्रक्रिया का डेमो भी मास्टर प्रशिक्षकों को दिया गया। साथ ही, मतगणना के दौरान आवश्यक प्रपत्रों को भरने और पैकेट तैयार करने की जानकारी दी गई। इस चुनाव में मतगणना संबंधित प्रखंडों में ही की जाएगी, जिससे पारदर्शिता और सुगमता में वृद्धि होगी। इस कार्यशाला में कोषांग के नोडल पदाधिकारी आलोक कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी सुरेंद्र प्रसाद, डीपीओ दीपक कुमार, तथा अन्य प्रमुख कोषांग कर्मी जैसे सैयद मोहम्मद दायम, कुंदन कुमार ठाकुर, शशिधर सिंह, अंकित कुमार, राहुल कुमार, और अखिलेश कुमार शर्मा भी उपस्थित रहे। सभी ने प्रशिक्षण की प्रक्रिया को बारीकी से अवलोकन किया और मतदान प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए विभिन्न दिशानिर्देश दिए। प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त जानकारियों से यह सुनिश्चित किया गया कि सभी मतदान कर्मी एकजुट होकर टीम भावना से कार्य करेंगे, जिससे चुनावी प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी और सफलतापूर्वक संचालित किया जा सकेगा।

## आज कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच चार सीट पर होंगे उपचुनाव

**पटना (नि.सं.)।** बिहार के चार विधानसभा क्षेत्रों तरारी, रामगढ़, बेलागंज और इमामगंज (सुरक्षित) में आज कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच उपचुनाव होंगे। राज्य पुलिस मुख्यालय के सूत्रों ने मंगलवार को यहां बताया कि मतदान के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। इस दौरान जिले की सीमाएं सील रहेंगी। गया के सहायक पुलिस अधीक्षक पीएन साहू ने बताया कि जिले के इमामगंज और बेलागंज विधानसभा क्षेत्रों में पोलिंग पार्टी और सुरक्षाकर्मियों को भेजा गया है। उन्होंने बताया कि उग्रवादियों से प्रभावित इमामगंज विधानसभा क्षेत्र में विशेष सुरक्षा व्यवस्था की गई है। यहां सघन पेट्रोलिंग की जा रही है। पूरी मतदान प्रक्रिया पर हेलिकॉप्टरों से कड़ी निगरानी रखी जाएगी। किसी भी तरह की गड़बड़ी को रोकने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है।

# राजस्व विभाग के अपर मुख्य सचिव ने की विभागीय समीक्षा की बैठक

- **30 नवंबर तक सभी लंबित मामलों में प्रतिशपथ पत्र और कारण पृच्छा दायर करने के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिए गए।**

**निज संवाददाता | पटना**

मंगलवार को राजस्व विभाग की विधि शाखा की समीक्षा बैठक आयोजित हुई, जिसमें अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने लंबित मामलों की स्थिति पर चिंता जताई। बैठक में उन्होंने उच्च न्यायालय में लंबित याचिकाओं पर चर्चा की, जिनमें अब तक प्रतिशपथ पत्र या कारण पृच्छा दायर नहीं की गई है। इस देरी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए, उन्होंने निर्देश दिए कि इन मामलों में अभियान चलाकर 30 नवंबर तक सभी आवश्यक जवाबी दस्तावेज कोर्ट में जमा कराए जाएं। बैठक के दौरान, अपर मुख्य सचिव ने विभागीय समाहर्ताओं को निर्देश देने के लिए विधि शाखा को आदेश जारी करने का निर्देश दिया, ताकि सभी लंबित मामलों को समय सीमा के भीतर निपटाया जा सके। साथ ही, उन्होंने उन मामलों की अनिवार्य प्रविष्टि कोर्ट केस मॉनिटरिंग सिस्टम (सीसीएमएस) पोर्टल पर अपलोड करने पर भी जोर दिया, जिनमें प्रतिशपथ पत्र या कारण पृच्छा पहले ही दायर हो चुकी है। यह कदम लंबित मामलों के प्रभावी निगरानी और प्रबंधन के उद्देश्य से उठाया गया है।

इसके अलावा, विभागीय विधि पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेशों की प्रति सीसीएमएस पोर्टल से डाउनलोड करें और उनकी समीक्षा करें। इसके साथ ही, ये आदेश संबंधित शाखाओं और निदेशालयों को अनुपालन के लिए तुरंत उपलब्ध कराए जाएं। बैठक में अन्य महत्वपूर्ण अधिकारियों, जैसे अपर सचिव अरुण कुमार सिंह, विशेष कार्य पदाधिकारी मणि भूषण किशोर, और शाखा पदाधिकारी राजीव शंकर ने भी भाग लिया। इन अधिकारियों ने लंबित मामलों के शीघ्र निपटान के लिए उठाए गए कदमों और प्रक्रियाओं पर अपने विचार साझा किए।

## भारतीय रेल द्वारा रिकॉर्ड संख्या में 7724 पूजा स्पेशल ट्रेनों का परिचालन

- **छठ पूजा बाद 132 स्पेशल ट्रेनों का परिचालन कर अब तक लगभग 37 लाख यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाया गया**
- **यात्री सुरक्षा के मद्देनजर यात्रियों को ट्रेन में कतारबद्ध प्रवेश की व्यवस्था**

**निज संवाददाता | हाजीपुर**

भारतीय रेल द्वारा इस वर्ष दीपावली एवं छठ पर्व पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखकर उनके सुविधाजनक आवागमन के लिये रिकॉर्ड संख्या में 7724 पूजा स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। इसी क्रम में पूर्व मध्य रेल के विभिन्न स्टेशनों से/के लिए पूजा स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहे है । इन स्पेशल ट्रेनों के परिचालन से यात्रियों को पूजा के दौरान काफी सुविधा हुई। यात्रियों की अतिरिक्त संख्या को देखते हुये स्टेशन पर उनकी सुविधा के लिये व्यापक प्रबन्ध किये गये हैं। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) द्वारा यात्रियों को कतारबद्ध तरीके से ट्रेन में प्रवेश की व्यवस्था सहित क्राउड मैनेजमेंट के लिए अतिरिक्त रेलकर्मी और रेल सुरक्षा बल के जवान को तैनात किया गया है । विभिन्न स्टेशनों पर कतिपय स्वयंसेवी संगठनों द्वारा जरूरतमंद यात्रियों को निःशुल्क अल्पाहार/भोजन दिया गया । वृद्ध एवं दिव्यांग यात्रियों को सकुशल ट्रेनों में बैठाया जा रहा है। रेलवे प्रशासन द्वारा पूजा पर्वों पर यात्रियों के सुगम आवागमन के लिये किये गये प्रबन्ध की यात्रियों द्वारा प्रशंसा की जा रही है।

क्राउड मैनेजमेंट के तहत पटना, दानापुर, राजेंद्रनगर टर्मिनल, सहरसा, मुजफ्फरपुर, दरभंगा सहित अन्य प्रमुख स्टेशनों पर यात्रियों के लिए होल्डिंग एरिया बनाया गया है जिसमें पर्याप्त बैठने की व्यवस्था के साथ उद्घोषणा प्रणाली, ट्रेन डिस्प्ले बोर्ड, सीसीटीवी कैमरे, शुद्ध पेयजल इत्यादि की व्यवस्था की गई है। साथ ही ट्रेन के आवागमन की जानकारी सहज उपलब्ध हो सके इसके लिए स्टेशनों पर निरंतर उद्घोषणा की जा रही है । इसके लिए मेगा माइक भी उपयोग में लाया जा रहा है। भीड़ नियंत्रण हेतु 63 प्रमुख स्टेशनों पर 3564 अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे से रेल सुरक्षा बलों द्वारा चौबीसों घंटे गहन निगरानी की जा रही है। साथ ही 29 स्टेशनों पर अतिरिक्त टिकट काउंटर खोले गए हैं। इसके अलावा 59 स्टेशनों पर 167 ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन (एटीवीएम) का प्रावधान किया गया है तथा 914 क्यूआर कोड के माध्यम से शीघ्र भुगतान होने में टिकटिंग में काफी कम समय लग रहा है । महिला यात्रियों की सुरक्षा एवं मदद हेतु ट्रेनों एवं प्रमुख स्टेशनों पर आरपीएफ की अतिरिक्त महिला कांस्टेबलों की टीम ''मेरी सहेली'' की तैनाती की गयी है। सभी प्रमुख स्टेशनों पर ''मे आई हेल्प यू'' सहायता बूथ चौबीसों घंटे कार्यरत है जहां संबंधित विभाग के वरिष्ठ कर्मचारी आवश्यक जानकारी के साथ निरंतर ड्यूटी पर तैनात हैं। साथ ही चिकित्सा मदद के लिए चिकित्सा सहायता बूथ भी बनाए गए हैं।

### गया आईएमसी परियोजना को बढ़ावा देने के लिए शेयरधारक समझौते और राज्य समर्थन समझौते पर हस्ताक्षर समारोह सम्पन्न

# आईएमसी परियोजना का ऐतिहासिक कदम, बिहार में औद्योगिक भविष्य की नई शुरुआत

**निज संवाददाता | गया**



बिहार में औद्योगिक विकास को गति देने और राज्य की आर्थिक प्रगति को नया आयाम देने के उद्देश्य से आज एक ऐतिहासिक समझौता हुआ। इस अवसर पर बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण (बियाडा) और नेशनल इंडस्ट्रियल कॉरिडोर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (एनआईसीडीसी) के बीच शेयरधारक समझौता और एनआईसीडीसी तथा बिहार सरकार के उद्योग विभाग के बीच राज्य समर्थन समझौता पर हस्ताक्षर किए गए। यह समारोह पटना में आयोजित हुआ, जिसमें बिहार के उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा समेत राज्य और केंद्र सरकार के उच्च अधिकारी शामिल हुए। इस परियोजना के माध्यम से बिहार औद्योगिक और आर्थिक महाशक्ति बनने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाने जा रहा है। इस समझौते के तहत बियाडा और एनआईसीडीसी ने गया में एक विशेष उद्देश्य वाहन (एसपीवी) की स्थापना का निर्णय लिया है। यह एसपीवी आईएमसी गया परियोजना के विकास और इसके सभी आवश्यक पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करेगा। यह परियोजना गया जिले के 1,670 एकड़ क्षेत्र में विकसित की जाएगी, जिसमें उद्योगों के लिए एक प्रमुख स्थान स्थापित करने की योजना है। इसमें औद्योगिक और लॉजिस्टिक केंद्र के रूप में क्षेत्र को विकसित करने की दृष्टि से बुनियादी अवसंरचना, कनेक्टिविटी, और टिकाऊ औद्योगिक साधनों का निर्माण किया जाएगा। इस परियोजना के तहत निर्माणाधीन सभी अवसंरचना पर्यावरणीय मानकों के अनुरूप होंगे। परियोजना के पर्यावरणीय प्रभाव आकलन (ईआईए) रिपोर्ट पर पहले ही सार्वजनिक परामर्श हो चुका है, जिससे इसे एक टिकाऊ और सुलभ औद्योगिक क्षेत्र बनाने की दिशा में आगे बढ़ाया जा सके। आईएमसी गया परियोजना की दिशा में हस्ताक्षर समारोह के साथ ही भूमि समन्वय, कनेक्टिविटी संरेखण और एसपीवी बोर्ड की स्थापना की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।

### अत्याधुनिक कनेक्टिविटी और अवसंरचना के साधन

आईएमसी गया परियोजना को बहुमॉडल कनेक्टिविटी से सुसज्जित किया जा रहा है। यह परियोजना राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच-19 और एनएच-22) और गोल्डन क्वाड्रिलेटरल के अलावा फतुहा में प्रस्तावित मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक पार्क के निकट स्थित होगी। इसके साथ ही, गया अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा और जगदीशपुर-हल्दिया-बोकारो-धामरा गैस पाइपलाइन से कनेक्टिविटी इस परियोजना को अन्य औद्योगिक क्षेत्रों के साथ जोड़ेगी। इससे उद्योगों को आवश्यक रसद और परिवहन सुविधाएं मिलेंगी, जो किसी भी उद्योग के विकास के लिए महत्वपूर्ण है।

# गंगा की सहायक नदियों के किनारे बसे 10 शहरों में 945 करोड़ रुपये की लागत से बनेगा एसटीपी

**निज संवाददाता | पटना**

बिहार में गंगा किनारे बनने वाले एसटीपी और सीवरेज नेटवर्क पर तेजी से काम जारी है। पटना में बनने वाले कुल छह एसटीपी में से चार का जहां काम पूरा हो चुका है, वहीं दो एसटीपी भी अगले वर्ष तक बनकर तैयार हो जाएंगे। इतना ही नहीं गंगा की सहायक नदियों के किनारे बसे शहरों में भी सीवरेज नेटवर्क को दुरुस्त करने के लिए सरकार प्रयासरत है। इसके लिए सरकार की तरफ से गंगा की सहायक नदियों के किनारे बसे शहरों में भी योजनाबद्ध तरीको से एसटीपी बनाने एवं सीवरेज नेटवर्क बनाने तथा पुराने सीवरेज नेटवर्क को दुरुस्त करने की योजनाओं को स्वी.ति दी गई है। गंगा की सहायक नदियों के किनारे बसे 10 शहरों में भी आईएंडडी (इंटरसेप्शन एंड डायवर्जन) एवं एसटीपी बनाने के लिए 945.45 करोड़ रूपये की स्वी.ति दी गई है। इस राशि से दाउदनगर, मोतिहारी, जमुई, सुपौल, रामनगर, नरकटियागंज, लखीसराय एवं रक्सौल में आईएंडडी एवं एसटीपी का निर्माण कार्य कराया जाना है। पटना शहर के अलावा बख्तियारपुर, फतुहा, कहलगांव, बड़हिया एवं भागलपुर आईएंडडी एवं एसटीपी तथा बेगूसराय एवं हाजीपुर सीवरेज नेटवर्क का काम प्रगति पर है। इनमें से बख्तियारपुर, बेगूसराय एवं फतुहा का निर्माण कार्य अगले महीने तक पूरा होने की संभावना है। नगर विकास एवं आवास विभाग के मंत्री नितिन नवीन ने कहा कि सरकार का पूरा प्रयास है कि ये सभी योजनाएं ससमय पूरी हो जाएं, ताकि गंगा नदी को स्वच्छ बनाने के सरकार के संकल्प को हम जल्द-से-जल्द पूरा कर सकें। गंगा नदी को प्रदूषण मुक्त करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है और हम इसके लिए अनवरत काम कर रहे हैं। नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह ने कहा कि दाउदनगर, मोतिहारी, सुपौल एवं जमुई की परियोजनाओं के लिए निविदा स्वीकृत हो चुकी है, एवं अन्य शहरों में एसटीपी एवं सीवरेज नेटवर्क के लिए निविदा प्रक्रियाधीन है।

## संक्षिप्त समाचार

### राज्य स्तरीय युवा उत्सव में गया के 17 प्रतिभागी होंगे शामिल

**गया**। सूबे के लखीसराय में 16 नवंबर को राज्य स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन होगा। इस उत्सव में गया के करीब 17 प्रतिभागी शामिल होंगे। इसकी जानकारी जिला खेल पदाधिकारी नरेश कुमार चौहान ने दी। श्री चौहान ने बताया कि शास्त्रीय नृत्य विधा में खुशी कुमारी, शास्त्रीय गायन में जगजीत रौशन, लोक गीत एकल में तृप्ति भारद्वाज, लोक गीत समूह में रिया कुमारी, समूह लोक नृत्य में गौतम कुमार, एकल लोक नृत्य में मुस्कान कुमारी, चित्रकला में सतमन कुमार, हस्तशिल्प में विकास कुमार, मूर्तिकला में गौरव कुमार, फोटोग्राफी में विकास कुमार, हारमोनियम में चांदनी कुमारी, कविता लेखन में अतुल राय, कहानी लेखन में रुपा सिंह, एकांकी नाटक समूह में आयुष कुमार, शास्त्रीय वादन तबला में गोविंद जी पाण्डेय, विज्ञान मेला में शिशिर कुमार प्रशांत का चयन किया गया है। सभी प्रतिभागी राज्य स्तरीय युवा उत्सव में 16 नवंबर को अपने कला का प्रदर्शन करेंगे।

### मौलाना अबुल कलाम आजाद की मनाई गई 136वीं जयंती

**गया**। महान स्वतंत्रता सेनानी, कवि, लेखक, पत्रकार व देश के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद की 136 वीं जयंती इंदिरा गांधी प्रतिमा स्थल प्रांगण में कांग्रेस के बैनर तले नेताओं ने मनाई गई। शुरुआत मौलाना अबुल कलाम आजाद के चित्र पर माल्यार्पण कर हुआ। अध्यक्षता गया जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ गगन कुमार मिश्रा तथा संचालन युवा कांग्रेस अध्यक्ष विशाल कुमार ने किया। मौके पर प्रदेश प्रतिनिधि सह प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिट्ठू, पूर्व विधायक मोहम्मद खान अली, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष बाबूलाल प्रसाद सिंह, राम प्रमोद सिंह, दामोदर गोस्वामी, श्रीकांत शर्मा, राम प्रवेश सिंह प्रद्युम्न दुबे, शिव कुमार चौरसिया, विपिन बिहारी सिन्हा, कुंदन कुमार, उदय शंकर पालित, अमित कुमार सिंह उर्फ रिंकू सिंह, रंजीत कुमार सिंह आदि मौजूद थे।

### इंटर का सेंटअप एग्जाम शुरू, 80 हजार छात्र-छात्राएं होंगे शामिल

**गया**। जिला समेत पूरे बिहार में सोमवार को इंटरमीडिएट का सेंटअप एग्जाम शुरू हुआ। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति इसका आयोजन कर रहा है। गया जिले में करीब 80 हजार विद्यार्थी इस परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। दो पालियों में आयोजित परीक्षा के पहले दिन अधिकांश विद्यालयों में 90-95 फीसदी उपस्थिति रही। पहला दिन साइंस, कॉमर्स व आर्ट्स संकाय के तहत फिजिक्स, फिलॉस्फी, आंत्रप्रेन्योरशिप, फाउंडेशन कोर्स, पॉलिटिकल साइंस, एकाउंटेंसी, केमेस्ट्री व ट्रेड पेपर की परीक्षा हुई। इसमें प्लस टू अनुग्रह कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कॉमर्स में नामांकित एकमात्र छात्रा परीक्षा में शामिल हुई। साइंस में 113 परीक्षार्थी शामिल हुए। हादी हाशमी प्लस टू स्कूल में कुल 248 परीक्षार्थी, गया हाईस्कूल में 138, महावीर इंटर कॉलेज में कुल 755 परीक्षार्थी सेंटअप एग्जाम में शामिल हुए। मंगलवार को गणित, भूगोल, बॉयोलोजी व बिजनेस स्टडीज आदि विषयों की परीक्षा होगी।

### यूपीएचसी में ट्रेनी आईएएस का हुआ लर्निंग विजिट

**गया**। नगर शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (यूपीएचसी) कटारी हिल में सोमवार को ट्रेनी आईएएस का लर्निंग विजिट हुआ। इसमें 24 सदस्य शामिल हुए। यूपीएचसी कटारी हिल के एमओआईसी डॉ. पी के वर्मा ने सभी विज़िटर्स का अंगवस्त्र पहना कर स्वागत किया। विज़िटर्स ने भी डॉ. वर्मा को उपहार दिए। इस दौरान डॉ. वर्मा ने एनयूएचएम कॉन्सेप्ट, यूपीएचसी की कार्य प्रणाली, एमएएस आदि विषयों की विस्तार से जानकारी दी। सभी विज़िटर्स ने इस यूपीएचसी में विजिट करके काफी खुशी व्यक्त की।

### फतेहपुर में भगवान भास्कर की प्रतिमा का विसर्जन

**फतेहपुर**। अंदर बड़ा बाजार बथान और डुमरीचट्टी बाजार में छठ पूजन के लिए स्थापित की गई भगवान भास्कर, मां प्रभा सहित अन्य प्रतिमाओं को सोमवार को गाजे-बाजे के साथ धूमधाम से विसर्जन किया गया। फतेहपुर नगर पंचायत और डुमरीचट्टी पांच दिनों तक स्थापित भगवान भास्कर व मां प्रभा सहित अन्य प्रतिमाओं का विसर्जन जुलूस धूमधाम से निकाला । ढोल-बाजा पर थिरकते व गुलाल उड़ाते हुए श्रद्धालु प्रखंड के अतिप्राचीन व ऐतिहासिक शाहपोखर सरोवर पर बने विसर्जन स्थल पर पहुंचे।

### एमवाई समीकरण की बात करने वाला राजद मुस्लिम प्रत्याशी को हराने में लगा रहा ताकत

**बेलागंज**। जनसुराज के संस्थापक और पार्टी के स्टार प्रचारक प्रशांत किशोर ने बेलागंज के विभिन्न स्थानों पर चुनावी सभा एवं रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद का पैर कब्र में है और एक बाहुबली के बेटे के लिए प्रचार करने बेलागंज आए हैं। वे मुस्लिम समुदाय के रहनुमा होने का दावा करते हैं, लेकिन बेलागंज से एक साधारण मुस्लिम परिवार से आने वाले मो. अमजद की जीत उन्हें स्वीकार नहीं है। राजद और उसके नेता एमवाई समीकरण की बात करते हैं, लेकिन लालू जी और उनके परिवार ने बेलागंज से मुस्लिम उम्मीदवार को हराने के लिए पूरी ताकत लगा दी है। जब उपचुनाव की चारों विधानसभा सीटों पर मुस्लिम और यादव समाज ने तेजस्वी यादव को नकार दिया तो आज लालूजी को उपचुनाव में खुद प्रचार करने आना पड़ रहा है। जबकि इससे पहले उन्होंने लोकसभा में अपनी बेटी के लिए प्रचार किया था। इस दौरान प्रशांत किशोर बेलागंज के श्रीपुर, बेलाडीह, बेलहाड़ी आदि स्थानों पर चुनावी सभा और विभिन्न मार्गों पर रोड शो भी किया।

### भारतीय रेल से होती है देश में सबसे सस्ता सफर और माल ढुलाई : मंत्री

**गया**। बोधगया के एक होटल में सोमवार को पूर्व मध्य रेल द्वारा आयोजित ऑल इंडिया स्टेशन मास्टर्स एसोसिएशन 51 सीबीजीएम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें गया के सांसद सह केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी और बिहार भाजपा के वरीय नेता बिहार सरकार के सहकारिता सह पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग मंत्री डॉ. प्रेम कुमार शामिल हुए। भारतीय रेल के विकास के लिए नेताओं ने पीएम मोदी और रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव को धन्यवाद दिया। अपने संबोधन में मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि भारतीय रेलवे का 170 साल पुराना इतिहास है। 16 अप्रैल 1853 को लॉर्ड डलहौजी ने भारत में बोड़ीबंदर (बॉम्बे) से ठाणे के बीच 34 किलोमीटर तक पहली रेल लाइन पर यात्री ट्रेनों के लिए शुरुआत की थी। तब से अब तक भारत में रेल के नेटवर्क का काफी विस्तार हुआ है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद से अब तक में रेल का सबसे बड़ा कायाकल्प पिछले 10 वर्षों में मोदी जी के शासनकाल में हुआ है। 34 किलोमीटर की छोटी लाइन से भाप इंजन से शुरू होकर अब देश के विभिन्न हिस्सों में बड़ी लाइन पर आधुनिक तकनीक से लैस इलेक्ट्रिक इंजन से भारतीय रेल दुर्गत गति से अपने गंतव्यों की ओर लगातार दौड़ रही है। पदाधिकारी, इंजीनियर और कर्मचारियों का अहम योगदान मंत्री डॉ. कुमार ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय रेल के इस विकास में रेलवे के पदाधिकारी, इंजीनियरों और कर्मचारियों का अहम योगदान है। भारतीय रेल आज दुनिया की चौथी सबसे बड़ी रेल लाइन बन चुकी है। साथ ही रेलवे भारतीय यातायात एवं माल ढुलाई का लाइफ लाइन है। वर्तमान में भारत का सबसे बड़ा रेलवे स्टेशन हावड़ा रेलवे स्टेशन है। उन्होंने कहा कि भारतीय रेलवे में 12,147 लोकोमोटिव, 74,003 यात्री कोच और 2,89,185 बैगन हैं1 13,527 ट्रेन प्रतिदिन चलती है, जिसमें लगभग 2 करोड़ से अधिक यात्री प्रतिदिन सफर करते हैं। 7,000 से अधिक रेलवे स्टेशनों का संचालन पदाधिकारी और कर्मचारियों द्वारा कुशलतापूर्वक किया जा रहा है। 70 डिवीजन और 19 जोन में बंटा भारतीय रेल करोड़ों भारतीयों की यात्रा व समान ढुलाई की सेवा दे रहा है। देश में सबसे सस्ता सफर व सबसे सस्ता माल ढुलाई भारतीय रेल से होती है।




# मनरेगा योजना के तहत 797 नए खेल मैदानों का निर्माण

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा जिले में मनरेगा योजना के माध्यम से 797 नए खेल मैदानों का निर्माण किया जाएगा। यह महत्वाकांक्षी परियोजना ग्रामीण क्षेत्रों में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने और युवा प्रतिभाओं को निखारने का एक अभिनव प्रयास है। जिसको लेकर पहले चरण में 135 मैदानों के लिए स्थल का चयन पूरा कर लिया गया है। जानकारी देते हुए मनरेगा डीपीओ प्रवीण कुमार ने बताया कि 87 मैदानों का विकास कार्य पहले ही प्रारंभ हो चुका है। चयनित स्थलों में 14 बृहद खेल मैदान भी शामिल हैं, जिसे मिनी स्टेडियम के रूप में विकसित किया जायेगा। डीडीसी श्रीकांत कुंडलिक खांडेकर ने बताया कि यह परियोजना केवल खेल मैदान बनाने तक सीमित नहीं है। इन मैदानों में बास्केट बॉल और बैडमिंटन कोर्ट, क्रिकेट पिच, और दर्शकों के लिए बैठने की उचित व्यवस्था भी की जाएगी। ब्लॉक-वार प्रगति रिपोर्ट के अनुसार अस्थावां में सर्वाधिक 14 मैदान, इस्लामपुर में 14, एकंगरसराय में 13, और हिलसा में 12 मैदानों का चयन किया गया है। प्रत्येक बड़े मैदान के लिए चार एकड़ भूमि का प्रावधान किया गया है। परियोजना की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए कड़े दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। बेहतर काम करने वाले अधिकारियों को सम्मानित किया जाएगा, जबकि मानकों से समझौता करने वालों पर कड़ी कार्रवाई का प्रावधान है।

**खेल संस्कृति के विकास के लिए महत्वपूर्ण कदमः** इस पहल का सबसे महत्वपूर्ण पहलू इसका बहुआयामी लाभ है। जहां एक ओर युवा खिलाड़ियों को प्रशिक्षण की बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। वहीं, पुलिस और सेना भर्ती की तैयारी करने वाले युवाओं को भी इसका लाभ मिलेगा। बुजुर्गों के लिए सुबह की सैर का एक सुरक्षित स्थान भी उपलब्ध होगा। यह परियोजना नालंदा जिले में खेल संस्कृति के विकास का एक नया अध्याय लिखने की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है। जो आने वाले समय में जिले से राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों के उदय का मार्ग प्रशस्त करेगी।

❒ नालंदा के गांव-गांव में खिलेगी खेल प्रतिभाएं, संस्कृति को बढ़ावा देने का प्रयास

# नालंदा में टॉप-10 अपराधी गिरफ्तार

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। नूरसराय थाना पुलिस ने टॉप-10 सूची में शामिल एक कुख्यात अपराधी को गिरफ्तार किया है। दरोगा महतो को सोमवार की रात को नूरसराय थाना क्षेत्र के ग्राम अजयपुर से गिरफ्तार किया गया। सदर DSP-2 संजय कुमार जायसवाल ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी दरोगा महतो जो कुंडी गांव, थाना नूरसराय का निवासी है, पिछले डेढ़ साल से फरार चल रहा था। उसे थाना क्षेत्र के अजयपुर गांव के पास से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के खिलाफ थाना कांड संख्या 301/23 के तहत धारा 341, 323, 307, 504, 506, 34 भादवि एवं परिवर्तित धारा 302/34 भादवि के साथ-साथ एससी/एसटी एक्ट की धारा 3(1)(r)(s)/3(2)(va) के तहत मामला दर्ज है। नूरसराय थानाध्यक्ष रजनीश कुमार के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने यह कार्रवाई की। टीम में अपर थानाध्यक्ष राजेश ठाकुर, सिपाही राकेश कुमार और चौकीदार अनिल पासवान शामिल थे।डीएसपी ने बताया कि आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस लगातार अभियान चला रही है। यह गिरफ्तारी स्थानीय पुलिस के लिए एक बड़ी सफलता मानी जा रही है, क्योंकि आरोपी लंबे समय से कानून की गिरफ्त से बाहर था। पुलिस के अनुसार, इस गिरफ्तारी से क्षेत्र में अपराध नियंत्रण में मदद मिलेगी।

## गया में राजद पंचायत अध्यक्ष रुपए बांटते धराया, 2 सौ रुपए के 20 लिफाफे जब्त



निज संवाददाता। गया

गया में सोमवार रात राजद के पंचायत अध्यक्ष गोविंद यादव वोटरों को लुभाने के लिए पैसे बांट रहे थे। ग्रामीणों को गोविंद की हरकतें संदिग्ध लगी, जिसके बाद उसे घेर लिया। ग्रामीणों ने पंचायत अध्यक्ष को पकड़ लिया और सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने उसे हिरासत में लिया। उसके पास से 2 सौ रुपए के 20 लिफाफे जब्त किए गए। जो संभवतः वोट खरीदने के उद्धेश्य से बांटे जा रहे थे। मामला बेलागंज विधानसभा क्षेत्र के कोयरी बिगहा गांव की है। बेलागंज थाना अध्यक्ष, प्रशिक्षु डीएसपी सदानंद कुमार ने कहा कि आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। उसके खिलाफ केस दर्ज किया जा रहा है। मामले की जांच की जा रही है। कितने लोगों को पैसे दिए हैं, इसकी जानकारी जुटाई जा रही है।

**एसएसपी खुद मौके पर मौजूद थेः** बेलगंज क्षेत्र में उस समय खुद एसएसपी आशीष भारती भी मौजूद थे। जो इलाके में कानून व्यवस्था की जांच के लिए पहुंचे थे। पुलिस का कहना है कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है। देखा जाएगा कि पैसे बांटने के पीछे किसका निर्देश था और इससे संबंधित कौन-कौन लोग शामिल हैं। ग्रामीणों के अनुसार, इस तरह की गतिविधियां रात करीब 3 बजे कोयरी बिगहा के मुसहर टोली में भी देखी गई। बेलागंज थाना अध्यक्ष औप प्रशिक्षु डीएसपी सदानंद कुमार ने कहा कि आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। उसके खिलाफ केस दर्ज किया जा रहा है। मामले की जांच की जा रही है। कितने लोगों को पैसे दिए हैं, इसकी जानकारी जुटाई जा रही है।

## 3.66 लाख वरिष्ठ नागरिकों को मिलेगा आयुष्मान कार्ड

**नालंदा**। नालंदा जिले में 3 लाख 66 हजार 143 वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान वय वंदन कार्ड से जोड़ने की योजना को मूर्त रूप दिया जा रहा है। इस योजना के तहत 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी नागरिकों को प्रति वर्ष 5 लाख रुपए तक का निःशुल्क इलाज और ऑपरेशन की सुविधा प्राप्त होगी। जिले में आयुष्मान योजना से लाभान्वित होने वालों की कुल संख्या बढ़कर 26 लाख 27 हजार 310 हो जाएगी, जो जिले की कुल आबादी का 80 प्रतिशत है।" विशेष महत्व की बात यह है कि इस योजना में कोई आय सीमा या अन्य प्रतिबंध नहीं है। केवल 70 वर्ष की आयु पूरी करने वाला कोई भी व्यक्ति इस योजना का लाभ उठा सकता है। यहां तक कि निजी स्वास्थ्य बीमा धारक भी इस योजना के लिए पात्र हैं। कार्ड बनवाने की प्रक्रिया को सरल बनाया गया है। नागरिक अपने नजदीकी वसुधा केंद्र पर आधार कार्ड और मोबाइल नंबर के साथ जाकर कार्ड बनवा सकते हैं। योजना की एक अन्य महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि कार्डधारी देश के किसी भी सरकारी या निजी अस्पताल में अपना इलाज करवा सकते हैं। जिन लोगों के पास पहले से आयुष्मान कार्ड है और अब उनकी आयु 70 वर्ष से अधिक हो गई है, उन्हें अतिरिक्त पांच लाख रुपए तक की चिकित्सा सुविधा का लाभ मिलेगा।

## कुलगुरु महर्षि मोदनसेन की प्रतिमा का अनावरण

**गया**। गया शहर के धर्मसभा भवन में सोमवार को कान्यकुब्ज हलवाई महासभा के बैनर तले समाज के कुल गुरू महर्षि मोदनसेन जी की जयंती मनी। शुरुआत एक भव्य शोभा यात्रा से की गई। शोभा यात्रा टेकारी रोड स्थित हलवाई धर्मशाला से निकल कर कोतवाली, जीबी रोड, पीर मंसूर होते हुए धर्मसभा भवन पहुंचा। यहां महर्षि मोदनसेन जी की प्रतिमा का अनावरण किया गया। इस बीच अतिथियों के साथ समाज के अन्य लोगों ने महर्षि की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। बता दें कि प्रतिमा का अनावरण मुख्य अतिथि के रूप में आए सूबे के सहकारिता सह पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग मंत्री डॉ. प्रेम कुमार व जिला परिषद् की अध्यक्ष नैना कुमारी ने संयुक्त रूप से किया।

### चाइना ने 5 गोल मारे, मलेशिया को 0 पर सिमटाया

**नालंदा** । नालंदा में अंतर्राष्ट्रीय महिला एशियाई हॉकी चैंपियन ट्रॉफी का आज(मंगलवार) दूसरा दिन है। चैंपियंस के दूसरे दिन का आखिरी मुकाबला इंडिया और कोरिया के बीच खेला जाएगा। पहले दिन के मैच में जापान और दक्षिण कोरिया की टीम बराबरी पर रही, वहीं चीन और भारत ने अपने-अपने मुकाबले जीत लिए हैं। आज का पहला मैच थाईलैंड और जापान के बीच हुआ। 1-1 की बराबरी पर खत्म जापान और थाईलैंड के बीच दूसरा मुकाबला खत्म हुआ। दोनों ही टीम ने एक-एक गोल किए। दूसरा मुकाबला मलेशिया और चाइना के बीच खेला गया। इसमें चाइना ने जीत हासिल की। मलेशिया के साथ खेलते हुए चाइना ने 5 गोल दागे, जबकि मलेशिया 0 पर ही सिमट कर रह गई।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य परियोजना प्रबंधक/गतिशक्ति, दानापुर निम्नलिखित कार्यों के लिए मान्यता प्राप्त अनुभवी एवं वित्तीय रूप से सक्षम ठेकेदारों से एवं रेल, सिंचाई, सी.पी.डबलु.डी, एम.ई.एस. अथवा अन्य लोक उपक्रम में रजिस्टर्ड अथवा कार्यरत ठेकेदारों से ऑन-लाइन (ई-निविदा) आमंत्रित करते है। निविदा सूचना संख्या : गतिशक्ति/ई-टेन्डर/13/ओपन/दानापुर/2024-25. 1. कार्य के नाम, लोकेशन के साथ : सी ए ओ/आर एस पी/ई सी आर कार्यालय के लिए जनरल कंसल्टेंसी (जी सी) की नियुक्ति। 2. अनुमानित निविदा राशि : ₹8,08,71,283.80, 3. बयाना की राशि : ₹5,54,400/-, 4. निविदा कागजात जमा करने की एवं निविदा खुलने की तिथि एवं समय : निविदा ऑन लाइन www.ireps.gov.in पर प्रस्तुत की जानी है। निविदाताओं द्वारा निर्धारित तिथि 05.12.2024 को 12.00 बजे तक निविदा प्रस्तुत कर दिया जाय एवं उसी दिन निविदादाताओं के समक्ष निर्धारित तिथि को 12.00 बजे के बाद निविदा खोली जायेगी। 5. वेबसाईट नाम एवं निविदा संबंधी सूचना : 1. निविदा सूचना पात्रता मान दंड तथा निविदा प्रलेख क्रिस के वेब साईट CRIS website : https://www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है, एवं सूचना की पूर्ण जानकारी के लिये कार्यालय के नोटिस बोर्ड में देखें। उपरोक्त निविदा से संबंधित यदि कोई भी संशोधन/परिवर्तन किया जाता है तो, इसकी सूचना समाचार पत्रों में प्रकाशित नही किया जायेगा बल्कि वेव-साईट पर अपलोड कर दिया जायेगा। 2. विवाद की स्थिति में हिन्दी एवं अंग्रेजी में दी गई सूचना में किसी प्रकार की भिन्नता पाये जाने पर आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल में प्रकाशित सूचना मान्य होगा। 3. संषोधनों के लिए वेब साइट देखने और तदनुसार अपनी निविदा प्रस्तुत करने के लिए निविदाकारों की जिम्मेदारी है।

वरीय मंडल अभियंता (गतिशक्ति)/ पूमरे/दानापुर

पीआर/01491/डीएनआर/अभि./टी/24-25/52

**पूर्व रेलवे**

**जीएमयू के अधीन आसनसोल रेलवे स्टेशन के 'ए' श्रेणी स्टेशनों में मोड्यूलर कैटरिंग स्टॉल के जरिए खानपान सेवाओं के प्रावधान के लिए निविदा आमंत्रण सूचना (एनआईटी), दिनांक: 01.11.2024।** मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), आसनसोल मंडल, पूर्व रेलवे, आसनसोल स्टेशन रोड, पिन-713301 द्वारा नीचे उल्लेखित 'ए' श्रेणी स्टेशनों में 5 वर्षों की अवधि के लिए जनरल माइनर यूनिट के अंतर्गत आसनसोल रेलवे स्टेशन में मोड्यूलर कैटरिंग स्टॉल के माध्यम से खानपान सेवाओं के प्रावधान के लिए खाद्य एवं खानपान सेवा प्रदाताओं से प्रतिस्पर्धात्मक, एकल चरण, दो पैकेट प्रणाली में ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं : **क्रमांक 1, यूनिट नं.: एएसएन-पीएफ-5-6-01, स्थान:** बीवरेज लाउंज तथा बैठने की बेंच नं. 194-197 के बीच। **क्रमांक 2, यूनिट नं.: एएसएन-पीएफ-3-4-01, स्थान:** बैठने की बेंच नं. 123-126 के निकट। **आरक्षित मूल्य प्रति वर्ष:** रु. 9,31,105 (क्रमांक 1 के लिए) तथा रु. 7,16,926 (क्रमांक 2 के लिए)। **बयाना राशि :** रु. 96,900 (क्रमांक 1 के लिए) तथा रु. 74,600 (क्रमांक 2 के लिए)। **निविदा प्रपत्र की कीमत:** रु. 3,360 प्रत्येक के लिए। **बोली दस्तावेज:** निविदा दस्तावेज आईआरईपीएस पोर्टल www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है तथा प्रस्ताव जमा करने के लिए उसे डाउनलोड / अवलोकन किया जा सकता है। बोलीदाता द्वारा एनआईटी में यथा उल्लेखित निविदा दस्तावेज की कीमत आईआरईपीएस पोर्टल www.ireps.gov.in पर ऑनलाइन जमा करना होगा। **बोली दस्तावेज जमा:** बोली दस्तावेज की कीमत के एवज में ई-भुगतान रसीद के साथ बोलियां आईआरईपीएस पोर्टल www.ireps.gov.in पर ऑनलाइन जमा की जानी चाहिए, अन्यथा प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। **बयाना राशि :** बोली के साथ निविदा सूचना में यथा उल्लेखित बयाना राशि संलग्न होनी चाहिए। बोलीदाता द्वारा एनआईटी में यथा उल्लेखित बयाना राशि आईआरईपीएस पोर्टल www.ireps.gov.in पर ऑनलाइन जमा करनी होगी। **बोलियों की प्राप्ति :** बोलीदाता को अपनी बोली एनआईटी में यथा उल्लेखित तारीख को अपराह्न 3.00 बजे तक आईआरईपीएस पोर्टल www.ireps.gov.in पर ऑनलाइन जमा करनी होगी। बोलियां आईआरईपीएस पोर्टल www.ireps.gov.in पर उसी दिन अपराह्न 3.30 बजे खोली जाएगी। रेलवे के पास बिना कोई कारण बताए किसी अथवा सभी बोलियों को स्वीकार/रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है। बोली दस्तावेज में उल्लेखित मूल्यांकन के मानदंड के आधार पर पात्रता के मानदंड को पूरा करने वाले बोलीदाताओं का मूल्यांकन किया जाएगा। इन निविदाओं के तहत मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं तथा इस तरह के प्राप्त किसी भी मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **संचार का पता:** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक का कार्यालय, मंडल रेल प्रबंधक का कार्यालय, पूर्व रेलवे, आसनसोल-713301, जिला-पश्चिम बर्द्धमान (प.बं.), ई-मेल-sdcmerasn@gmail.com।

(ASN-220/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस अथवा अन्य किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत सहित समान प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं अपेक्षित वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं **सीनि. डीईएन/3/हावड़ा। ई-निविदा सं. 248_2024-25, दिनांक 08.11.2024. कार्य का विवरणः** हावड़ा मंडल में विभिन्न आरओबी एवं आरयूबी के स्टील गर्डर का मजबूतीकरण। **अनुमानित लागतः** रु. 1,02,48,186; **बयाना राशिः** रु. 2,01,300। **समापन अवधिः** स्वीकृति पत्र के जारी किए जाने की तारीख से 8 महीने। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** 02.12.2024 को अपराह्न 2.00 बजे। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देती है। हालांकि, ऑनलाइन निविदा अगले कार्यकारी दिवस को खोली जाएगी। निविदाओं का विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। ई-निविदा से संबंधित बयाना राशि जमा (ईएमडी) तथा निविदा दस्तावेज की कीमत का भुगतान सिर्फ ऊपर उल्लेखित वेबसाइट के जरिए नेट बैंकिंग अथवा पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। टिप्पणी : आईआरईपीएस (ई-टेंडर पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में फिक्स्ड डिपॉजिट रिसिप्ट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

(HWH-400/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस अथवा अन्य किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत सहित समान प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं अपेक्षित वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं **सीनि. डीईएन/3/हावड़ा। ई-निविदा सं. 246_2024-25, दिनांक 08.11.2024. कार्य का विवरणः** एसएसई/डब्ल्यू/एनडीएई एवं एईएन/एनडीएई के क्षेत्राधिकार के अधीन एलएचएस 4/1/ई (डीएमएलई-केजेयू), 7/2/ई (एसओएई-बीएचएल), 12/1/ई (डीटीएई-एनडीआईएम) इत्यादि के निकासी नालों का कार्य, पहुंच मार्ग पर शेड, हाइट गेट के निर्माण एवं अन्य आनुषंगिक कार्यों का प्रावधान तथा एईएन/केडब्ल्यूएई के क्षेत्राधिकार में एलएचएस 141 के पहुंच मार्ग पर शेड तथा एक अनुभाग में आरयूबी में निकासी नालों तथा सड़क सतह का कार्य। **अनुमानित लागतः** रु. 4,10,43,061.46; **बयाना राशिः** रु. 3,55,200। **समापन अवधिः** स्वीकृति पत्र के जारी किए जाने की तारीख से 8 महीने। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** 02.12.2024 को अपराह्न 2.00 बजे। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देती है। हालांकि, ऑनलाइन निविदा अगले कार्यकारी दिवस को खोली जाएगी। निविदा का विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। ई-निविदा से संबंधित बयाना राशि जमा (ईएमडी) तथा निविदा दस्तावेज की कीमत का भुगतान सिर्फ ऊपर उल्लेखित वेबसाइट के जरिए नेट बैंकिंग अथवा पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। टिप्पणी : आईआरईपीएस (ई-टेंडर पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में फिक्स्ड डिपॉजिट रिसिप्ट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

(HWH-398/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं. एसडीएसटीई-ईटीएन-सीसीटीवी-गुड्स-पीएच-1, दिनांक 08.11.2024;** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा निविदा सं. एसडीएसटीई-ईटीएन-सीसीटीवी-गुड्स-पीएच-1 के तहत एकल पैकेट प्रणाली में खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **बंद होने की तारीख 29.11.2024 को अपराह्न 3.00 बजे।** बोलीदातागण सिर्फ बंद होने की तारीख एवं समय तक अपनी मूल/संशोधित बोलियां जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है तथा ऐसे प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नामः** अनुसूची-एः सीनि. डीईएन (1)/हावड़ा के अधीन बाली गुड्स शेड का उन्नयन एवं आधुनिकीकरण। अनुसूची-बीः सीनि. डीईएन (1)/हावड़ा के अधीन श्रीरामपुर गुड्स शेड का उन्नयन एवं आधुनिकीकरण। अनुसूची-सीः सीनि. डीईएन (1)/हावड़ा के अधीन भद्रेश्वर गुड्स शेड का उन्नयन एवं आधुनिकीकरण। अनुसूची-डीः सीनि. डीईएन (1)/हावड़ा के अधीन बैण्डेल गुड्स शेड का उन्नयन एवं आधुनिकीकरण। अनुसूची-ईः सीनि. डीईएन (1)/हावड़ा के अधीन मगरा गुड्स शेड का उन्नयन एवं आधुनिकीकरण। अनुसूची-एफः सीनि. डीईएन (1)/हावड़ा के अधीन तारकेश्वर गुड्स शेड का उन्नयन एवं आधुनिकीकरण। **विज्ञापित मूल्यः** रु. 9,62,86,625.13; **बयाना राशिः** रु. 6,31,400; **निविदा दस्तावेज की कीमतः** रु. 0; **निविदा अपलोडिंग की तारीख/समयः** 08.11.2024 को अपराह्न 05.59 बजे। **प्रस्ताव की वैधताः** 60 दिन। **समापन अवधिः** 12 महीने। **बोली शुरू होने की तारीखः** 15.11.2024; **बोली लगाने की शैलीः** प्रत्येक अनुसूचित मद के लिए एकल दर। **संविदा का प्रकारः** वर्क्स। **संविदा की श्रेणीः** व्यय। **बोलियों के लिए रैंकिंग क्रमः** न्यूनतम से उच्चतम। **व्यय का प्रकारः** कैपिटल (वर्क्स)। **आईपीएएस एकाउंटिंग यूनिटः** 0202 पूर्व-रेलवे-एचडब्ल्यूएच-पूर्व रेलवे।

(HWH-406/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस अथवा अन्य किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत सहित समान प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं अपेक्षित वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं **सीनि. डीईएन/1/हावड़ा। क्रमांक 1, एनआईटी सं. 243_2024-25, दिनांक 08.11.2024. कार्य का विवरणः** एसएसई/डब्ल्यू/बीडीसी के अनुभाग में बैण्डेल में एईएन बंगलो/क्वार्टर का निर्माण तथा एईएन/बीडीसी के अनुभाग में एलएचएस के ड्रेनेज एवं सड़क सतह का सुधार। **अनुमानित लागतः** रु. 2,21,85,663.83; **बयाना राशिः** रु. 2,60,900। **क्रमांक 2, एनआईटी सं. 244_2024-25, दिनांक 08.11.2024. कार्य का विवरणः** एसएसई/पी.वे/बीडीसी के अधीन बीडीसी-एमयूजी स्टेशन यार्ड सहित बीडीसी-एमयूजी के बीच अप एम/एल (नव निर्मित) तथा बीडीसी-एनएच शाखा लाइन के शेष कार्य के साथ अन्य आनुषंगिक कार्य तथा एमयूजी-केएचएन के बीच किमी. 45/9-11 से किमी. 54/9-11 (8.94 किमी) तक तृतीय लाइन को सौंपने तथा ग्रहण करने के संबंध में शेष कार्य (कार्य हिस्सा)। **अनुमानित लागतः** रु. 4,99,30,202.65; **बयाना राशिः** रु. 3,99,700। **क्रमांक 3, एनआईटी सं. 245_2024-25, दिनांक 08.11.2024. कार्य का विवरणः** (i) एडीईएन/बीडीसी के अधीन बीडीसी-एमयूजी स्टेशन यार्ड सहित बीडीसी-एमयूजी के बीच अप एम/एल (नव निर्मित) तथा बीडीसी-एनएच शाखा लाइन के शेष कार्य के साथ अन्य आनुषंगिक कार्य तथा (ii) एमयूजी-केएचएन के बीच किमी. 45/9-11 से किमी. 54/9-11 (8.94 किमी) तक तृतीय लाइन को सौंपने तथा ग्रहण करने के संबंध में शेष कार्य (पी.वे हिस्सा)। **अनुमानित लागतः** रु. 2,11,68,993.68; **बयाना राशिः** रु. 2,55,900। **समापन अवधिः** प्रत्येक के लिए 12 महीने। **निविदा प्रपत्र की कीमतः** प्रत्येक के लिए शून्य। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** 27.11.2024 को अपराह्न 2.00 बजे। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देती है। हालांकि, ऑनलाइन निविदा अगले कार्यकारी दिवस को खोली जाएगी। निविदाओं का विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। ई-निविदा से संबंधित बयाना राशि जमा (ईएमडी) तथा निविदा दस्तावेज की कीमत (टीडीएस) का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग अथवा पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

(HWH-397/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## न्यूज बाइट्स

### बाइक सवार एक युवक की मौत

**नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)**। थाना क्षेत्र के नारदीगंज खराटं सड़क मार्ग में बालू लदा ट्रैक्टर व बाइक में टक्कर हो गई। इस घटना में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। वही उस बाइक पर सवार एक युवक आंशिक रूप से जख्मी हो गया। मृतक की पहचान जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के केना सराय निवासी अम्बिका पासवान का 25 वर्षीय पुत्र नीतीश पासवान के रूप में किया गया है। घटना मंगलवार को तकरीबन साढ़े दस बजे के आसपास बताया गया है। यह घटना कुझा गांव के समीप पेट्रोल पंप के समीप घटी। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रैक्टर चालक को गिरफ्तार कर कानूनी प्रक्रिया के बाद शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल नवादा भेज दिया, वही दुर्घटना ग्रस्त दोनों वाहन को पुलिस ने जब्त कर कर लिया। बताया जाता है कि केना सराय निवासी निवासी नीतीश पासवान और एक युवक बाइक से अपने गांव से नारदीगंज बाजार की ओर आ रहे थे, तभी विपरीत दिशा से आ रही बालू लदा ट्रैक्टर ने बाइक सवार को टक्कर मार दिया, फलतः दोनों सड़क पर गिर गए। घटना की खबर पाते ही आसपास के लोग दौड़ पड़े, नीतीश का गंभीर हालत देखकर और तत्काल पुलिस को सूचना दी। उसके बाद आनन फानन में इलाज के लिए सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां कार्यरत चिकित्सक ने जांचोपरांत नीतीश को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही स्वजन व शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ पड़ी। थानाध्यक्ष राजगृह प्रसाद ने कहा शव को कानूनी प्रक्रिया के बाद जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वही ट्रैक्टर चालक को गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा दुर्घटना ग्रस्त दोनों वाहन जब्त किया गया है।

### सड़क दुर्घटना में तीन जख्मी

**नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)**। थानाक्षेत्र के नारदीगंज बाईपास में मसौढा मोड़ के पास सड़क दुर्घटना में तीन युवक जख्मी हो गया। घटना मंगलवार की सुबह 9 बजे के आस पास हुई। दुर्घटना होते देख आस पास के लोगों ने 112 पर डायल कर पुलिस को सूचना दिया। जानकारी मिलते ही 112 की गाड़ी दुर्घटना स्थल पर पहुंची और जख्मियों को उपचार के लिए सीएचसी नारदीगंज में दाखिल करवाया। तीनों जख्मी गया जिले के अतरी थानाक्षेत्र के सूखे बिगहा गांव का निवासी बताया जाता है। इस दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया जबकि तीसरा युवक आंशिक रूप से जख्मी है। आंशिक रूप से जख्मी युवक सूखे बिगहा निवासी गोरेलाल राजवंशी के 20 वर्षीय पुत्र दारा राजवंशी ने बताया कि हम तीनों साथी बस्ती बिगहा से अपना घर सूखे बिगहा जा रहे थे। मोटरसाइकिल हमारा साथी सूखे बिगहा निवासी मुन्नीलाल राजवंशी के 18 वर्षीय पुत्र नीतीश कुमार चला रहा था। बीच में उसी गांव के लाला राजवंशी के पुत्र 20 वर्षीय कमलेश राजवंशी बैठा था। हमलोग जैसे ही नारदीगंज थानाक्षेत्र के मसौढा मोड़ के पास बाईपास क्रॉसिंग पर पहुंचे मोटरसकिल एक ट्रैकर से टकरा गया। टक्कर होते ही मोटरसाइकिल के साथ हम तीनों गिर गए। आस-पास के लोगों ने हमलोगों को उठाया। उसके बाद पुलिस हमलोगों को लेकर हॉस्पिटल पहुंचाया। जहां ड्यूटी में रहे डॉ0 इरशाद हसन ने तीनों का प्राथमिक उपचार किया। गंभीर रूप से जख्मी कमलेश राजवंशी और नीतीश कुमार को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल नवादा रेफर कर दिया, जबकि आंशिक रूप से जख्मी दारा राजवंशी को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया।

### आंगनबाड़ी सेविका का निधन

**नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)**। थाना क्षेत्र के पंडपा निवासी आंगनबाड़ी सेविका इंदु बाला का निधन की खबर मिलते ही स्वजन व शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ पड़ी। मृतका पंडपा गांव स्थित कोड संख्या 68 में सेविका के पद पर कार्यरत थी। सीडीपीओ मंजू कुमारी, प्रखंड समन्वयक सुमन कुमार आर्य, सेविका रूबी कुमारी, निभा कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, कुमारी पूजा, नीलम कुमारी, शोभा कुमारी समेत अन्य ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि इनका निधन होने से समाज व परिवारों को अपूर्णीय क्षति पहुंची है।

### 110 उम्मीदवारों ने किया नामांकन



**कौआकोल (नवादा) (नि.सं.)**। पैक्स चुनाव के पहले चरण के तहत कौआकोल प्रखण्ड में जारी नामांकन के दूसरे दिन अध्यक्ष पद के 21 उम्मीदवारों समेत कार्यकारिणी सदस्य के 89 उम्मीदवारों ने अपना अपना पर्चा सहायक निर्वाची पदाधिकारी के समक्ष दाखिल किया। बीडीओ सह प्रखण्ड निर्वाची पदाधिकारी डॉ. अखिलेश कुमार ने बताया कि नामांकन के दूसरे दिन 89 उम्मीदवारों द्वारा नामांकन दाखिल किया गया। नामांकन को लेकर प्रशासनिक व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। वहीं नामांकन के बीच नवादा के नवपदस्थापित डीएम रवि प्रकाश ने कौआकोल प्रखण्ड पहुँचकर औचक निरीक्षण किया एवं अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। दूसरे दिन नामांकन कराने वाले प्रमुख प्रत्याशियों में दरावां से निवर्तमान पैक्स अध्यक्ष रजनीश कुमार, मंझिला से नरेंद्र कुमार, नावाडीह से अभय कुमार, कौआकोल से सुनील कुमार, पहाड़पुर से कांति देवी आदि शामिल हैं।

### चौकीदार की मृत्यु पर शोक

**रजौली (नवादा) (नि.सं.)**। थाना क्षेत्र के टकुआटांड़ पंचायत के सती स्थान निवासी चौकीदार किसन देव यादव की मौत मंगलवार की सुबह हो गई। चौकीदार के मौत की सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार, अपर थानाध्यक्ष सह एसआई अजय कुमार एवं मुंशी प्रकाश कुमार समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी दिवंगत चौकीदार के घर आकर उनके परिजनों से मिल सांत्वना दिया। वहीं चौकीदार पुत्र नवीन कुमार ने बताया कि उनके पिता विगत दिनों से बीमार चल रहे थे, जिनका इलाज चल रहा था। मंगलवार को दिवंगत चौकीदार के पार्थिव शरीर को घर से धनार्जय नदी घाट पर लेजाकर अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान दफेदार दयानंद पासवान व बृजनंदन गिरी, चौकीदार मिथलेश कुमार, मनोज कुमार पण्डित, अजय कुमार, जितेंद्र कुमार, मुनिरक यादव एवं श्याम बिहारी यादव के अलावे दर्जनों पुलिस बल एवं परिजन मौजूद रहे।

### आरसीपी सिंह ने बनाई नई पार्टी

**पटना (नि.सं.)**। पूर्व केंद्रीय मंत्री आरसीपी सिंह ने नई पार्टी 'आसा' के गठन की घोषणा की है और साथ ही नव नियुक्त प्रदेश कमिटी के पदाधिकारियों की सूची भी जारी की। उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि 'आसा' देश की सबसे प्रभावशाली और लोककल्याणकारी पार्टी बनेगी, जो आम जनता की आवाज़ बनेगी। इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पार्टी की संरचना को सशक्त बनाने, समाज की भलाई के लिए कार्य करने और पार्टी की नीतियों को मजबूत करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। नवीनतम नियुक्तियों में देशभर के विभिन्न क्षेत्रों से वरिष्ठ नेताओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं को पदभार सौंपा गया है ताकि पार्टी के उद्देश्य और मिशन को समर्पण के साथ आगे बढ़ाया जा सके। बिहार प्रदेश अध्यक्ष के रूप में प्रीतम सिंह को नियुक्त किया गया है, जो मुंगेर जिले के बेकापुर निवासी हैं। इसके अलावा, उपाध्यक्षों के रूप में पंचम श्रीवास्तव, डॉ. विपिन कुमार यादव, शिवशंकर चौधरी, लव किशोर निषाद, प्रवीण चंद्रवंशी, राम मोहन झा, उपेन्द्र कुमार विभूति, और सरफराज अहमद राईन को नियुक्त किया गया है। महासचिव के पद पर डॉ. ललिता कुमारी, प्रसनजीत कुमार सिंह, यासमीन नेज़ाम और डॉ. तारा श्वेता समेत अन्य प्रमुख नेताओं को स्थान दिया गया है। इसके साथ ही, प्रदेश के विभिन्न जिलों के कार्यकर्ताओं और पुराने सहयोगियों को भी प्राथमिकता दी गई है। आरसीपी सिंह ने कहा कि इन नियुक्तियों से पार्टी की कार्यशक्ति को और तेज़ी मिलेगी, और आने वाले चुनावों में पार्टी की स्थिति और मजबूत होगी।

# साइबर पुलिस को मिली बड़ी सफलता 16 साइबर अपराधी गिरफ्तार

निज संवाददाता | नवादा




जिले में साइबर पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। मंगलवार को नवादा पुलिस कप्तान अभिनव धीमान ने एसपी कार्यालय में प्रेस वार्ता आयोजित कर इस सफलता की जानकारी दी। पुलिस कप्तान ने बताया कि साइबर अपराधियों के खिलाफ चलाए गए विशेष अभियान में पुलिस ने 16 अपराधियों को गिरफ्तार किया है, जो ऑनलाइन ठगी और साइबर क्राइम में शामिल थे। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के पास से विभिन्न साइबर अपराध से संबंधित महत्वपूर्ण उपकरण, दस्तावेज और सिम कार्ड बरामद किए गए हैं। पुलिस कप्तान ने बताया कि इस अभियान की अगुवाई साइबर डीएसपी प्रिया ज्योति ने की, और उन्होंने वारसलीगंज थाना क्षेत्र में विशेष छापेमारी की योजना बनाई। पुलिस ने एक बगीचे से इन शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया, जहां ये लोग ऑनलाइन ठगी का काम कर रहे थे। इन अपराधियों के खिलाफ यह कार्रवाई पुलिस की साइबर सुरक्षा टीम द्वारा की गई, जिन्होंने गहरी छानबीन के बाद इन अपराधियों तक पहुंच बनाई। इस गिरोह के सदस्य मुख्य रूप से लोगों को झांसा देने के लिए विभिन्न कंपनियों का नाम लेकर फोन करते थे। वे सस्ते लोन, फाइनेंस और अन्य सेवाओं का प्रलोभन देते थे और लोग इनकी बातों में आकर धोखा खा जाते थे। ठगी के इस बड़े नेटवर्क में शामिल आरोपी न केवल राज्य स्तर पर बल्कि अन्य राज्यों से भी लोगों से ठगी कर रहे थे। पुलिस ने बताया कि इन अपराधियों का मुख्य तरीका था कि वे धोखाधड़ी के लिए प्रतिष्ठित कंपनियों के नामों का इस्तेमाल करते थे, जैसे धनी फाइनेंस और इंडिया बुल्स। इन कंपनियों के नाम से लोगों को लोन का प्रलोभन दिया जाता था और बाद में ठगी की घटनाएं घटित होती थीं। पुलिस ने इन अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कोचगांव क्षेत्र में पहली रेड की थी, जिसमें प्रमुख साइबर अपराधी पकड़े गए थे। इसके बाद पुलिस ने पूरी टीम को इकट्ठा किया और घेराबंदी कर अन्य आरोपी गिरफ्तार किए। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के पास से पुलिस ने कुल 15 एंड्रॉयड मोबाइल, 27 जियो सिम कार्ड, 1 लैपटॉप, 7 डेबिट कार्ड, 17 आधार कार्ड, 3 पैन कार्ड, 1 वोटर कार्ड और 1 बैंक पासबुक बरामद की। यह सभी दस्तावेज और उपकरण इन अपराधियों द्वारा किए गए धोखाधड़ी के सबूत थे, जो उनकी धोखाधड़ी के बड़े नेटवर्क को उजागर करते हैं। गिरफ्तार किए गए अपराधियों की पहचान कोचगांव, खानपुर, सोरहीपुर और सिमरी बीघा गांव के रहने वाले युवाओं के रूप में की गई है। गिरफ्तार आरोपियों में रवि रौशन कुमार, शिवम कुमार, सोनु कुमार उर्फ विराट, अमित कुमार, निवास कुमार और कौशल कुमार शामिल हैं। सभी आरोपी वारसलीगंज थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों के निवासी हैं।

## मारपीट की घटना में दोनों पक्षों से ने कराया प्राथमिकी दर्ज

**नवादा (नि.सं.)**। जिले के थाना क्षेत्र के गुरुचक गांव में मंगलवार को दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना सामने आई। इस घटना में दोनों पक्षों के कई लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए, जिन्हें इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए दोनों पक्षों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, विवाद की शुरुआत उस समय हुई जब कुछ लोग एक लड़के के साथ मारपीट कर रहे थे। यह देख अन्य लोगों ने बीच-बचाव करते हुए उन्हें कहा कि वे इस जगह पर मारपीट न करें। इस बात को लेकर दोनों पक्षों के लोग आपस में उलझ गए और विवाद बढ़ते-बढ़ते मारपीट में बदल गया। मारपीट में दोनों पक्षों से कई लोग घायल हुए हैं और उनका इलाज स्थानीय अस्पताल में किया गया। इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष उमाशंकर सिंह ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि घटना के बाद एक पक्ष की ओर से नवीन कुमार ने प्राथमिकी दर्ज करवाई है, जिसमें 28 लोगों को आरोपित किया गया है।

## उप विकास आयुक्त ने किया वृहद आश्रय स्थल का औचक निरीक्षण



निज संवाददाता | नवादा

उप विकास आयुक्त, नवादा द्वारा वृहद आश्रय स्थल, नवादा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में बच्चों को दी जा रही भोजन की गुणवत्ता/ ससमय बच्चों के स्वास्थ्य जॉच आदि की सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की गयी। साथ हीं आश्रय स्थल की साफ-सफाई /शौचालय आदि की व्यवस्था का जायजा लिया गया। संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि बच्चों के हाइजीन का ध्यान रखा जाए तथा बच्चों के लिए आवश्यक विशेष सामग्रीयों को ससमय उपलब्ध कराया जाए। साथ हीं यह भी सुझाव दिया गया कि बच्चों के लिए वैचवार फिजीकल एक्टीवीटी कराया जाए ताकि बच्चों का शारिरीक विकास हो सके। उप विकास आयुक्त, नवादा द्वारा आश्रय स्थल के बच्चों के साथ नास्ता भी किया गया।

# डीएम ने किया प्रखंड कार्यालय का निरिक्षण

निज संवाददाता | नवादा



जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश के द्वारा क्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम अंतर्गत रोह एवं कौआकोल प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। रोह प्रखंड- सह-अंचल कार्यालय में जिला पदाधिकारी ने सभी कार्यालयों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि रखरखाव ठीक नहीं रहने के कारण भवनों की स्थिति जर्जर बनी हुई थी, इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया कि इस भवनों का ससमय मरम्मती करना सुनिश्चित करेंगे। प्रखंड परिसर में ही प्रखंड विकास पदाधिकारी का आवास चिन्हित है निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रखंड में आवंटित आवास में नहीं रहकर कहीं अन्य जगहों पर आवासन किया जाता है। जिला पदाधिकारी ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को सख्त निर्देश दिया कि वह अपना आवासन प्रखंड परिसर में ही चिन्हित आवास में सुनिश्चित करें। निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि भवन संख्या D1 एवं D2 का प्रवेश द्वार के समीप सीढ़ी टूटा हुआ है।इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि कार्यपालक अभियंता भवन को पत्राचार करते हुए भवन के टूटे हुए भागों को मरम्मती करना सुनिश्चित करेंगे। अंचल कार्यालय के आरटीपीएस काउंटर में कार्यपालक सहायिका रेखा कुमारी उपस्थिति पाई गई, किंतु उपस्थित आवेदकों के द्वारा बताया गया कि आरटीपीएस काउंटर विलंब से खुलने पर काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है एवं विलंब से सेवा मिल पाती है। इस संबंध में अंचलाधिकारी को निर्देश दिया गया की आरटीपीएस से संबंधित प्राप्त आवेदनों का ससमय निष्पादित करना सुनिश्चित करेंगे। आरटीपीएस काउंटर के पास काफी गंदगी होने के कारण जिला पदाधिकारी द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी को निर्देश दिया गया कि परिसर को ससमय साफ सफाई रखना सुनिश्चित करेंगे। निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि प्रखंड आपूर्ति कार्यालय बंद पाया गया, इस संबंध में प्रभारी गोपनीय शाखा को निर्देशित किया गया कि संबंधित प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी/कर्मी का वेतन बन्द करना सुनिश्चित करेंगे। कौआकोल प्रखंड-सह- अंचल कार्यालय का निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि प्रखंड कार्यालय के प्रवेश द्वार पर हीं पैक्स चुनाव 2024 के संबंध में में आई हेल्प यू पर मतदाताओं तथा अभ्यर्थियों को सहायता प्रदान की जा रही थी। उपस्थित अंचलाधिकारी एवं थाना अध्यक्ष को निर्देश दिया गया कि अंचल कौआकोल अंतर्गत भूमि विवाद से ऐसे मामलों की सूची तैयार करना सुनिश्चित करेंगे, जिससे भविष्य में विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होने से पहले निपटाया जा सके। इस अवसर पर प्रभारी गोपनीय शाखा, संबंधित प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, थानाअध्यक्ष के साथ-साथ अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# भीड़ को देखकर तीन काउंटर एवं एक हेल्प डेस्क की व्यवस्था

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)



प्रखण्ड परिसर में पैक्स अध्यक्षों एवं सदस्यों के नामांकन के दूसरे दिन भारी भीड़ देखी गई। वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अपर थानाध्यक्ष सह एसआई अजय कुमार एवं एसआई दशरथ चौधरी के अलावे डीएपी एवं चौकीदार मौजूद रहे। वहीं नामांकन के दूसरे दिन मंगलवार को विभिन्न 16 पंचायतों से कुल 25 पैक्स अध्यक्ष प्रत्याशियों ने नामांकन करवाया एवं 74 सदस्यों ने भी नामांकन करवाया। निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ संजीव झा ने बताया कि पैक्स चुनाव को लेकर पहले दिन मात्र तीन पैक्स अध्यक्ष पद एवं 32 सदस्य पद के लिए नामांकन दर्ज हुआ था। वहीं दूसरे दिन मंगलवार को 16 पंचायतों के नामांकन के लिए तीन काउंटर एवं एक हेल्प डेस्क बनाया गया था। काउंटर संख्या 1 पर सहायक निर्वाची पदाधिकारी सह बीपीआरओ राजन कुमार द्वारा टकुआटांड़, चितरकोली, रजौली पश्चिमी, रजौली पूर्वी, जोगियामारण व लेंगुरा पंचायत का नामांकन किया जा रहा था, काउंटर संख्या 2 पर सहायक निर्वाची पदाधिकारी सह एमओ राजेश कुमार गुप्ता द्वारा सिरोडाबर, फरका बुजुर्ग, अमावां पूर्वी, अमावां पश्चिमी व सवैयाटांड़ पंचायत का नामांकन किया जा रहा था एवं काउंटर संख्या 3 पर सहायक निर्वाची पदाधिकारी सह बीडब्लूओ साजन स्नेही द्वारा मुरहेना, हरदिया, बहादुरपुर, अंधरबारी व धमनी पंचायत का नामांकन किया जा रहा था। वहीं प्रत्याशियों के कागजातों की जांच एवं पूछताछ हेतु हेल्प डेस्क पर रविंद्र कुमार, श्रवण कुमार व मो. इफ्तेखार आलम की प्रतिनियुक्ति की गई थी। निर्वाची पदाधिकारी ने बताया कि दूसरे दिन कुल 99 लोगों का नामांकन हुआ, जिसमें 25 पैक्स अध्यक्ष प्रत्याशी एवं 74 सदस्य प्रत्याशी हैं। साथ ही बताया कि पैक्स अध्यक्ष प्रत्याशियों चुनाव में प्रचार-प्रसार हेतु अधिकतम 20000 रुपये एवं सदस्य प्रत्याशियों को प्रचार-प्रसार हेतु अधिकतम 10000 रुपये खर्च किया जाना सुनिश्चित है। वहीं पैक्स अध्यक्ष पद पर नामांकन करने वाले प्रत्याशियों में अमावां पश्चिमी पंचायत से अशोक कुमार राय, धमनी पंचायत से रामस्वरूप यादव, चितरकोली पंचायत से रविंद्र कुमार उर्फ बब्लू यादव, लेंगुरा पंचायत से पवन सिंह, अंधरबारी पंचायत से राजेश यादव, सिरोडाबर पंचायत से संतोष यादव, नगर पंचायत से डॉ. सुनीता यादव, हरदिया पंचायत से कन्हैया राजवंशी व राजेन्द्र यादव, बहादुरपुर पंचायत से बिक्रम कुमार बिक्की व सुरेंद्र सिंह के अलावे अन्य लोग शामिल रहे। नामांकन दर्ज होने के बाद प्रत्याशियों के समर्थक, जो प्रखण्ड परिसर के बाहर खड़े थे, उनके द्वारा प्रत्याशियों को फूल-माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। साथ ही जमकर नारे लगाये एवं अपने प्रत्याशियों को जीत की अग्रिम बधाई देते दिखाई दिए। इस दौरान बजरंगबली चौक से लेकर डाकबंगला चौराहा तक वाहनों एवं लोगों की लंबी कतार लगी रही। वहीं यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए थाने के पुलिस बल सड़कों पर भ्रमण शील रहे।

## रौशन हत्याकांड में शामिल आरोपितों को पुलिस ने किया गिरफ्तार




निज संवाददाता | नवादा

जिले के काशीचक थाना क्षेत्र के बौरी गांव से सटे कब्रिस्तान के पास एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्या का कारण अंतरजातीय विवाह बताया जा रहा है, जिससे नाराज लड़की का भाई बौरी गांव के निवासी माधव उर्फ मोहित कुमार अपने दो साथियों के साथ मिलकर राहुल कुमार के बड़े भाई रौशन कुमार की गोली मार कर हत्या कर दी थी। बता दें कि चार माह पहले काशीचक थाना क्षेत्र के बौरी गांव के निवासी मृतक रौशन कुमार के छोटे भाई राहुल कुमार ने पड़ोस के ही माधव कुमार की बहन से अंतरजातीय प्रेम विवाह किया था। अंतरजातीय विवाह से नाराज लड़की के भाई माधव कुमार ने अपने 2 साथियों के साथ सरेराह लड़के के बड़े भाई रौशन को सीने में गोलीमार मौत के घाट उतार दिया था। गिरफ्तार अभियुक्त काशीचक थाना क्षेत्र के बौरी गांव के निवासी उदय प्रसाद का पुत्र मोहित कुमार उर्फ माधव कुमार, मोहन रजक का पुत्र संजय रजक और दिनेश रविदास का पुत्र संदीप कुमार बताया जाता है।

## दो बाइकों पर लदे 300 लीटर महुआ शराब जब्त, एक धंधेबाज गिरफ्तार व दो हुआ फरार

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)

अनुमण्डल क्षेत्र के सिरदला थाना अंतर्गत लोदीपुर चक गांव के समीप उत्पाद टीम संख्या के प्रभारी एसआई रूपेश कुमार ने मंगलवार की सुबह 300 लीटर महुआ शराब लदी दो बाइकों को जब्त किया। साथ ही एक शराब धंधेबाज को गिरफ्तार किया गया, जबकि दो शराब धंधेबाज भागने में सफल रहे।उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि बिहार मद्दनिषेध को लेकर उत्पाद बलों के सहयोग से शराब निर्माण,परिवहन, भंडारण, बिक्री एवं सेवन के विरुद्ध लगातार छापेमारी की जा रही है। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि शराब की खेंप को लेकर गुप्त सूचना मिली। गुप्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु उत्पाद बल मंगलवार की अहले सुबह से नाकाबंदी किया गया। इस दौरान सुबह लगभग 7 बजे लोदीपुर चक गांव के समीप से बाइक संख्या बीआर27एम1063 पर सवार एक व्यक्ति को 150 लीटर देशी महुआ शराब के साथ एक सगिरफ्तार किया गया। परनाडाबर थाना क्षेत्र के कुरहा गांव निवासी स्व गणेश प्रसाद के पुत्र रंजन कुमार के रूप में हुई है।

# जेठान एकादशी में जमकर बीके ईख, मंदिरों में धूमधाम से मनाया गया तुलसी विवाह

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)



हिंदू धर्म में जेठान एकादशी का विशेष महत्व होता है, जिसे कार्तिक एकादशी और देवउठनी एकादशी भी कहा जाता है। जेठान को लेकर बजरंगबली चौक से लेकर पुरानी बस स्टैंड, बायपास रोड एवं बीच बाजार में लोगों ने ईख की जमकर खरीदारी की। वहीं ईख बेचने वाले लोगों ने काले ईख की कीमत 50 रुपये रखी थी, जबकि अन्य ईख 30 से 40 रुपये प्रति पीस बेचे गए। पुजारी घनश्याम पाण्डेय ने बताया कि जेठान के दिन भगवान विष्णु चार महीने की निद्रा से जागते हैं, इसलिए इसे देवोत्थान एकादशी भी कहा जाता है। हर साल कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को देवउठनी एकादशी मनाई जाती है। जेठान एकादशी के मौके पर जगत के पालनहार भगवन विष्णु और मां लक्ष्मी की पूजा-अर्चना करने का विधान है। कहा जाता है कि इस दिन उपवास रखने से सभी पापों से छुटकारा मिल जाता है। जेठान एकादशी के दिन व्रत कथा का पाठ जरूर करना चाहिए। इसके बिना पूजा अधूरी मानी जाती है।

# महिला की संदिग्ध हत्या, परिजनों ने जहर देने का लगाया आरोप

निज संवाददाता | नवादा



नेमदारगंज थाना क्षेत्र के परतो करहरी गांव में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। मृतक महिला की पहचान गांव के ही शंकर गिरि की पत्नी शांति देवी के रूप में की गई है। परिजनों ने आरोप लगाया है कि शांति देवी की हत्या मारपीट और जहर खिलाकर की गई है। महिला का शव गांव में ही सड़क किनारे बरामद किया गया। शव मिलने की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। इस बीच, मृतका की भतीजी रुबी भारती ने आरोप लगाया कि गांव के रवि कुमार और पांच अन्य लोगों ने मिलकर शांति देवी की हत्या की है। रुबी ने बताया कि दो साल पहले शांति देवी ने स्वयं सहायता समूह से लोन लेकर डेढ़ लाख रुपये रवि कुमार को कर्ज के रूप में दिए थे। शांति देवी को उस पैसे की जरूरत थी, खासकर उसकी शादी के लिए, लेकिन रवि ने पैसे वापस करने में लगातार टालमटोल की और दो साल का वक्त निकल गया। सोमवार को शांति देवी पैसे वापस लेने के लिए रवि के पास गई थीं। इसी दौरान, पैसे की बात को लेकर रवि और अन्य पांच लोग गुस्से में आ गए और उन्होंने मारपीट करते हुए शांति देवी को जहर दे दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। रुबी ने आरोप लगाया कि इस पूरे विवाद ने ही परिवार में तनाव बढ़ाया था और अंततः शांति देवी की हत्या कर दी गई। इधर, पुलिस ने मामले की गंभीरता से जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि महिला का शव मृत अवस्था में बरामद किया गया था और पोस्टमार्टम के बाद शव को उसके परिवार के हवाले कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि मृतक के परिवार के द्वारा जो भी आवेदन दिया जाएगा, उसकी जांच की जाएगी और उसी आधार पर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का यह भी कहना है कि दोषी किसी भी हालत में नहीं बचेंगे, और किसी निर्दोष को फंसाने की कोशिश नहीं की जाएगी।

## धूमधाम से मनाया गया तुलसी विवाह, ईंख की बिक्री रही जोरों पर



निज संवाददाता | नारदीगंज नवादा

प्रखंड के विभिन्न गांवों में देवउठनी एकादशी के अवसर पर तुलसी विवाह का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान गन्ने के मंडप बनाकर शालिग्राम तुलसी की पूजा अर्चना की गईं। और विधि विधान से विवाह हुआ। नारदीगंज बाजार, नंदपुर, ओड़ो, कोसला समेत अन्य गांवों में देवउठनी एकादशी मनाई गई। कई लोगों ने व्रत भी रखकर भगवान विष्णु, मां लक्ष्मी और तुलसी की पूजा अर्चना की। श्रद्धालुओं ने भगवान विष्णु को गन्ने, शकरकंद, सुथनी समेत अन्य मौसमी फलों को भोग लगाकर मन्नतें मांगी।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# संक्षिप्त समाचार

## आरा के रास्ते लोकमान्य तिलक टर्मिनल के लिए चलेगी ट्रेन

**आरा।** आरा यात्रियों की भीड़ को देखते हुए भारतीय रेलवे ने सहरसा से लोकमान्य तिलक टर्मिनल के लिए स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। जिसका ठहराव आरा में भी होगा। 05559/05560 सहरसा-लोकमान्य तिलक टर्मिनल-सहरसा स्पेशल ट्रेन का परिचालन 12 नवंबर को सहरसा से व 13 नवंबर को लोकमान्य तिलक टर्मिनल से एक फेरे के लिए किया जाएगा। इस ट्रेन के संचालन से आरा के यात्रियों को प्रयागराज छिवकी, सतना, जबलपुर, इटारसी, नासिक, कल्याण के रास्ते लोकमान्य तिलक टर्मिनल पहुंचने में सहूलियत मिलेगी। 05559 सहरसा लोकमान्य तिलक टर्मिनल स्पेशल 12 नवंबर को 10:30 बजे सहरसा से खुलेगी जो 17:05 में आरा में रुकते हुए अगले दिन 21:30 में लोकमान्य तिलक टर्मिनल पहुंचेगी। वापसी में 05560 लोकमान्य तिलक टर्मिनल सहरसा स्पेशल 23:30 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनल से खुलेगी जो अगले दिन आरा में 03:50 में रूकते हुए 11:00 बजे सहरसा पहुंचेगी। इस ट्रेन में 15 जनरल कोच व तीन स्लीपर कोच है। बता दें कि छठ पर्व की समाप्ति के बाद यात्रियों की सुविधा को देखते हुए भारतीय रेलवे द्वारा कई स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है।

## सोए ममेरा-फुफेरा भाइयों को गोली मारी, घायल

**आरा।** आरा शाहपुर थाना क्षेत्र में कारनामेपुर ओपी के कारनामेपुर गांव में घर में सोए दो छात्रों को जान से मारने की नीयत से गोली मार दी गई। इस फायरिंग में दोनों छात्र घायल हो गये। घायलों में 17 वर्षीय सुमित साह करनामेपुर बाजार निवासी गणेश साह का पुत्र है। दूसरा घायल कृष्णा कुमार साह, बक्सर जिले में ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के चक्की गांव निवासी पूर्णमासी साह का पुत्र है। सुमित साह 11 वीं कक्षा और कृष्णा साह 10 वीं कक्षा का छात्र है। घायल कृष्णा रिश्ते में सुमित का फूफेरा भाई है। कृष्णा का परिवार कोलकत्ता में रहता है। वह कोलकाता में पढ़ता है। छठ पूजा में छठ करने के लिए कृष्णा कुमार अपने फूफा के घर कारनामेपुर आया था। कृष्णा कुमार और सुमित रविवार को रात में खाना खाने के बाद घर के बगल में ही दालान में सोये थे। घायलों के परिजनों के अनुसार उसी क्रम में रात के करीब 12 बजे के कमरा का दरवाजा खोलवा कर दोनों को गोली मारी गई। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गया। गोली लगने से दोनों युवक खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर गए। गोली की आवाज सुनते ही घर के लोग दोनों घायलों को इलाज के लिए आरा शहर के बाबू बाजार के डॉ विकास सिंह के क्लीनिक में भर्ती कराया। जख्मी सुमित कुमार ने बताया कि मैं और मेरे मामा का पुत्र कृष्णा रविवार की रात खाना खाने के बाद दालान में सोए थे। तभी मेरा चचेरा भाई गोलू साह आया और गोली मारकर भाग गया। गोली मारने वाले गोलू साथ किसी तरह का कोई विवाद नहीं है। दोनों भाई खतरे से बाहर हैं डॉ विकास सिंह ने बताया कि सुबह गोली लगने से दो युवकों को इलाज के लिए अस्पताल लाया गया है। एक युवक के दाहिने साइड बांह में गोली लगी है,जबकि दूसरे को पेट में गोली लगी है, गोली को ऑपरेशन कर बाहर निकाल दिया गया है। फिलहाल दोनों की हालत खतरे से बाहर है। थानाध्यक्ष चंदन कुमार ने बताया कारनामेपुर ओपीध्यक्ष चंदन कुमार ने बताया की रविवार की रात कारनामेपुर में रूम में सो रहे दो छात्रों को गोली मारकर घायल कर दिया गया है। घायलों में एक बक्सर जिले का और दूसरा कारनामेपुर का छात्र है। घटना की जानकारी आरा के डॉक्टर विकास के द्वारा मिली है। घायल के परिजन के द्वारा किसी भी प्रकार का अभी तक आवेदन नही दिया गया है और न ही घटना का सही कारण ही बताया जा रहा है। घायल सुमित के द्वारा अपने ही चाचा के लड़का पर गोली मारने की बात कही गई है।

## हम कलम और नौकरी बांटते हैं, वे बांट रहे तलवार व त्रिशूल : तेजस्वी यादव

**आरा।** तरारी उपचुनाव में इंडिया गठबंधन समर्थित भाकपा माले के प्रत्याशी राजू यादव के समर्थन में सोमवार को तरारी के मोपति मेला मैदान में जनसभा हुई। इसमें राज्य के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, भाकपा माले के महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य व वीआईपी के अध्यक्ष मुकेश साहनी ने केन्द्र व राज्य सरकार पर निशाना साधा। तेजस्वी ने कहा कि यह उपचुनाव पूरे देश को संदेश देगा। हम इसे जीतेंगे ही। साथ ही 2025 का चुनाव भी जीतेंगे और इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। हम कलम और नौकरी बांटते हैं। वे तलवार और त्रिशूल बांटते हैं। एनडीए बेरोजगारी व महंगाई की बात नहीं करते। नफरत और उन्माद की बात करते हैं। हम नए सोंच का नया बिहार बनाएंगे। हम संविधान, धर्मनिरपेक्ष बचाने वाले हैं। भाकपा माले के महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने कहा कि तरारी विधानसभा का यह उपचुनाव क्रांतिकारी विरासत और उन्माद, उत्पात, हिंसा व अपराध की ताकत के बीच निर्णायक लड़ाई है। केन्द्र की मोदी और राज्य की नीतीश कुमार की डबल इंजन सरकार लोकतंत्र, संविधान और गरीबों के हक व अधिकार को छीनने में लगी हुई है। हम किसी भी कीमत पर ऐसा नहीं होने देंगे। वीआईपी प्रमुख मुकेश साहनी ने कहा कि देश में नफरत की राजनीति हो रही है। वहीं ताकत आज आज सामने खड़ी है। ये ताकतें हिन्दू-मुस्लिम कर देश को बांटने का काम कर रहे हैं। सभा की अध्यक्षता राजद के प्रखंड अध्यक्ष लालबाबू यादव और संचालन भाकपा माले के जिला सचिव जवाहरलाल सिंह ने किया। सभा को सांसद सुदामा प्रसाद, माले के राज्य सचिव कुणाल, पोलित ब्यूरो सदस्य स्वदेश भट्टाचार्य, ऐपवा के राष्ट्रीय महासचिव मीना तिवारी, पूर्व सांसद रामेश्वर प्रसाद, माले उम्मीदवार राजू यादव, विधायक वीरेंद्र गुप्ता, विधायक अजित कुमार सिंह, विधायक अरुण सिंह, विधायक फतेबहादुर सिंह, विधायक महानन्द सिंह, विधायक किरण देवी आदि ने संबोधित किया।

## सड़क हादसे में घायल शिक्षिका की गई जान

**बक्सर।** सड़क दुर्घटना में घायल बक्सर जिले के शिक्षिका की इलाज के क्रम में मौत सदर अस्पताल में हो गई। मृतका 35 वर्षीय शशिप्रभा, बक्सर जिले में रघुनाथपुर निवासी और प्रदीप चौधरी की पत्नी थी। शशिप्रभा अपने पति के साथ बक्सर जिले के डुमरांव में किराया के घर में रहती थी। वह कस्तूरबा विद्यालय, चौगाई में शिक्षिका थी। 22 अक्टूबर को शशिप्रभा अपने पति के साथ डुमरांव से स्कूल जा रही थी। उसी क्रम में बाइक दुर्घटना हो गई। शशिप्रभा को पैर और सिर में काफी चोट आई थी। आरा के निजी क्लिनिक में इलाज चल रहा था। 28 अक्टूबर को आरा में निजी क्लिनिक में ऑपरेशन भी हुआ था। लेकिन शिक्षिका की मौत हो गई। शशिप्रभा को एक पुत्र वरुण और एक पुत्री जानवी है। शव का पोस्टमार्टम नहीं कराया गया।

## संगत पंगत राष्ट्रीय जनजागरण रथयात्रा में पूर्व सांसद ने स्मारक स्थल बनवाने की जरूरत बताई

**बक्सर।** आचार्य शिवपूजन सहाय की धरती पर आकर खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। साहित्य के क्षेत्र में उन्होंने विश्व पटल पर उनवांस की पहचान दिलायी है। उनकी कृतियों को सहेजने की जरूरत है। ये बातें पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. आरके सिन्हा ने संगत पंगत राष्ट्रीय जनजागरण रथ यात्रा के दौरान सोमवार को शिवपूजन सहाय जी जन्म स्थल की मिट्टी को नमन करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि इस स्थल पर स्मारक बनवाने की पहल की जाएगी। इसको लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के समक्ष यहां के मुद्दे रखे जाएंगे। अब आचार्य शिवपूजन सहाय जी के जन्म स्थान पर एक भव्य स्मारक बनाने का प्रस्ताव है , जिसे आचार्य जी के पारिवारिक ट्रस्ट के साथ ही डॉ आरके सिन्हा की अध्यक्षता वाले " अवसर ट्रस्ट" और बिहार सरकार के कला एवं संस्कृति विभाग के सहयोग से बनाया जायेगा। यह बक्सर ज़िले का एक विशिष्ट पर्यटक स्थल बन जाएगा। यात्रा के दौरान ही पूर्व सांसद डॉ. आरके सिन्हा ने इस विषय में बिहार के उप- मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा से दूरभाष पर आचार्य जी के जन्मस्थान से ही सकारात्मक बातचीत की। श्री सिन्हा ने यह भी बताया कि यह शायद नई पीढ़ी को ज्ञात न हो , आचार्य जी ऐसे संपादक थे जिनके पास देश भर के साहित्यकार , उपन्यासकार , कवि , लेखक , पत्रकारों की भीड़ लगी रहती थी और यदि आचार्य जी की कलम किसी की रचना पर चल जाती थी तो वह अपने को धन्य समझता था। सन् 1910 से लेकर 1963 तक देश का शायद ही कोई बड़ा लेखक या साहित्यकार नहीं होगा जिसकी रचनाओं का संपादन आचार्य शिवपूजन सहाय ने नहीं किया होगा। उनके परिवार के बिनोद कुमार श्रीवास्तव के साथ योगेश कुमार उर्फ बबलू लाल ने सहाय जी के नाम पर तोरणद्वार निर्माण कराने की मांग को रखा।

# सड़क हादसे में सब्जी दुकानदार की मौत

निज संवाददाता। आरा



♦ भोजपुर में सब्जी लाने मंडी जा रहे थे, अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर; बनारस जाने के दौरान मौत

भोजपुर जिले के बिहिया थाना क्षेत्र के बिहिया बर स्थित मंदिर के समीप अज्ञात वाहन ने लूना सवार सब्जी दुकानदार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में उनकी मौत हो गई। इलाज के लिए वाराणसी ले जाने के दौरान उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मृतक बिहिया थाना क्षेत्र के बिहिया सब्जी मंडी राजा बाजार निवासी स्व. सीताराम सोनकार के 57 वर्षीय पुत्र राजू प्रसाद सोनकार है। वो पेशे से सब्जी दुकानदार थे। जो बिहिया पर स्थित सब्जी का दुकान लगाते थे।

**सब्जी मंडी जाने के दौरान हादसा:** मृतक के भांजा विशाल चौधरी ने बताया कि वह लूना से प्रतिदिन की तरह सब्जी लाने के लिए सब्जी मंडी जा रहे थे। उसी दौरान बिहिया बर स्थित मंदिर के समीप किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे। वहां के स्थानीय लोगों ने सूचना उनके परिजनों को दी। सूचना पाकर परिजन फौरन वहां पहुंचे। उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल ले आए। जहां प्राथमिक उपचार करने के बाद उनकी हालत को चिंताजनक देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया था। परिजन उन्हें पटना ना ले जाकर उन्हें इलाज के लिए वाराणसी ले जा रहे थे। जाने के क्रम में ही जगदीशपुर के समीप उन्होंने दम तोड़ दिया। परिजन शव को वापस सदर अस्पताल लेकर आए। उसके बाद वहां से शव को वापस गांव लेकर। इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। सूचना पाकर स्थानीय थाना मौके पर पहुंच शव का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया।

## पांच दिन से लापता युवक की लाश बरामद

निज संवाददाता। आरा



♦ हाथ की 4 उंगलियां टूटी हुई थी, परिजनों ने हत्या कर शव फेंकने की जताई आशंका

भोजपुर जिले में घर से निकले युवक का शव 5वें दिन बरामद हुआ है। उसका शव पीरो थाना क्षेत्र के हसन बाजार ओपी अंतर्गत बचरी रेलवे लाइन के नीचे मिला। हाथ की चार उंगली टूटी हुई और एक उंगली बची हुई थी। पूरा शरीर फुला हुआ था। परिजनों ने बहला-फुसलाकर उसकी हत्या कर शव को फेंकने की आशंका जताई है। मृतक पीरो थाना क्षेत्र के हसन बाजार ओपी अंतर्गत बैसाडीह गांव निवासी त्रिलोकी राम का 25 वर्षीय बेटा राजू कुमार राम है। वह राजस्थान के जयपुर में रहकर प्राइवेट कंपनी में लेबर का काम करता था।

**पोस्टमॉर्टम के लिए पटना रेफर किया:** मृतक के पिता त्रिलोकी राम ने बताया कि गुरुवार की सुबह मां से घूमने के लिए पैसे मांग रहा था, लेकिन मां के पास सिर्फ 50 रुपए थे। जिसके बाद मुझसे पैसे लेकर घूमने छठ घाट की ओर निकल गया, लेकिन रात तक वह घर वापस नहीं लौटा। चार दिनों से लगातार उसकी खोजबीन की जा रही थी। लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल पा रहा था। इसी बीच सोमवार दोपहर 5वें दिन बचरी गांव स्थित रेलवे लाइन के नीचे स्थानीय ग्रामीण ने उसके शव को पड़ा देखा। पॉकेट में आई कार्ड को देख उसकी पहचान की गई। परिजनो ने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। शव अधिक फूल जाने कारण पटना रेफर कर दिया गया। दूसरी ओर मृतक के पिता त्रिलोकी राम ने अपने बेटे की गांव में किसी भी व्यक्ति से किसी प्रकार का विवाद या दुश्मनी से इनकार किया है।

## बक्सर में ट्रक ने साइकिल सवार को रौंदा, मौत



निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर-आरा एनएच-922 पर दल सागर टोल प्लाजा के पास ट्रक की टक्कर से साइकिल सवार मजदूर की मौत हो गई। ट्रक चालक ट्रक को मौके पर छोड़कर भगाने लगा, लेकिन स्थानीय लोगों ने उसे पकड़ लिया। अक्रोशित लोगों ने नेशनल हाईवे को एक घंटे के लिए जाम कर दिया। रात 11 बजे के करीब लोगों को समझा बुझाकर सड़क जाम हटाया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी। ट्रक को जब्त कर चालक को हिरासत में ले लिया है।

**मौके पर पहुंची दो थानों की पुलिस:** नया भोजपुरी ओपी क्षेत्र के चना गांव के सुमन यादव पिता गंगा मुनि यादव बक्सर में मजदूरी करते हैं। सोमवार की शाम मजदूरी कर साइकिल से घर लौट रहे थे। एनएच-922 पर दलसागर टोल प्लाजा के पास ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना औद्योगिक थाना पुलिस को दी। मौके पर औद्योगिक थाना और भोजपुर थाना की पुलिस पहुंची। स्थानीय लोगों ने मृतक के परिजनों के लिए आर्थिक मुआवजा की मांग की है। भोजपुर थानाध्यक्ष ने मनीष कुमार ने बताया कि घटना की सूचना अंचलाधिकारी को दी गई है। घटना की जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# गौवंश के साथ 4 पशु तस्कर गिरफ्तार

निज संवाददाता। बक्सर



♦ बक्सर के मिश्रवालिया गंगा घाट पर नाव से उतारा गया, पशु क्रूरता के तहत FIR दर्ज

बक्सर के मिश्रवलिया गंगा घाट से तस्करी के लिए लाए जा रहे है गौवंश को 3 तस्करों के साथ पकड़ा गया है। ये गंगा नदी के रास्ते नाव से बिहार के मिश्रवालिया घाट पर पहुंच रहे थे। पुलिस द्वारा यह करवाई गुप्त सूचना के आधार पर किया गया है। सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस घाट के पास घेराबंदी कर सभी को पकड़ लिया है। पकड़े गए तस्कर से गौ वंश से संबधित कागजात मांगा किया गया। जिसके बाद वो कोई वैध कागज पशुओं से संबंधित नहीं दिखा पाए। गाय को भोजन पानी नहीं दिया गया था। जिससे यह पशु क्रूरता का भी मामला बताया गया है।

**पिकअप से 5 गाय बरामद:** इस संबंध में जानकारी देते हुए पशुपालन इंस्पेक्टर दीपक कुमार ने बताया कि मुफस्सिल थाना की तरफ से सूचना मिली थी। बताया गया था कि उत्तर प्रदेश से गंगा नदी के रास्ते नाव से पशु तस्कर पशु तस्करी कर मिश्रवलिया गंगा नदी घाट पर उतारने वाले हैं। जिसके बाद गंगा घाट पर पहुंच देखा गया कि नाव से गौ वंश को उतार पिकअप पर लोड कर रहे थे। एक पिकअप से 5 गाय और बाछी को बरामद किया गया है। इस कार्रवाई में 3 तस्कर और पिकअप चालक को गिरफ्तार किया गया है। जो यूपी के लोहरपुर गांव निवासी एकलाख राईन, गोरख यादव , समीर राईन हैं। पिकअप चालक हादीपुर निवासी कमोद चौधरी है। आगे बताया कि पशु तस्करों से थाना कैंपस में पूछताछ करने पर सभी तस्करों द्वारा कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। और ना ही पशु के खरीद-बिक्री से संबंधित कोई कागजात प्रस्तुत किया गया।

**सभी लोगों पर FIR दर्ज:** किसी प्रकार का कोई स्वास्थ्य संबंधित पशु चिकित्सक प्रमाण-पत्र भी इनलोगों के द्वारा प्रस्तुत नहीं किया गया। जानवरों को देखने से ऐसा प्रतीत होता है कि सभी मूखे-प्यासे हैं। साथ ही सभी मवेशी चोरी का प्रतीत हो रहा है। एक प्रकार से छोटे संगठित अपराध की श्रेणी में आ रहा है। सभी पर पशु क्रूरता के साथ अन्य अधिनियम के तहत FIR दर्ज कर आगे की करवाई की जा रही है।

# देवोत्थान एकादशी पर 20 हजार लोगों ने लगाई डुबकी

निज संवाददाता। बक्सर



♦ बक्सर में उत्तरायणी गंगा में स्नान के लिए उमड़ी भीड़, आज से मांगलिक कार्य की शुरुआत

बक्सर जिले में मंगलवार को देवोत्थान एकादशी को लेकर गंगा में डुबकी लगाने के लिए विभिन्न घाटों पर लोगों की भीड़ उमड़ी हुई है। जिले की प्रमुख रामरेखा घाट पर सुबह तक 20 हजार लोगों ने गंगा स्नान किया है। इसके अलावा नाथ घाट, फुआ घाट, सत्ती घाट, सिद्धनाथ घाट समेत चौसा नगर पंचायत के महादेवा घाट पर श्रद्धालुओं की भीड़ लगी हुई है। उत्तरायणी गंगा में डुबकी लगाने के लिए स्थानीय लोगों के अलावा दूर-दराज के लोग भी पहुंचे हुए हैं। कुछ लोग एक दिन पहले भी जिला मुख्यालय पहुंच गये थे। कुछ अपने सम्बन्धियों के यहां तो कुछ किला मैदान समेत अन्य जगहों पर डेरा डालकर रहे। घाटों पर स्नान-दान की प्रक्रिया अहले सुबह से ही शुरू हो गई

**देवोत्थान एकादशी का महत्त्व:** नगर के पंडित लाल बाबा ने बताया कि इस एकादशी को देवोत्थान एकादशी, देव उठनी ग्यारस, प्रबोधिनी एकादशी नामों से जाना जाता है। ऐसी मान्यता है कि भगवान विष्णु क्षीर सागर में चार महीने की निंद्रा के बाद कार्तिक मास की एकादशी के दिन जागते हैं। इनके जागने के बाद से सभी तरह के शुभ और मांगलिक कार्य फिर से आरंभ हो जाते हैं। देवोत्थान एकादशी के दिन तुलसी विवाह किया जाता है। इस दिन तुलसी जी का विवाह शालीग्राम भगवान से किया जाता है। अगर किसी व्यक्ति को कन्या नहीं है और वह जीवन में कन्या दान का सुख प्राप्त करना चाहता है। तो वह तुलसी विवाह कर प्राप्त कर सकता है।

**उत्तरायणी गंगा को लेकर बक्सर में भीड़:** बता दें कि जिला मुख्यालय में उत्तरायण गंगा होने के चलते यहां का पौराणिक महत्व और ही बढ़ जाता है। लगभग सभी स्नान-दान के पर्वों के वक्त यहां स्नानार्थियों की भीड़ उमड़ पड़ती है। आस पड़ोस के जिलों के अलावा, अन्य राज्यों और पड़ोसी देश नेपाल के लोग भी स्नान के लिए यहां आते हैं।

## मरीज की मौत पर डेढ़ घंटे तक सड़क जाम



निज संवाददाता। आरा

♦ डॉक्टर ने महिला की आंत और बच्चेदानी काट दी थी, इलाज के 14वें दिन गई जान

आरा शहर में अबॉर्शन के दौरान डॉक्टर ने छोटी आंत और बच्चेदानी काट दी थी। उस महिला की इलाज के 14वें दिन मौत हो गई। वो सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती थी, सोमवार को उसने दम तोड़ दिया। मृतका मुफस्सिल थाना क्षेत्र के धुंधुआं गांव निवासी इंद्रजीत कुमार की 25 वर्षीय पत्नी ज्योति कुमारी है। महिला की मौत के बाद लोग आक्रोशित हो गए। डॉक्टर की गिरफ्तारी और मुआवजे की मांग को लेकर महावीर टोला स्थित निजी अस्पताल के पास शव को रखकर सड़क जाम कर दिया। करीब डेढ़ घंटे तक जाम रहा। सूचना पाकर नवादा थाना में कार्यरत दरोगा मो.शरफुद्दीन और महिला दारोगा खुशबू कुमारी पुलिस बल के साथ वहां पहुंचे। परिजन और स्थानीय लोगों को समझाकर जाम को हटवाया। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में करवाया। मामला नवादा थाना क्षेत्र के महावीर टोला स्थित निजी अस्पताल का है।

**26 अक्टूबर को डॉक्टर के पास ले गए थे परिजन:** मृतका के पति इंद्रजीत कुमार ने बताया कि पत्नी ज्योति कुमारी गर्भवती थी। 26 अक्टूबर की सुबह जब वह शौच करने के लिए जा रही थी। तभी घर में ही गिर गई। उसके पेट में तेज दर्द होने लगा था। गांव के ही महेश नामक ग्रामीण चिकित्सक से उसे दिखाया। उसने कहा कि मैं तुम्हें महावीर टोला स्थित निजी अस्पताल में ले चलता हूं। वहां सब ठीक हो जाएगा। 28 अक्टूबर को महावीर टोला स्थित निजी अस्पताल ले आया। जहां चिकित्सक ने कहा कि पेट में बच्चा खराब हो गया है। आपकी पत्नी का अबॉर्शन करना होगा। अबॉर्शन के दौरान उसकी छोटी आंत और बच्चेदानी को काट दी। जिसके कारण महिला की हालत काफी नाजुक हो गई। डॉक्टर ने उसे धनुपरा स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कर कहा गया कि इसका पूरा खर्चा मैं दूंगा। इसके बाद डॉक्टर वहां से भाग निकला।

**डॉक्टर ने पटना रेफर कर दिया था:** परिजन उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले आए। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद उसकी हालत को चिंताजनक देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया था। लेकिन आर्थिक स्थिति ठीक ना होने के कारण परिजन उसका इलाज सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में ही करा रहे थे। जहां 14 दिन इलाज के बाद सोमवार दोपहर उसने दम तोड़ दिया। मृतका के पति इंद्रजीत कुमार ने ग्रामीण चिकित्सक महेश व महावीर टोला स्थित निजी अस्पताल के चिकित्सक सुशील पासवान को गिरफ्तार करने और मुआवजा की मांग की है। इसके अलावा उसने पुलिस पर भी कार्य में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। बताया जाता है कि मृतका को सिर्फ एक वर्ष की एक पुत्री सौम्या है। 14 दिनों तक जिंदगी और मौत के बीच लड़ती रही महिला।

# अध्यक्ष प्रत्याशी 20 हजार तक कर सकेंगे खर्च

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर पैक्स चुनाव लड़ने के लिये पैक्स का मतदाता होना व मतदाता सूची में सदस्य के रूप में नाम शामिल होना जरूरी है। सह सदस्य के रूप में मतदाता सूची में शामिल व्यक्ति ही मतदान कर सकता है। इसको लेकर बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार ने गाइड लाइन जारी किया है। निर्वाचन प्राधिकार ने खर्च की सीमा भी तय कर दिया है। चुनाव के दौरान अध्यक्ष पद के उम्मीदवार अधिकतम 20 हजार रुपये हीं खर्च कर सकेंगे। वहीं प्रबंध समिति के सदस्य पद के लिये 10 हजार रुपये खर्च कर सकेंगे। निर्वाचन परिणाम की घोषणा के 15 दिनों के अंदर चुनावी खर्च की जानकारी निर्वाचन पदाधिकारी को देना जरूरी है। चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार को संबंधित बीडीओ, सीओ, एसडीओ व डीएम द्वारा जारी मूल जाति प्रमाण पत्र अपने नामांकन पत्र के साथ संलग्न करना होगा। दूसरी ओर पैक्स चुनाव में लाउडस्पीकर के प्रयोग की अनुमति नहीं है। जुलूस में शामिल होने वाले ऐसी कोई वस्तुएं नहीं ले जायेंगे, जिनका अस्त्र या शस्त्र के रूप में दुरुपयोग किया जा सकता है। इसका उल्लंघन होने पर प्राधिकार द्वारा 3 वर्षों के लिये अयोग्य घोषित किया जा सकेगा। मतदान के दिन मतदाताओं को मतदान केन्द्र तक लाने व जाने के लिए वाहन का प्रयोग नहीं करना है। अध्यक्ष पद के लिए आरक्षण नहीं बता दें कि अध्यक्ष पद के लिये कोई आरक्षण लागू नहीं है। हालांकि प्रबंध समिति के 11 पदों के में से 2 पद अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति के लिये , 2 पद अति पिछड़ा वर्ग एनेक्सचर 1 के लिये तथा 2 पद पिछड़ा वर्ग एनेक्सचर -2 के लिये आरक्षित रहेगा। सभी आरक्षित पदों में संबंधित आरक्षण कोटि की महिलाओं के लिए एक-एक पद आरक्षित होंगे। आरक्षित कोटियों से वहीं सदस्य उम्मीदवार बन सकेंगे जो उक्त कोटि के अंतर्गत आयेंगे। सामान्य कोटि से सदस्य पद के शेष 5 पदों के लिए कोई भी कोटि के व्यक्ति चुनाव लड़ सकता है। वहीं सामान्य कोटि में भी महिलाओं के लिये 50 प्रतिशत से अधिक यानी 2 पद आरक्षित होंगे। जो सदस्य आरक्षित कोटि से निर्वाचन के लिए नामांकन पत्र दाखिल करेंगे वह सामान्य श्रेणी से नामांकन पत्र नहीं दे सकेंगे।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### कोतवाली पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंपा

**मुंगेर।** सफिया सराय थाना क्षेत्र के हेरुदियारा पंजाबी घाट पर 7 नवंबर को छठ पर्व के दिन गंगा नदी में डूबे युवक का शव चार दिन बाद बबुआ घाट पर उपलाता हुआ मिला। स्थानीय लोगों के द्वारा इसकी जानकारी पुलिस को दी गई। जिसके बाद पुलिस शव को पानी से निकलवाकर पहचान के लिए परिजनों को बुलाया। मृतक के परिजन ने कपड़े से उसकी पहचान की। जिसके बाद पुलिस ने शव का सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। मृतक की पहचान कासिम बाजार थाना क्षेत्र के हसनगंज निवासी संजय यादव के 22 वर्षीय पुत्र अभिषेक कुमार के रूप में हुई है। परिजनों द्वारा बताया गया छठ पूजा के दौरान ही युवक गंगा के पानी में डूब गया था। जिसके बाद परिजनों द्वारा मुफ्फसिल थाना में डूबने का आवेदन दिया गया था। कोतवाली थानाध्यक्ष राजीव कुमार तिवारी ने बताया कि परिजनों के द्वारा केस मुफ्फसिल थाना में दर्ज कराया गया था। लेकिन शव सदर अस्पताल आने के कारण कोतवाली पुलिस के द्वारा पोस्टमार्टम करवाया गया। बता दें कि मृतक के परिजनों एवं ग्रामीणों ने रविवार को शव बरामद करने को लेकर लगभग तीन घंटे तक सड़क जाम किया था। जिसके बाद थानाध्यक्ष और सीओ के पहल पर सड़क जाम को हटाया गया था।

### गोशाला को लेकर संचालन समिति की अनुमंडल में बैठक

**मुंगेर।** गोशाला की चरमराई व्यवस्था को लेकर संचालन समिति की बैठक कल यानी 13 नवंबर को बुलायी गई है। सदर अनुमंडल पदाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि गोशाला संचालन समिति के सचिव समेत सभी सदस्यों को बैठक में शामिल होने के लिए सूचित किया गया है। बता दें कि वर्ष 2023 में पूर्व सचिव के इस्तीफे के बाद इस गोशाला के संचालन के लिए नई तदर्थ कमेटी गठित की गई। मौजूदा तदर्थ कमेटी में पदेन अध्यक्ष एसडीओ सदर शैलेन्द्र कुमार सिंह व पदेन सदस्य जिला पशुपालन पदाधिकारी डा. कमल देव यादव हैं। इसके अलावा सचिव पद पर प्रभु दयाल सागर, उपाध्यक्ष सौरभ निधि, सह सचिव प्रीतम सिंह समेत कुल 11 सदस्य हैं।

### 6 सालों में नहीं किया इलाज, मेडिकल फी के नाम पर इस साल ही वसूले 41.97 लाख रुपए

**मुंगेर।** यह मुंगेर विश्वविद्यालय है। 18 मार्च, 2018 में इसकी स्थापना हुई है। पांच जिलों में इसका विस्तार है। 17 अंगीभूत और 18 संबद्ध कॉलेजों में छात्र-छात्राएं यहां अध्ययनरत हैं। मगर स्थापना के 6 साल बीत जाने बाद भी आसमान छू लेने के मंसूबे के बीच पैंरो तले जमीन और उसपर भवन की बात तो छोड़िए, यहां एक हेल्थ सेंटर तक स्थापित नहीं हो सका। जबकि इन छह सालों में इस विश्वविद्यालय में स्नातक एवं स्नातकोत्तर के करीब 4,19,780 छात्र-छात्राएं नामांकन ले चुके हैं। मगर कॉलेजों की दुर्दशा का आलम यह कि यहां फर्स्ट एड बॉक्स तक उपलब्ध नहीं है। मामूली चोट लगने पर भी छात्रों को सीधे अस्पताल या निजी क्लीनिक जाना पड़ता है। यहां के छात्र-छात्राओं को कोई चिकित्सा सुविधा नहीं है। जबकि स्नातक में सेमेस्टर सिस्टम सत्र 2023-27 में शुरू हुआ था। नया सिस्टम शुरू होने के साथ हर सेमेस्टर में प्रत्येक छात्र से 100 रुपए मेडिकल शुल्क का प्रावधान है। इसे राजभवन ने स्वीकृति दी है। वहीं पीजी में भी प्रति वर्ष छात्रों से 100 रुपए चिकित्सा शुल्क लिया जाता है। केवल वर्ष 2023-24 की बात करें, तो मात्र एक साल में स्नातक सत्र 2023-27 के दो सेमेस्टर, सत्र 2024-28 के एक सेमेस्टर एवं पीजी सत्र 2024-26 के छात्रों से एक वर्ष का कुल मिलाकर करीब 41.97 लाख रुपए वसूल लिए गए। जबकि इसमें छात्राओं एवं एससी-एसटी विद्यार्थियों की गणना नहीं की गई है। कुल मिलाकर स्नातक के दो एवं स्नातकोत्तर के एक सत्र में करीब 118000 विद्यार्थियों में कुल 41978 छात्रों(सामान्य) ने चिकित्सा शुल्क जमा किया। निःशुल्क चिकित्सा शिविर भी नहीं लगाए गए विश्वविद्यालय में इन छह सालों में हेल्थ सेंटर नहीं बने, तो कॉलेजों या पीजी विभागों में इस दौरान निशुल्क चिकित्सा शिविर भी नहीं लगाए गए। जिसमें छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य की सामान्य जांच हो सकती थी। छात्र मनीष कुमार, मो. अफजल, सोनू कुमार आदि कहते हैं कि पीजी विभागों में प्राथमिक उपचार तक की व्यवस्था नहीं है। अगर इमरजेंसी हो जाए, तो सीधे अस्पताल या निजी क्लीनिक ही जाना पड़ेगा। छात्रों से इसके नाम पर जब शुल्क वसूले जाते हैं, तो चिकित्सा जांच की व्यवस्था भी होनी चाहिए। इन छात्रों ने अविलंब हेल्थ सेंटर चालू किए जाने की मांग की। कम से कम महीना में एक बार चिकित्सा शिविर व्यवस्था की जाए।

### कल से पार्ट वन बैकलॉग के परीक्षार्थियों के सब्सिडियरी परीक्षा

**मुंगेर।** मुंगेर विश्वविद्यालय में 14 से 21 सितंबर तक आयोजित होने वाली स्नातक पार्ट-1 बैकलॉग सब्सिडियरी की परीक्षा बाढ़ के कारण स्थगित की गई थी। यह परीक्षा अब 13 नवंबर यानी बुधवार से नए कार्यक्रम के अनुसार पूर्व निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी। पीआरओ डॉ प्रियरंजन तिवारी ने बताया कि सभी छात्र-छात्राएं अपना परीक्षा कार्यक्रम मुंगेर विवि के अधिकारिक वेबसाइट पर देख सकेंगे। बैकलॉग के ऑनर्स विषयों की परीक्षा पूर्व में ही हो चुकी है। केवल सब्सिडियरी विषयों की परीक्षा होगी। उन्होंने बताया कि स्नातक पार्ट वन बैकलॉग परीक्षा के लिए पांच परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। जिसमें एसबीएन कॉलेज गढ़ी रामपुर, कोशी कॉलेज खगड़िया, केएसएस कॉलेज लखीसराय, आरडी कॉलेज शेखपुरा तथा केकेएम कॉलेज जमुई शामिल है। पीआरओ ने बताया कि स्नातक पार्ट वन बैकलॉग, परीक्षा 2024 के परीक्षार्थियों की परीक्षा 13 नवंबर से शुरू होकर 23 नवंबर तक चलेगी। परीक्षा दोनों पालियों में होगी। प्रथम पाली 10 बजे से 1 बजे तक तथा द्वितीय पाली की परीक्षा 2 बजे से 5 बजे तक ली जाएगी। परीक्षा लगातार होगी। 13 नवंबर को पहली पाली में भूगोल-1 एवं जंतु विज्ञान-1 तथा द्वितीय पाली में गणित-1 एवं बिजनेस ऑर्गेनाइजेशन-1 की परीक्षा होगी। जबकि अंतिम दिन प्रथम पाली में बीएससी व बीकॉम के आरबीएच-1 तथा बीए के आरबीएच-1 की परीक्षा होगी। इधर परीक्षा नियंत्रक डॉ. अमर कुमार ने बताया कि परीक्षा की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। छुट्टियों के दौरान भी परीक्षा की तैयारी चलती रही।

### टेटिया क्षेत्र में 29 नवंबर को तीसरे चरण में पैक्स अध्यक्ष का चुनाव

**टेटिया बंबर।** प्रखंड क्षेत्र में पैक्स चुनाव को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। तीसरे चरण के तहत 29 नवंबर को होने वाले चुनाव के लिए नामांकन एवं संवीक्षा नाम वापसी, मतदान एवं मतगणना की तिथि निर्धारित कर दी गई है। वहीं 5 पैक्स अध्यक्ष के चुनाव को लेकर 22 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। जिसके लिए 13852 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर पैक्स अध्यक्ष का चुनाव करेंगे। जिसके लिए बीडीओ निशा राय को निर्वाची पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी भोला दास ने बताया कि 16 से 18 नवंबर तक नामांकन, 19 नवंबर को संवीक्षा, 22 नवंबर को नाम वापसी एवं प्रतीक चिन्ह का आवंटन। वहीं 29 नवंबर दिन शुक्रवार को मतदान एवं 30 नवंबर दिन शनिवार को मतगणना होगी। उन्होंने बताया कि प्रखंड क्षेत्र के पांच पैक्स अध्यक्ष के लिए 22 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। जिनमें बनगामा पैक्स अध्यक्ष के लिए पैक्स गोदाम ताजपुर में चार मतदान केंद्र बनाए गए हैं। जहां 2340 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। भुना पैक्स अध्यक्ष के लिए मध्य विद्यालय भूना में 6 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। जहां 3920 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मध्य विद्यालय खगरौन धौरी में तीन मतदान केंद्र बनाए गए हैं धौरी पैक्स अध्यक्ष के लिए मध्य विद्यालय खगरौन धौरी में तीन मतदान केंद्र बनाए गए हैं। जिसमें 2010 मतदाता, लश्करा छाता पैक्स अध्यक्ष के लिए प्लस टू उच्च विद्यालय देवघरा एवं मध्य विद्यालय ठाढ़ा में तीन, तीन मतदान केंद्र बनाए गए हैं। जहां 3634 मतदाता। वहीं टेटिया पैक्स अध्यक्ष के लिए जगन्नाथ प्लस टू उच्च विद्यालय टेटिया में तीन मतदान केंद्र बनाए गए हैं। जिसमें 1948 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर अपने-अपने क्षेत्र के पैक्स अध्यक्ष का चुनाव करेंगे। जिसके लिए वर्तमान पैक्स अध्यक्ष एवं चुनाव लड़ने वाले प्रतिद्वंदी द्वारा भी मतदाताओं से संपर्क साधने एवं अपनी ओर रिझाने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। ज्ञात हो की प्रखंड क्षेत्र के कुल 7 पैक्सों में 5 पैक्स अध्यक्ष व सदस्य का चुनाव होगा।

# भागलपुर में 2 पक्षों के बीच मारपीट, 5 लोग घायल, मायागंज में चल रहा इलाज

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। घटना में एक पक्ष से 3 लोग गंभीर रूप से जख्मी है। इसका इलाज जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा है। मामला नाथनगर थाना क्षेत्र के गोसाईदासपुर का है। घायल की पहचान आनंदी यादव(62) पप्पू यादव(40) और संकेश यादव(28) के रूप में की गई है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि थाना क्षेत्र के गोसाईदासपुर इलाके में 17 कट्ठा जमीन को परिवार के ही दूसरे पक्ष द्वारा कब्जा करने की कोशिश की जा रही है। बताया जा रहा है कि दो साल से उक्त जमीन पर दूसरे पक्ष के लोगों ने जमीन पर कब्जा किया हुआ है। इसका विरोध करने पर मारपीट हुई। घटना को लेकर घायल के परिजन शर्मिला देवी ने बताया कि मेरे जमीन पर अवैध तरीके से परिवार के दूसरे पक्ष के लोग कब्जा करना चाहता है। पिछले 2 साल से जमीन पर कब्जा जमाया हुआ है और फसल उगाई कर रहा है। रविवार को जब खेत पर हमलोग पहुंचे तो दूसरे पक्ष के



लोगों ने मारपीट कर अंकेश और नंदन यादव को जख्मी कर दिया। इसका इलाज मायागंज अस्पताल में चल रहा था। इसी दौरान मंगलवार को जब पप्पू यादव और उनके बेटे संकेत यादव घर में थे, तो दूसरे पक्ष घर में पहुंचकर लाठी डंडे से जमकर मारपीट की। उन्होंने इस मामले में 5 लोगों को नामजद आरोपी बनाया है। आरोपी की पहचान प्रसादी यादव के बेटे शिव यादव, धर्मेंद्र यादव, बदल उर्फ कारणरोशन कुमार, गोलू कुमार और आशा देवी शामिल है।

**❐ पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप**

**पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने का आरोपः** पीड़ित परिजनों द्वारा बताया गया कि 2 साल पहले नाथनगर थाना में केस दर्ज किया गया था। लेकिन पुलिस में कोई संज्ञान नहीं लिया। हाल में ही दूसरा केस दर्ज किया गया। इस मामले में पुलिस ने कोई एक्शन नहीं लिया। पीड़ित का कहना है कि बार-बार मारपीट करने पर यह लोग उतारू हो जा रहे हैं। आज वारदात को अंजाम दे दिया, लेकिन थाना जाने पर पुलिस ने कहा कि पहले इलाज कराओ फिर आवेदन लिखेंगे।

## भागलपुर में थूक चटाकर शख्स की पिटाई

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर के शाहकुंण्ड थाना क्षेत्र अंतर्गत पचरुखी बाजार के पास थूक चटा-चटा कर मारपीट की गई थी। वीडियो सामने आने के बाद सिटी एसपी ने संज्ञान लिया है। उन्होंने बताया कि दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। एसपी के रामदास ने डीएसपी को जांच के आदेश दिए हैं। जहां उन्होंने कहा कि सख्त कार्रवाई होगी। दरअसल शाहकुंड थाना के पूर्व निजी चालक पैडोमानिया माल के मुन्ना पासवान ने पचरूखी चौक के आसपास नवगछिया फुलकिया निवासी मंटु मंडल को थूक चटा-चटाकर बेरहमी से पीटा था। दबंगों के सामने हाथ जोड़कर अपनी जान बचाने के लिए मंटू मंडल गिड़गिड़ा रहा था। पीड़ित मंटू मंडल ने कहा कि लोगों की भारी भीड़ थी, उस बीच में पिटाई की गई, थूक चटवाया गया। वायरल वीडियो में भी स्पष्ट रूप से देखा जा रहा है कि लोगों की भारी भीड़ है। पीड़ित मदद के लिए गिड़गिड़ा रहे हैं।

## फरियादियों की शिकायत नहीं सुनने वाले थानेदार पर होगी कार्रवाई

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर जिले के सभी थानाध्यक्ष और पुलिस पदाधिकारी को निर्देश दिया गया है कि आवेदकों की शिकायत को संज्ञान में लिया जाए। प्राथमिकी दर्ज कर FIR की एक कॉपी भी दे। ऐसा नहीं करने वाले थानेदार और पुलिस पदाधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। दरअसल, यह निर्देश भागलपुर के सिटी एसपी डॉ. के रामदास का है। उन्होंने कहा कि यदि फरियादी थाना में किसी मामले को लेकर थानेदार को आवेदन देते हैं तो प्राथमिकी की एक कॉपी आवेदक को देनी होगी। वरीय अधिकारियों को शिकायत मिलने के बाद थानेदार के खिलाफ विधि संबंध कार्रवाई की जाएगी।

**समस्याओं का समाधान निकालने के आदेशः** मालूम हो कि जिले के कई थाना में जब फरियादी शिकायत लेकर पहुंचते हैं तो थानेदार व पुलिस पदाधिकारी उसे डांट



**❐ FIR की एक कॉपी पीड़ित को भी देनी होगी, CITY SP ने दिए निर्देश**

फटकार लगाकर थाना से भगा देते हैं। साथ ही झूठे मुकदमा में फंसा देने की बात की जाती है। जिसे आम जनों को काफी परेशानियां होती है। अब इसको लेकर भागलपुर जिले के वरीय अधिकारी सख्त है। थानेदार और पुलिस पदाधिकारी को सख्त हिदायत देते हुए निर्देश दिया गया है कि किसी भी फरियादी या शिकायतकर्ता को वापस नहीं लौटाए, उनकी समस्या को सुनकर उनका समाधान निकाले।

# बम ब्लास्ट मामले में अब तक नहीं मिला आरोपी, 40 दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर के हबीबपुर थाना क्षेत्र के खिलाफत नगर में एक अक्टूबर को बम ब्लास्ट हुआ था। हादसे में घायल बच्चा मो. गोलू की मां के बयान पर अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई थी। पुलिस ने मामले में 6 लोगों से पूछताछ भी की थी, लेकिन घटना के 40 दिन बाद भी पुलिस नतीजे तक नहीं पहुंच पाई। न ही पुलिस को कोई सुराग हाथ लगा है। घटना के दिन मोहल्ले में एक दर्जन से अधिक बच्चे खेल रहे थे। जिसमें आठ बच्चे घायल हो गए थे। जिसमें सात की स्थिति गंभीर थी। अपराधियों की पहचान अभी तक नहीं हुई है। 1 अक्टूबर के 11 बजे हबीबपुर थाना क्षेत्र के खिलाफत नगर के एक गली में बच्चे खेल रहे थे। अचानक ब्लास्ट हुआ। हादसे में 8 बच्चे जख्मी हो गए



थे। घायल बच्चों ने कहा था कि किसी ने बोतल में कुछ फेंका था। जिससे ब्लास्ट हुआ। बाद में बारूद के कुछ अवशेष मिले मिले थे। FSL के जांच रिपोर्ट दिए जाने के बाद इस बात का पता लगाया जा सकता था कि बम कितना शक्तिशाली है, लेकिन FSL टीम ने रिपोर्ट नहीं दी है।

**आईबी की टीम भी पहुंची थीः** घटना की जानकारी के बाद कई थाने की पुलिस पहुंची थी। बाद में घटनास्थल पर पहले डीएसपी -टू

**♦ घटना में 7 बच्चे हुए थे जख्मी**

राकेश कुमार, उसके बाद सिटी एसपी डॉक्टर के.रामदास, सिटी डीएसपी अजय कुमार चौधरी और बाद में SSP आनंद कुमार भी पहुंचे थे। मामले की छानबीन की थी। घटना के बाद FSL टीम को भी बुलाया गया। इसके अलावा खुफिया एजेंसी IB की भी टीम मौके पर पहुंची थी। डॉग स्क्वायड टीम को भी बुलाया गया था। मामले में सिटी एसपी के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया था। मामले को लेकर सिटी एसपी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। उनका कहना है कि घटना का CCTV फुटेज व अन्य साक्ष्य नहीं मिला है।

# बहन के बॉयफ्रेंड के सिर में मारी गोली, फोटो एडिट कर सोशल मीडिया पर डाला था

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में मंगलवार को चाय की दुकान चलाने वाले शख्स ने एक युवक के सिर में गोली मार दी। युवक की स्थिति गंभीर बनी हुई है। घटना के बाद उसे रेफरल अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी स्थिति बिगड़ने पर मायागंज अस्पताल रेफर कर दिया गया। आरोपी ने दो दिन पहले ही घायल युवक को जान से मारने की धमकी दी थी। फायरिंग करने वाले आरोपी को शक था कि युवक का उसकी बहन के साथ अफेयर है। घायल युवक ने उसकी बहन की तस्वीर को एडिट कर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया था। घायल की पहचान भागलपुर के बबरगंज थाना क्षेत्र के कुतुबगंज निवासी सोनू कुमार (20) के रूप में की गई है। सोनू कुमार फिलहाल अपनी मां और दो बहनों के साथ सुल्तानगंज के बालू घाट रोड स्थित अपने नाना के घर में रह रहा है। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी घटना को अंजाम देने के बाद फरार है। उसकी तलाश की जा रही है। शीघ्र ही आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।



**घायल के मामा बोले- आरोपी ने दो दिन पहले दी थी धमकीः** घायल युवक के मामा फेकू यादव ने बताया कि 'विशाल यादव ने दो दिन पहले ही सोनू को जान से मारने की धमकी दी थी। आज उसने वारदात को अंजाम दिया है।' उन्होंने बताया कि 'फायरिंग करने वाला विशाल चाय का दुकान चलता है। उसके दुकान पर असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगता है।' फेकू यादव के मुताबिक, सोनू जब छोटा था, तभी उसके पिता की मौत हो गई थी। इसके बाद मेरी बहन सोनू और दो भांजियों को लेकर यहां आ गई थीं। सोनू फिलहाल बालू घाट पर नगर परिषद के लिए गोताखोर के रूप में काम करता है।

**घायल युवक और आरोपी का घर आसपासः** इलाके में चर्चा है कि घायल सोनू ने आरोपी विशाल की बहन की तस्वीर लेकर उसे एडिट किया था और साथ में अपनी तस्वीर जोड़ दी थी। फिर इस तस्वीर को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया था। वायरल तस्वीर को जब विशाल ने देखा, तो उसने सोनू से इस संबंध में पूछताछ की। सोनू ने हाल ही में मोबाइल लिया था और आरोप के बाद उसने मोबाइल विशाल को चेक करने के लिए भी दिया, लेकिन विशाल ने मोबाइल चेक नहीं किया और सोनू को जान से मारने की धमकी दी। सोनू के

**♦ भाई ने दी थी जान से मारने की धमकी**

मामा और आरोपी का घर आसपास है। आरोपी को शक था कि एक जगह घर होने की वजह से सोनू उसकी बहन को पसंद करता है। दोनों के बीच अफेयर है।

**आरोपी की तलाश में जुटी पुलिसः** घटना को लेकर भागलपुर पुलिस का सोशल मीडिया X पर पोस्ट किया है, जिसमें कहा गया है कि सुल्तानगंज थाना क्षेत्र के बालू घाट के रहने वाले सोनू कुमार (20 वर्ष) को घाट चौक के पास उसी मोहल्ले का रहने वाले एक शख्स ने गोली मारकर घायल कर दिया। घायल सोनू कुमार को इलाज के लिए मायागंज अस्पताल भेजा दिया गया है। इस मामले में कार्रवाई की जा रही है। SSP आनंद कुमार ने बताया कि 'सुल्तानगंज घाट रोड में गोलीबारी हुई है। इसमें एक युवक घायल है। प्रेम प्रसंग की बात कही जा रही है। मामले की जांच की जा रही है और आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी शुरू कर दी गई है।'

# भागलपुर में सिलेंडर ब्लास्ट मामले की होगी जांच



निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में रविवार को सिलेंडर ब्लास्ट हुआ था। मामले में सिटी एसपी ने संज्ञान लिया है। हादसे की जांच के लिए थानेदार को निर्देश दिया गया है। रिहायशी इलाके में सिलेंडर ब्लास्ट से बड़ा हादसा हो सकता था। घटना के वक्त राहगीरों का आना-जाना बहुत कम था। साथ ही दुकान बंद थे। हादसे में आसपास के घरों में दरार आ गया था। 24 घंटे बीत जाने के बाद भी अभी पता नहीं चला कि ब्लास्ट कैसे हुई थी। हालांकि बताया जा रहा कि शॉर्ट-सर्किट से दुकान में आग लगी है। जिसके बाद सिलेंडर ब्लास्ट हुआ। बताया जा रहा है कि अवैध तरीके से गैस रिपेयरिंग सेंटर के आड़ में गैस रिफिलिंग का कारोबार होता था।

**❐ शॉर्ट-सर्किट की जताई जा रही आशंका, आसपास के घरों में आई दरार**

**अवैध धंधा करने वालों के खिलाफ होगी कार्रवाईः** मामले को लेकर सिटी एसपी डॉक्टर के रामदास ने बताया कि मामले में थाना प्रभारी और भागलपुर पुलिस प्रशासन की ओर से जांच की जा रही है। प्रारंभिक तौर पर बताया जा रहा है कि (इलेक्ट्रॉनिक) शॉर्ट-सर्किट के कारण आग लगी, जिसके बाद सिलेंडर ब्लास्ट हुआ। घटना में कोई जख्मी नहीं है। मामले की जांच की जा रही है। अवैध धंधा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# CO बोले, जो वसूली करे उसे कॉलर पकड़कर लाइए, पीड़ितों ने की शिकायत

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर के सबौर प्रखंड के मसाडू गांव में बाढ़ से सैकड़ों परिवार प्रभावित हुए थे। अब सरकारी मुआवजे के लिए अधिकारियों के दफ्तर के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। मंगलवार को करीब 12 परिवार सबौर के अंचलाधिकारी से मिलने पहुंचे और उन्हें अपनी समस्याएं बताई। ग्रामीणों ने मसाडू पंचायत के मुखिया अभिषेक अर्णव पर पैसा मांगने का आरोप लगाया है। बाढ़ पीड़ित कृष्ण कुमार ने कहा कि जब हम लोग आवेदन लेकर प्रखंड आए तो मुखिया ने कहा कि CO-BDO साहब मिठाई खाने के लिए 10 हजार मांगे हैं। देने के बाद ही काम हो पाएगा। अंचलाधिकारी राकेश कुमार ने कहा कि जो पदाधिकारी के नाम पर वसूली करते हैं उन्हें साक्ष्य के




साथ कॉलर पकड़ कर लाइए। सख्त कार्रवाई होगी।

**साक्ष्य में वीडियो लेकर आएंः** सीओ ने कहा कि वसूली होने पर उसका वीडियो बना लें, उसका साक्ष्य इकट्ठा कर लें। अंचल अधिकारी ने लोगों से अपील भी की है कि ऐसे दलालों के चक्कर में ना पड़े। सीधे ब्लॉक में आकर हमसे मिले। वहीं, इस मामले में मुखिया की राय जानने के लिए उनसे भी संपर्क करने की कोशिश की गई, पर उनसे बात नहीं हो पाई। वहीं, दूसरी तरफ जिन लोगों के घर बाढ़ में बह गए, वे मुआवजे के इंतजार में बैठे हैं।

# मुंगेर में मिला चिकन पॉक्स का संदिग्ध मरीज, चल रहा इलाज, डेंगू रिपोर्ट आया पॉजिटिव

निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर के सदर अस्पताल में सोमवार को चिकन पॉक्स का एक संदिग्ध मरीज मिला है। हालांकि मरीज का अब तक जांच नहीं हुआ है। लेकिन उसके शरीर पर लाल और काला दाग रहने के अलावा शरीर में विभिन्न जगहों पर जलन भी हो रहा है। मरीज की पहचान चिरैयाबाद निवासी सोमेश्वर झा के 30 साल के बेटे राकेश झा के रूप में हुई है। हालांकि जांच के बाद मरीज का डेंगू रिपोर्ट भी पॉजिटिव आया है। इसके अलावा उसे टायफायड भी है। फिलहाल मरीज को सदर अस्पताल के डेंगू वार्ड में भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। वहीं मरीज की जांच करने वाले डॉ अजय कुमार ने कहा कि मरीज जब अस्पताल आया था तो उसे कमजोरी के अलावा बुखार था। इसके बाद जांच कराने



को कहा गया। जांच रिपोर्ट में डेंगू रिपोर्ट पॉजिटिव पाया गया है। इसके अलावा उसे टायफायड रहने के साथ चिकन पॉक्स का हल्का लक्षण भी है। परिजनों ने बताया कि उसकी जब तबीयत खराब हुई तो इलाज के लिए शहर के एक निजी अस्पताल में लेकर गए थे। वहां पर दो दिनों तक इलाज चला। इसके बाद परिजन नाम कटवाकर उसे सदर अस्पताल लेकर आ गए। बता दें कि इस साल मुंगेर में चिकन पॉक्स का पहला मरीज मिला है। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग भी हरकत में आ गया है। सदर अस्पताल उपाधीक्षक डॉ रमन ने कहा कि अभी जानकारी नहीं मिली है। मरीज की जांच करने के बाद ही कुछ पता चलेगा। हालांकि चिकन पॉक्स का सदर अस्पताल में जांच की सुविधा नहीं है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



युद्ध स्तर पर हो रही है तैयारी, भाजपाइयों में जश्न का माहौल

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का गोड्डा आगमन आज, चुनावी सभा को करेंगे संबोधित

- प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर तैयारी जोरों पर
- रूट का होगा डाइवर्ट
- तीसरी बार प्रधानमंत्री का आगवानी करेगा सिकटिया मैदान
- ऐतिहासिक सिकटिया मैदान बनेगा गवाह



**निज संवाददाता | गोड्डा**

देश के प्रधानमंत्री भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेंद्र दामोदर दास मोदी बुधवार को अपनी एक दिवसीय दौरे के क्रम में गोड्डा आ रहे हैं। जहां वह मुख्यालय से सटे सिकटिया के ऐतिहासिक मैदान पर चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। सिकटिया मैदान को इसके लिए तैयार किया जा रहा है। जहां तकरीबन दो से ढाई लाख लोगों के पहुंचने की उम्मीद जताई जा रही है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिले के तीन विधानसभा गोड्डा, पोड़ैयाहाट एवं महागामा के अलावा बोरियों एवं बरहेट विधानसभा प्रत्याशियों के समर्थन में अपनी चुनावी सभा करेंगे। इधर प्रधानमंत्री आगमन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा जोर जोर से तैयारी की जा रही है इसके अलावा प्रधानमंत्री के स्पेशल कमांडोज एवं सिक्योरिटी द्वारा दो दिन पूर्व से ही सिकटिया मैदान पर हेलीकॉप्टर उतार कर सुरक्षा के जायजा लिया जा रहा है। इसके अलावा भाजपा के सांसद निशिकांत दुबे लगे हुए हैं। सुरक्षा को लेकर व्यापक तैयारी की गई है इसके लिए प्रशासन द्वारा कई दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। प्रधानमंत्री आगमन को लेकर सुरक्षा की दृष्टिकोण से गोड्डा-भागलपुर जाने वाली मार्ग को सील कर दिया गया है। यह मार्ग सुबह 6:00 बजे से रात के 9:00 बजे तक पूरी तरह बंद रहेगा। इस पर किसी भी प्रकार के छोटे बड़े एवं व्यावसायिक वाहनों के परिचालन पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगी। इसके अलावा जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त के निर्देशानुसार इस पूरे क्षेत्र को नो फ्लाइंग जोन भी घोषित किया गया है जहां किसी भी प्रकार के फ्लाइंग पर प्रतिबंध रहेगा। गोड्डा में किसी भी प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी तीसरे ऐसे प्रधानमंत्री होंगे जिनका आगमन इस ऐतिहासिक सिकटिया मैदान पर हो रहा है। जहां पूर्व में भी दो प्रधानमंत्री अपनी चुनावी सभा कर चुके हैं। प्रधानमंत्री आगमन की बात करें तो इसके पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी 1977 में चुनावी सभा को संबोधित करने इसी मैदान पर पहुंची थी। जहां उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी जगदीश नारायण मंडल के पक्ष में अपनी चुनावी सभा को संबोधित किया था। वही बाद में 1989 में राजीव गांधी भी इसी मैदान पर कांग्रेस प्रत्याशी सलाउद्दीन अंसारी के पक्ष में चुनाव प्रचार को लेकर पहुंचे थे। इसी क्रम में भाजपा के प्रधानमंत्री के रूप में पहली बार नरेंद्र मोदी का आज गोड्डा आगमन हो रहा है। गौरतलब है कि पूर्व में इंदिरा गांधी एवं राजीव गांधी ने लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में अपनी चुनावी सभा की थी। जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विधानसभा चुनाव को लेकर गोड्डा के ऐतिहासिक सिकटिया मैदान पर सभा को संबोधित करने आ रहे हैं।

# अंचलाधिकारी ने हनवारा चेकनाका पर चलाया सघन वाहन जांच अभियान

**निज संवाददाता | महागामा**



आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए प्रशासन ने प्रखंड क्षेत्र में अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। चुनाव में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को रोकने और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिए वाहन जांच अभियान तेज कर दिया गया है। मंगलवार को महागामा अंचलाधिकारी और हनवारा थाना प्रभारी राजन कुमार राम के नेतृत्व में हनवारा चेकनाका समेत खैराटीकर मुख्य मार्ग पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान में अंचलाधिकारी के साथ पुलिस विभाग के अधिकारियों और जवानों ने भी भाग लिया। इस अभियान के तहत दो स्थानों, खैराटीकर मोड़ और हनवारा चेकनाका पर वाहनों की बारीकी से जांच की गई। गोड्डा हनवारा मुख्य मार्ग से गुजरने वाले दोपहिया, चारपहिया और अन्य छोटे-बड़े वाहनों की जांच की गई। अधिकारियों ने वाहनों में रखे बैग, झोला और अन्य सामानों की बारीकी से तलाशी ली, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि किसी वाहन में अवैध सामान, जैसे नकद राशि, शराब, हथियार या अन्य आपत्तिजनक सामग्री न हो। इस दौरान वाहन चालकों से संबंधित दस्तावेजों की भी जांच की गई। इसके साथ ही अधिकारियों ने यह सुनिश्चित किया कि कोई भी अवैध गतिविधि, जैसे अवैध शराब की तस्करी या नकद राशि की ढुलाई, चुनाव से पहले न हो। अंचलाधिकारी ने बताया कि शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन ने अवैध सामानों पर लगातार निगरानी रखने की योजना बनाई है। उन्होंने यह भी बताया कि चुनाव के दौरान हर स्तर पर सुरक्षा और नियमों का पालन कराने के लिए वाहन जांच अभियान लगातार जारी रहेगा। वहीं, वाहन जांच के दौरान अधिकारियों ने लगभग पचास हजार रुपये के चालान काटे। यह चालान मुख्य रूप से बिना दस्तावेज या अनियमितता पाए गए वाहनों के खिलाफ जारी किए गए थे। अंचलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या अवैध गतिविधि को न होने दिया जाए। इस दौरान हनवारा थाना प्रभारी राजन कुमार राम दलबल के साथ मौजूद थे, और अतिरिक्त पुलिस बल भी इस अभियान में शामिल था। पुलिस और प्रशासन के समन्वित प्रयासों से यह अभियान सफलतापूर्वक चलाया गया, और लोगों को यह संदेश दिया गया कि चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण संपन्न, चुनाव प्रक्रिया से संबंधित दी गई जानकारी

**निज संवाददाता | गोड्डा**



जिला मुख्यालय स्थित महिला कॉलेज परिसर में विधानसभा चुनाव के सफल संचालन के उद्देश्य से पीठासीन पदाधिकारियों और मतदान अधिकारियों का पार्टी मिलान प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में 642 मतदान कर्मियों ने हिस्सा लिया जहां उन्हें चुनाव प्रक्रिया से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। प्रशिक्षण सत्र में अपर समाहर्ता सह नोडल पदाधिकारी प्रशिक्षण कोषांग प्रेमलता टुडू के द्वारा सभी कक्षों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उनके द्वारा सभी मतदान कर्मियों को पूरी तत्परता से प्रशिक्षण लेने और जीरो एरर के साथ मतदान संपन्न कराने की हिदायत दी गई वहीं मास्टर प्रशिक्षकों द्वारा मतदान अधिकारियों को चुनाव के दिन होने वाली संभावित समस्याओं के साथ-साथ चुनाव पूर्व, चुनाव के दिन और चुनाव के बाद की जाने वाली प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान चुनाव आयोग द्वारा जारी विभिन्न ऐप मतदाता सेवा पोर्टल, मतदाता हेल्पलाइन ऐप, सक्षम ऐप और सी- विजिल ऐप को भी सभी मतदान कर्मियों से अपने मोबाइल में इंस्टॉल करने का निर्देश दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला शिक्षा पदाधिकारी मिथिला टुडू, मास्टर ट्रेनर समेत प्रशिक्षण कोषांग के कर्मीगण मौजूद थे।

## रक्तदान शिविर में 39 लोगों ने किया रक्तदान

**दुमका (नि. सं.)।** जिले में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर स्वीप (सिस्टमेटिक वोटर एजुकेशन और एलेक्शन पार्टिसिपेशन) कोषांग द्वारा रामगढ़ और जरमुंडी प्रखंड में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य जहां एक ओर लोगों में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना था, वहीं दूसरी ओर मतदाताओं को मतदान के प्रति भी जागरूक करना था। रामगढ़ में आयोजित रक्तदान शिविर में 35 लोगों ने अपने स्वेच्छा से रक्तदान किया, जबकि जरमुंडी में यह संख्या 4 रही। इस रक्तदान शिविर के दौरान 39 लोगों ने रक्तदान किया, जो एक सराहनीय पहल है। इस अवसर पर सहायक समाहर्ता अभिनव प्रकाश ने उपस्थित लोगों से अपील की कि वे 20 नवंबर को अपने मतदान केंद्र जाकर मतदान करें और लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

# चुनाव की तैयारियों के तहत जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने पोस्टल वोटिंग सेंटर का किया निरीक्षण

**निज संवाददाता | मसलिया**



जिले में विधानसभा चुनाव की तैयारियों के तहत जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने मंगलवार को राजकीय शास्त्री स्मारक मध्य विद्यालय, खूंटाबाँध स्थित पोस्टल वोटिंग सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदान केंद्र पर सभी व्यवस्थाओं का अवलोकन किया और पोस्टल बैलट से मतदान के लिए निर्धारित सभी प्रक्रिया और सुविधाओं को सुनिश्चित करने की दिशा में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। पोस्टल बैलट के माध्यम से मतदान करने के लिए यह सेंटर महत्वपूर्ण है, जहां जिले के पोलिंग पर्सनल और द्वितीय चरण के मतदाता 15 नवंबर 2024 तक मतदान कर सकेंगे। यह मतदान प्रक्रिया पूर्वाह्न 9 बजे से अपराह्न 5 बजे तक चलेंगे। इस विशेष व्यवस्था का लाभ उन कर्मचारियों को मिलेगा, जो मतदान स्थल पर पहुंचने में असमर्थ हैं या जिन्हें अन्य कारणों से मतदान केंद्र पर जाने में कठिनाई हो सकती है। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन आयोग के सभी निदेशों का पालन करते हुए मतदान प्रक्रिया को पूरी तरह से निष्पक्ष और सुरक्षित तरीके से सम्पन्न कराया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को यह निर्देश दिया कि जिन मतदाताओं ने पोस्टल बैलट के माध्यम से मतदान करने का विकल्प चुना है, उन सभी को मतदान केंद्र की जानकारी सही तरीके से दी जाए, ताकि कोई भी मतदाता अपने अधिकार से वंचित न रहे। इसके अलावा, मतदान केंद्र पर सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित किया जाए और मतदाता अपने मत का प्रयोग पूरी तरह से सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से कर सकें। आंजनेयुलु दोड्डे ने यह भी सुनिश्चित किया कि पोस्टल वोटिंग के लिए निर्धारित प्रक्रिया की सभी सटीक जानकारी समय पर संबंधित कर्मचारियों और मतदाताओं तक पहुंचाई जाए, ताकि मतदान के दौरान कोई भी भ्रम की स्थिति उत्पन्न न हो। साथ ही, उन्होंने मतदान प्रक्रिया के दौरान पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखने की बात कही। इस अवसर पर उपायुक्त ने मतदान केंद्र के अंदर की स्थिति, सुविधाओं और सुरक्षा व्यवस्था का भी अवलोकन किया और चुनाव की पारदर्शिता और निष्पक्षता को सुनिश्चित करने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने मतदान केंद्र पर सुविधाओं और व्यवस्थाओं को लेकर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि हर कदम पर निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन का पालन सुनिश्चित किया जाएगा। इस निरीक्षण के बाद जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने पत्रकारों से बात करते हुए बताया कि चुनाव की प्रक्रिया के दौरान सभी मतदान केंद्रों और पोस्टल बैलट केंद्रों में सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं, ताकि चुनाव शांतिपूर्वक और निष्पक्ष रूप से संपन्न हो सके। उन्होंने मतदाताओं से भी अपील की कि वे मतदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और लोकतंत्र की इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया का हिस्सा बनें। इस दौरान निर्वाचन अधिकारियों के साथ-साथ स्थानीय पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने भी मतदान केंद्र पर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की।

# रोटी माटी की लाज रखने के लिए और राज्य का चौतरफा विकास के लिए भाजपा को करे मतदानः सुनील सोरेन

**निज संवाददाता | मसलिया**



मसलिया प्रखंड के गोलबंधा, नयाडीह, कुंजबोना, धोबनाहरिनबहाल पंचायतों के दर्जनों गांवों में भाजपा प्रत्याशी पूर्व सांसद सुनील सोरेन ने जनसंपर्क किया। उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण बीस नवंबर को भाजपा पक्ष में मतदान करने की अपील किया। कहा कि झारखंड को खोखला कर रहे सरकार से बचाने के लिए, घुसपैठ को रोकने के लिए, रोटी माटी की लाज रखने के लिए और राज्य का चौतरफा विकास के लिए भाजपा को अपना बहुमूल्य वोट भाजपा को दें। एक समय ऐसा था कि हमारे क्षेत्र में गरीब गुरबा लोग ताल के पत्तों के नीचे, फुंस की छावनी व मिट्टी के दीवाल में रहने को मजबुर रहते थे। लेकिन ऐसे लोगों के बारे में पीएम नरेंद्र मोदी ने सोच कर प्रधान मंत्री आवास योजना लेकर आई। कोई छोटा मोटा रोग हो जाने के बाद लोग बैल बकरी खेत खलिहान बेचकर अपना इलाज कराने पर मजबुर था। भाजपा पार्टी ने आयुष्मान योजना लेकर हर एक गरीबों तक आयुष्मान कार्ड में पांच पांच लाख की राशि डाली आज मै दावे के साथ यह कह सकता हूं कि अभी अपनी बीमारी के खर्च में किसी को खेत खलिहान नहीं बेचना पड़ता होगा। इसलिए साफ मंसूबे रखने वाली पार्टी के पक्ष में वोट करें। झामुमो सरकार हर तरफ लूटने का काम कर रही है। बूढ़े बुजुर्गों का पेंशन रोककर जवान सक्षम लोगों को एक एक हजार रुपए देकर केवल और केवल बरगलाने का काम कर रही है। आने वाले समय में यह भी नहीं दे पाएगा । इसलिए सावधान होकर सोच समझ कर अपना बहुमूल्य मत का उपयोग करें। मौके पर दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## श्रीमद्भागवद कथा में सुनाई गई भक्तराज ध्रुव की कथा

**मसलिया (नि.सं.)।** प्रखंड क्षेत्र के बास्कीडीह पंचायत के आस्तजोड़ा में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवद कथा के चौथा दिवस कथावाचक संत उदित जी महाराज ने किया भक्तराज ध्रुव की कथा सुनाई। संत उदित महाराज ने कथा का वर्णन करते हुए कहा कि,प्राणी मात्र चाह ले तो क्या नही पा सकते हैं। इसका जीता जागता उदाहरण भक्तराज ध्रुव जी महाराज है। राजा उत्तानपाद की सुनीति,सुरुचि दो पत्नी थी। ध्रुव महाराज जब अपने पिता राजा उत्तानपाद के गोद में बैठा था,तो उसे उनकी सौतेली माता सुरुचि ने महाराज के गोद से झुंझ कारते हुए उठा दिया और कहा कि इसके लिए तुम्हें मेरी कोख से जन्म लेना पड़ेगा। छोटे से बालक ध्रुव सारी आपबीती जब मां सुनीति सुनाई तो मां कहा कि तुम तो आभागा उसी समय हो गया था। जब मेरी कोख से जन्म लिया था। कोई बात नही तुम भगवान परमेश्वर का गोद में बैठेगा। श्री हरि नारायण का जप करो।

# वन औषधि एवं सूपर फूड की खेती विपणन पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**निज संवाददाता | रानीश्वर (दुमका)**



वन औषधि एवं सूपर फूड की खेती विपणन पर पंचायत भवन कुमिरदहा में मंगलवार को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन खुदीराम मोहाली के उपस्थिति में किया गया| जिसमें बिहार की कंपनी करवो किसान चिया सीड की ओर से खेती से फायदा के बारे में प्रशिक्षण दिया गया| कार्बन के पार्टनर देवेश जोशी के द्वारा एक एकड़ में कृषि करके ज्यादा से ज्यादा 50,000 का लाभ बताया गया| बताया गया कि वन औषधि एवं सूपर फूड की खेती से अन्य फसल की तुलना में 5 गुना ज्यादा फायदा हो सकता है| रानीश्वर प्रखंड में यूथ एसोसियेशन फार रूरल डेवलपमेंट संस्था के माध्यम से विभिन्न पंचायत में 15 कृषकों के बीच चिया सीड वितरण किया गया| यह फसल दिसंबर माह के अंत तक बोई जा सकती है और उसे मार्च महीना में काटा जा सकेगा| बताया कि नया-नया बन औषधि एवं सुपर फूड की खेती करके किशोरों की आय वृद्धि करने में मदद करने के लिए प्रयासरत है| करवो किसान के देवेश जोशी एवं मोहन यादव उपस्थित होकर किसानों को प्रशिक्षण दिया। कार्यशाला में बीज भी दिया गया, जिसमें शकील खान 5 एकड़ में चिया सीड की खेती करेंगे| पाठजोड़ पंचायत के भव सिंधु घोष 1 एकड़, उज्जवल घोष 2 एकड़, नवकुमार छोटका हांसदा एक बीघा में खेती करेंगे। कार्यालय में तपन साहा, अपराजिता मंडल, बरनाली मंडल,बरनाली कुनूई, अपर्णा कुनूई, दीपक माझी, बृजेश्वर माझी, निर्भय कुमार मंडल, सुदीप पाल, अनिकेत सोरेन एवं यार संस्था के सचिव अनिमेष मंडल उपस्थित थे। बताया गया है कि अनिमेष मंडल रानीश्वर प्रखंड में विभिन्न गांवों में मेडिसिनल प्लांट एवं सुपर फूड की खेती के लिए प्रयासरत है|

# दीपिका पांडे सिंह ने मेहरमा प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों गांव में चलाया जनसंपर्क अभियान

**निज संवाददाता | महागामा**



महागामा विधानसभा क्षेत्र की कांग्रेस प्रत्याशी दीपिका पांडे सिंह ने मंगलवार को मेहरमा प्रखंड क्षेत्र के साहिब, धमडी, ईटहरी, शोभापुर, सुखाड़ी आदि गांव में जनसंपर्क अभियान चलाया। वहीं जनसंपर्क अभियान के दौरान डोर-टू-डोर लोगों से मुलाकात की। इस दौरान दीपिका पांडे सिंह ने कहा कि वे क्षेत्र वासियों के साथ हमेशा खड़ी रहती है और रहेगी। क्षेत्र वासियों की हर समस्याओं का समाधान निकालने के लिए तत्पर रहेगी उन्होंने ने विस्वास दिलाया कि पिछले कार्यकाल की तरह वे भविष्य में भी लोगों की सेवा में कोई कमी नहीं होगी। शिकायत और सुझाव उनके लिए महत्वपूर्ण है और अपनी समस्याओं को खुलकर सामने रखें ताकि वे प्रभावी कदम उठा सके। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र वासियों से अपील किया कि वे उन्हें अपना समर्थन दे ताकि वे मिलकर क्षेत्र के विकास और जनहित के कार्य को बढ़ा सकें। वहीं जनसंपर्क के दौरान सुखाड़ी गांव में अस्थायी मुखिया और महिलाओं ने फूल माला पहनाकर कर उनका स्वागत किया।

## एसआरटी कॉलेज में चलाया गया जागरूकता अभियान

**मेहरमा (नि.सं.)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, मेहरमा इकाई द्वारा नगर मंत्री ब्रजेश कुमार की अगुआई में प्रदेश मंत्री सौरभ झा की उपस्थिति में मंगलवार को मतदाता जागरूकता अभियान मेहरमा प्रखंड के रघुनंदन तिवारी महाविद्यालय धमड़ी में चलाया गया। कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेश मंत्री सौरभ झा ने शत प्रतिशत मतदान को लेकर आग्रह किया। साथ ही कहा कि हम केवल अपना वोट ही नहीं बल्कि अन्य लोगों से भी मतदान के लिए आग्रह करेंगे और करवाएंगे ऐसा संकल्प लेने की आवश्यकता है। मौके पर ब्रजेश कुमार, अखिलेश कुमार, रानी कुमारी, राखी कुमारी, उत्तम कुमार समेत दर्जनों छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# गोड्डा क्रिकेट एकेडमी ने अचीवर प्वाइंट को 87 रनों से पराजित कर की शानदार जीत हासिल

**निज संवाददाता | गोड्डा**




जिला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में आयोजित रितेश मेमोरियल स्कूल लीग में मंगलवार को खेले गए पहले मुकाबले में गोड्डा क्रिकेट एकेडमी ने अचीवर प्वाइंट को 87 रनों से पराजित कर शानदार जीत हासिल की। वहीं पहले बल्लेबाजी करते हुए गोड्डा क्रिकेट एकेडमी ने 18 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 170 रन का स्कोर खड़ा किया।सत्यम कुमार ने 56 रन एवं तन्मय राज ने 47 रन की पारी खेली। सावन ने 2 विकेट प्राप्त किया। वहीं जवाबी पारी में अचीवर प्वाइंट की टीम सिर्फ 83 रन पर ऑल आउट हो गई। जिसमें अंकित ने सर्वाधिक 26 रन की पारी खेली।

अंता कुमार ने 3 विकेट प्राप्त किया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार अंता कुमार को संघ के आजीवन सदस्य रणधीर जायसवाल के द्वारा दिया गया। आज खेले गए दूसरे मैच में स्पार्टन क्रिकेट एकेडमी महागामा ने बेथेल मिशन स्कूल को 7 विकेट से पराजित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए बेथेल मिशन स्कूल की 16 ओवर में ही 105 रन पर ऑल आउट हो गई।अरमान ने सर्वाधिक 29 रन की पारी खेली। आरव कुमार और फैजल ने 3-3 विकेट प्राप्त किया। जवाब में स्पार्टन क्रिकेट एकेडमी महागामा की टीम ने 12 ओवर में ही 3 विकेट के नुकसान पर 106 रन बनाकर मैच जीत लिया। आरव राज ने 40 और हरिओम ने नाबाद 32 रन की पारी खेली। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार आरव कुमार को संघ के आजीवन सदस्य राजू सिंह के द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर सनोज कुमार, मुकेश मंडल, संजीव कुमार, प्रभु, विजय कुमार, तौसीफ, राजन झा, बबलू सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# लंदन की शिविया फाउंडेशन संस्था से आयी ऑली और विक्टोरिया ने पहाड़िया महिलाओं से किया संवाद

**निज संवाददाता | गोड्डा**



स्वयंसेवी संस्था साथी के कार्य क्षेत्र बोआरीजोर के बड़ाकेरा, परसिया और छोटा बोआरीजोर में लंदन की शिविया फाउंडेशन संस्था से आयी ऑली और विक्टोरिया ने पहाड़िया समुदाय की महिलाओं से संवाद किया। इस संवाद के दौरान उन्होंने इन महिलाओं के जीवन के हालात को समझा और उनके आर्थिक सशक्तिकरण के लिए किए गए प्रयासों पर चर्चा की। शिविया फाउंडेशन और साथी संस्था के सहयोग से इन क्षेत्रीय पहाड़िया और आदिवासी परिवारों को आजीविका संवर्धन के लिए मुर्गी पालन और कृषि क्षेत्र में सहायता प्रदान की गई है। ऑली और विक्टोरिया ने बोआरीजोर के विभिन्न गांवों का भ्रमण किया और वहां के महिलाओं से बातचीत की। इस दौरान ऑली ने कहा, 'साथी संस्था कठिन और पिछड़े क्षेत्रों में ईमानदारी से कार्य कर रही है और पहाड़िया परिवारों की आजीविका संवर्धन के लिए सराहनीय प्रयास कर रही है।' उन्होंने बताया कि साथी संस्था ने जिस तरह से ग्रामीणों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए काम किया है, वह अत्यधिक प्रशंसा योग्य है। इस दौरान बड़ाकेरा गांव की अजरी पहाड़ीन ने बताया कि साथी संस्था के सहयोग से मुझे सत्तर मुर्गियों के चूजे और उनके लिए खाद्य सामग्री प्राप्त हुआ था। मैंने इन चूजों को पाला और जब वे बड़े होकर मुर्गियां बन गए, तो मैंने उन्हें बेचकर अपनी आय में वृद्धि की। इसके बाद मैंने एक बकरी भी खरीद ली। इसके साथ ही मैंने आलू का बीज लेकर आलू की खेती शुरू की है, जिससे मुझे और अधिक आमदनी की उम्मीद है। अजरी ने यह भी कहा कि अब सब्जी की खेती से भी उसकी आमदनी बढ़ेगी। दूसरी किसान मदिया पहाड़ीन ने भी अपनी सफलता साझा की। उन्होंने बताया कि मुर्गी पालन से जो लाभ हुआ, उससे उसने गांव में एक छोटा सा दुकान खोला है, जिससे उसकी आमदनी में भी इजाफा हुआ है। इन सफलताओं को सुनकर ऑली और विक्टोरिया बहुत खुश हुईं और उन्होंने इन पहाड़िया महिलाओं के प्रयासों की सराहना की। इस दौरान बड़ाकेरा पहुंचने पर वहां की महिलाओं ने पारंपरिक तरीके से ऑली और विक्टोरिया का जोरदार स्वागत किया। विदेशी मेहमानों को देखकर वहां की महिलाएं गाना, नृत्य और लोक परंपराओं के माध्यम से अपनी खुशियों का इज़हार कर रही थीं। इस गर्मजोशी से स्वागत को देखकर ऑली और विक्टोरिया बहुत प्रसन्न हुईं और उन्होंने इस स्वागत को दिल से स्वीकार किया। भ्रमण दल में साथी संस्था के कालेश्वर मंडल, हेमकांत मुर्मू, पिंकी, नीरज ठाकुर, असफाक, सकुमार, रविकांत, सुनीता और शिविया फाउंडेशन से जो राव और चंद्राणी बनर्जी भी मौजूद थे। इस कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि अगर समुदायों को सही दिशा में सहायता और मार्गदर्शन मिले, तो वे अपनी स्थिति को बेहतर बना सकते हैं। ऑली और विक्टोरिया ने इस कार्य को एक मिसाल के रूप में देखा और इसके लिए साथी संस्था और संबंधित स्थानीय समुदायों को धन्यवाद दिया। इस अभियान के दौरान महिलाओं के साथ इस प्रकार के संवाद से यह भी स्पष्ट हुआ कि ग्रामीण क्षेत्रों में मुर्गी पालन और कृषि जैसे छोटे-छोटे प्रयासों से ही जीवन में बड़ा बदलाव लाया जा सकता है। साथी संस्था और शिविया फाउंडेशन के सहयोग से ग्रामीण महिलाएं आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रही हैं, जिससे उनके परिवारों की आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है। यह संवाद और भ्रमण न केवल महिलाओं के आत्मविश्वास को बढ़ावा देने का कारण बना, बल्कि इसने क्षेत्र के विकास और सशक्तिकरण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम उठाया।

# उपायुक्त ने तय समय पर पोस्टल बैलेट से मतदान सुनिश्चित करने का दिया निर्देश

## हर कर्मचारी को मतदान का अधिकार सुनिश्चित करने पर जोर

निज संवाददाता | पाकुड़




पाकुड़ जिले में आगामी चुनावों को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय सभागार में पोस्टल बैलेट कोषांग एवं अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में उपायुक्त ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे अपने निर्धारित समय पर पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान अवश्य करें, ताकि मतदान प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की कोई कमी न रहे। उपायुक्त मनीष कुमार ने बैठक में एसेंशियल सर्विसेज श्रेणी में कार्यरत सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को विशेष निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि चुनाव कार्य में प्रतिनियुक्त किए गए सभी कर्मियों के लिए यह सुनिश्चित किया जाए कि वे अपने मतदान का अधिकार शत प्रतिशत पोस्टल बैलेट के माध्यम से प्राप्त करें और इसे निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करें। इससे यह सुनिश्चित होगा कि चुनाव प्रक्रिया में सभी अधिकारी और कर्मचारी अपनी भागीदारी निभा सकें और किसी प्रकार का मतदाता छूटने का सवाल न उठे। उपायुक्त ने यह भी कहा कि किसी भी कोषांग में कार्यरत कोई भी कर्मचारी मतदान करने से छूटे नहीं। उन्होंने बैठक में मौजूद सभी निर्वाची पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे इस बात का विशेष ध्यान रखें कि सभी कर्मचारियों को पोस्टल बैलेट से मतदान के लिए पर्याप्त समय और अवसर मिले। बैठक के दौरान उपायुक्त ने विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की।

उन्होंने सभी कोषांगों से यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि मतदान के समय पर कोई भी कर्मचारी छुट न जाए और सभी को बिना किसी कठिनाई के मतदान का अधिकार प्राप्त हो। साथ ही उन्होंने चुनाव की प्रक्रिया को पारदर्शी, शांतिपूर्ण और निष्पक्ष बनाने के लिए सभी अधिकारियों से पूरी मेहनत और ईमानदारी से काम करने का अनुरोध किया। उपायुक्त ने इस दौरान यह भी बताया कि निर्वाचन कार्य में समन्वय बनाए रखना अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर किसी प्रकार की अव्यवस्था नहीं होनी चाहिए, और सभी मतदान संबंधित कार्यों को समय पर और सही तरीके से पूरा किया जाना चाहिए। इसके लिए संबंधित अधिकारियों को उनके कर्तव्यों के बारे में पहले ही स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं ताकि कोई भी प्रक्रिया में देरी न हो। इस बैठक में उपायुक्त मनीष कुमार ने निर्वाचन कार्य को सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए समन्वय, सहयोग और पारदर्शिता पर विशेष जोर दिया। उन्होंने सभी को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि सभी चुनाव कर्मियों को उनके कर्तव्यों के बारे में समय से अवगत कराया जाए, ताकि चुनाव के दिन किसी भी प्रकार की कोई भी समस्या उत्पन्न न हो। उपायुक्त ने अपनी बातों को समाप्त करते हुए यह कहा कि सभी प्रयासों का उद्देश्य एक निष्कलंक और सुव्यवस्थित चुनाव की दिशा में कार्य करना है। उन्होंने इस बात की भी पुष्टि की कि पोस्टल बैलेट की प्रक्रिया में कोई भी कसर नहीं छोड़ी जाएगी और हर कर्मचारी को अपना मत डालने का अधिकार दिया जाएगा। इस बैठक में जिले के सभी संबंधित अधिकारी, निर्वाचन पदाधिकारी और अन्य वरिष्ठ कर्मचारी उपस्थित थे, जिन्होंने चुनावी प्रक्रिया को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष बनाने के लिए अपने विचार रखे और आगामी चुनाव के लिए तैयारियों को अंतिम रूप देने पर जोर दिया।

# एसपी प्रभात कुमार ने लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन करने के दिए निर्देश

निज संवाददाता | पाकुड़



पाकुड़ पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को मासिक अपराध गोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें अक्टूबर माह में किए गए पुलिस कार्यों की समीक्षा की गई और आगामी कार्यों के लिए दिशा-निर्देश जारी किए गए। बैठक में पुलिस कप्तान ने विभिन्न थाना क्षेत्रों और ओपी प्रभारी, शाखा प्रभारी सहित सभी पुलिस अधिकारियों को कई अहम निर्देश दिए। एसपी प्रभात कुमार ने अक्टूबर माह में दर्ज सभी अपराधों की गहन समीक्षा की और अधिकारियों को लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी पुलिस उपाधीक्षक और निरीक्षकों को निर्देश दिया गया है कि वे अपनी प्रभागीय जिम्मेदारी के तहत लंबित पर्यवेक्षण प्रतिवेदन को एक सप्ताह के भीतर समर्पित करें ताकि मामले शीघ्रता से निपटाए जा सकें। एसपी ने जिले में अवैध खनन, विशेष रूप से कोयला, बालू और पत्थर के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण पर रोक लगाने का कठोर आदेश दिया। उन्होंने बताया कि जिला खनन टास्क फोर्स से समन्वय स्थापित कर इस संदर्भ में लगातार अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। एसपी ने इस अभियान को और तेज करने की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए कहा कि अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

एसपी ने लूट, डकैती, चोरी और छिनतई जैसी घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन घटनाओं को रोकने के लिए निरंतर पेट्रोलिंग और गश्त बढ़ाई जाएगी। उन्होंने विशेषकर बैंक, एटीएम, ज्वैलरी शॉप, मार्केट और मंदिर जैसे स्थानों के आसपास पेट्रोलिंग पार्टियों को मुस्तैदी से तैनात करने का निर्देश दिया ताकि इन स्थानों पर किसी भी तरह की आपराधिक गतिविधियों को रोका जा सके। एसपी ने सभी थाना प्रभारी को अपने-अपने क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाने का आदेश दिया, जिसमें लंबित वारंटों और कुर्की के निष्पादन के लिए कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान उन्होंने क्षेत्रीय पुलिस को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि कोई भी आरोपी कानून से बच न सके। एसपी ने आगामी विधान चुनाव को देखते हुए थाना क्षेत्रों में उपद्रवियों, आदतन शरारती तत्वों और सक्रिय अपराधियों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई करने की बात कही। इसके साथ ही, उन्होंने इन तत्वों पर सतत निगरानी रखने के लिए भी निर्देश दिए।

# चोरी मामले में मुंबई पुलिस को सफलता आरोपी गिरफ्तार, 80 ग्राम सोना बरामद

निज संवाददाता | साहिबगंज

साहिबगंज जिले में एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए मुंबई पुलिस ने राधानगर थाना क्षेत्र में एक छापेमारी के दौरान लाखों की चोरी के आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई मुंबई के डोंगरी थाना क्षेत्र में 8-9 अक्टूबर की रात को हुई चोरी के मामले में की गई, जिसमें आरोपी ने एक मकान से करीब 36 लाख रुपये मूल्य के गहने और अन्य कीमती सामान चुराए थे। मुंबई के डोंगरी थाना क्षेत्र में हुई इस घटना ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी थी। पुलिस के अनुसार, चोरों ने एक घर में घुसकर 36 लाख रुपये की कीमत के सोने-चांदी के गहनों और अन्य कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया था। घटना के बाद मकान मालिक ने डोंगरी थाना में अज्ञात के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू किया। सीसीटीवी फुटेज में एक संदिग्ध व्यक्ति की पहचान हुई, जिसके आधार पर पुलिस ने उसकी तलाश शुरू की। मुंबई पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज से पहचाने गए संदिग्ध की जानकारी हासिल करने के बाद, पुलिस उपनिरीक्षक ज्ञानू बाबू येडगे के नेतृत्व में एक टीम साहिबगंज जिले के राधानगर थाना क्षेत्र पहुंची। पुलिस ने स्थानीय अधिकारियों की मदद से आरोपी की पहचान सुनिश्चित की और उसे पकड़ने के लिए जाल बिछाया। छापेमारी के दौरान, पुलिस ने अमानत दियारा के लतीफ टोला निवासी हराधन शेख (उम्र 30 वर्ष) को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, हराधन के पास से 80 ग्राम सोने जैसी दिखने वाली धातु की कुछ चीजें बरामद हुई हैं, जिनमें सोने के रंग की तार और सोने जैसी लगने वाली एक अंगूठी शामिल है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने हराधन शेख को स्थानीय न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां अदालत ने आरोपी को पांच दिनों की ट्रांजिट रिमांड पर मुंबई पुलिस को सौंपने का आदेश दिया। मुंबई पुलिस अब आरोपी को मुंबई ले गई है, जहां उसे 70 मजगांव प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। इस दौरान, पुलिस मामले की गहन जांच करेगी और अन्य संभावित संदिग्धों की पहचान करने का प्रयास करेगी। सूत्रों के अनुसार, पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि चोरी की इस घटना में हराधन शेख के साथ और कौन-कौन लोग शामिल थे। इसके अलावा, चुराए गए गहनों की शेष सामग्री की भी बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस अब हराधन शेख के आपराधिक इतिहास और नेटवर्क की भी जांच कर रही है। मुंबई पुलिस यह जानने का प्रयास कर रही है कि क्या यह आरोपी किसी संगठित गिरोह का हिस्सा है या उसने अकेले ही इस चोरी की योजना बनाई थी। पुलिस का मानना है कि आरोपी का किसी बड़े आपराधिक नेटवर्क से जुड़ाव हो सकता है, जो अंतरराज्यीय स्तर पर सक्रिय है। राधानगर थाना क्षेत्र में मुंबई पुलिस की इस कार्रवाई से स्थानीय पुलिस भी सतर्क हो गई है। स्थानीय पुलिस ने क्षेत्र के संदिग्ध व्यक्तियों और अन्य बाहरी लोगों पर नजर रखने का निर्देश जारी किया है ताकि इस तरह की घटनाओं को भविष्य में रोका जा सके।

# अनाज लेकर भागने का आरोप, पुलिस ने पकड़ा

तालझारी (नि. सं.)। प्रखंड के बड़ा दुर्गापुर पंचायत के तेलो गांव के जनवितरण दुकान से पारसबानी गांव के कुछ लोग गोदाम का ताला तोड़कर अनाज को लूट कर ट्रैक्टर में लोड कर भाग रहे थे। जन वितरण दुकानदार रामचरण मालतो ने घटना की जानकारी तीनपहाड़ थाना को दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अनाज को कब्जे में ले लिया। कुछ ग्रामीणों को पड़कर थाना लाया गया। ग्रामीणों ने पुलिस को बताया कि सुबह से कार्डधारियों को अनाज देने की बात कहकर बुलाकर दूसरे दिन वितरण करने की बात कहने पर ग्रामीण उग्र हो गए। वहीं राशन दुकानदान ने थाना प्रभारी को बताया कि बिजली नहीं रहने से पॉस मशीन बंद होने की वजह से अनाज वितरण करने में परेशानी हो रही थी। मौके पर मौजूद कतिपय कार्डधारी इसी दौरान गाली गलौज करते हुए उसकी राशन दुकान का अनाज को ट्रैक्टर में लोडकर लेकर जा रहे थे। इसबीच तालझारी थाना में ग्रामीण और डॉलर के साथ बैठक कर थाना प्रभारी ने दोनों पक्ष को समझा बुझा कर थाना की निगरानी में मंगलवार को अनाज वितरण कराने की बात कही।

# डीसी ने निर्देशित किए मतदान व्यवस्था के विभिन्न पहलू

- सेक्टर पदाधिकारियों के लिए विशेष वाहन
- सभी कार्य आपसी समन्वय से ससमय पूर्ण हों: डीसी का निर्देश
- सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस प्रशासन के साथ समन्वय
- बैठक में उपस्थित अधिकारी और उनके दायित्व

निज संवाददाता | जामताड़ा

जामताड़ा के समाहरणालय सभागार में सोमवार को डीसी कुमुद सहाय की अध्यक्षता में चुनाव तैयारियों को लेकर विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य मतदान कर्मियों की रवानगी, वाहन टैगिंग, और बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं को मतदान केन्द्रों तक पहुँचाने के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करना था। इस दौरान डीसी ने सभी प्रमुख बिंदुओं की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए ताकि आगामी चुनाव शांतिपूर्ण, भयमुक्त और त्रुटिरहित तरीके से संपन्न हो सके। बैठक में डीसी कुमुद सहाय ने मतदान केंद्रों पर कर्मियों की तैनाती, पोलिंग पार्टी के डिस्पैच सेंटर से रवानगी, और सेक्टर पुलिस पदाधिकारी तथा अन्य सुरक्षा कर्मचारियों की व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा की। डीसी ने बताया कि चुनाव प्रक्रिया में किसी भी तरह की परेशानी से बचने के लिए सभी पोलिंग पार्टियों को डिस्पैच सेंटर पर सुबह 5 बजे तक पहुंचना अनिवार्य है। पोलिंग पार्टियों के परिवहन के लिए कुल 156 छोटी और बड़ी बसों की व्यवस्था की गई है ताकि मतदान कर्मियों को समय पर उनके निर्दिष्ट स्थानों पर भेजा जा सके। डीसी ने विशेष रूप से दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं की सुविधाओं पर जोर देते हुए कहा कि उन्हें मतदान केंद्रों तक लाने और ले जाने के लिए कुल 639 ऑटो, टोटो, और अन्य छोटे वाहनों की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही, उन्होंने यह सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वाहनों की टैगिंग और उनकी उपलब्धता का सही प्रकार से प्रबंधन हो। यह सुनिश्चित करने के लिए हर मतदान केंद्र के लिए अलग-अलग वाहनों को चिन्हित कर दिया गया है, ताकि किसी भी समय वाहन की कमी या असुविधा का सामना न करना पड़े। सेक्टर पदाधिकारियों को भी अपने क्षेत्रों में सुचारू संचालन के लिए 91 छोटी गाड़ियों की आवश्यकता होगी, जिनमें से 15 गाड़ियाँ अतिरिक्त रिजर्व के रूप में रखी गई हैं। यह व्यवस्था इसलिए की गई है कि किसी भी आकस्मिक परिस्थिति में चुनाव कार्य में बाधा उत्पन्न न हो और सभी मतदान केंद्रों पर सही समय पर पहुँचने की व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो सके। डीसी कुमुद सहाय ने सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय बनाए रखने पर जोर दिया और कहा कि चुनाव प्रक्रिया का प्रत्येक कार्य ससमय और त्रुटिरहित तरीके से सम्पन्न होना चाहिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि मतदाता अनुभव को सर्वोत्तम बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि मतदान दिवस के दौरान किसी भी अव्यवस्था या असुविधा से बचने के लिए सभी तैयारियों को समय से पहले ही पूरी तरह से कर लेना आवश्यक है। चुनाव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर डीसी ने एसपी डॉ. एहतेशाम वकारिब, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विकास आनंद लांगुरी और पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय के साथ समन्वय बैठक की। उन्होंने निर्देश दिया कि मतदान केंद्रों पर सुरक्षा बलों की उपस्थिति और क्षेत्र में शांति बनाए रखने के लिए हर संभव कदम उठाए जाएं ताकि मतदाता बिना किसी डर के अपने मत का प्रयोग कर सकें। इस अहम बैठक में एसपी डॉ. एहतेशाम वकारिब, आईटीडीए निदेशक जुगनू मिंज, जिला परिवहन पदाधिकारी मनोज कुमार, भूमि उप समाहर्ता ओम प्रकाश मंडल, उप निर्वाचन पदाधिकारी विजय कुमार, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। इन सभी अधिकारियों को उनके दायित्वों का बोध कराते हुए डीसी ने कहा कि वे अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी ईमानदारी और तत्परता के साथ करें ताकि चुनाव प्रक्रिया में किसी प्रकार की बाधा न आए। बैठक के अंत में डीसी कुमुद सहाय ने कहा कि जिला प्रशासन पूरी जिम्मेदारी और पारदर्शिता के साथ आगामी चुनाव को शांतिपूर्ण और सफल बनाने के लिए कृतसंकल्प है। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारियों और कर्मचारियों का यह कर्तव्य है कि वे चुनाव कार्यों को लेकर सतर्क और समर्पित रहें, ताकि जिले के सभी मतदाता आसानी से अपने अधिकार का प्रयोग कर सकें। इस तरह, जामताड़ा में चुनाव की तैयारियों को लेकर की गई इस बैठक से यह स्पष्ट हो गया कि जिला प्रशासन बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं को विशेष सुविधाएं प्रदान करने, सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने और चुनाव को व्यवस्थित और सफल बनाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहा है।

### विजेता टीम को पांच हज़ार और उपविजेता को मिला 2500 का पुरस्कार

# एकदिवसीय डे-नाइट वॉलीबाल टूर्नामेंट में कैमूर की टीम ने नौडिहा बाजार को किया पराजित

निज संवाददाता | छतरपुर



छतरपुर स्थित बिजली कॉलोनी परिसर में आयोजित एकदिवसीय डे-नाइट नॉकआउट वॉलीबाल टूर्नामेंट का समापन कैमूर (बिहार) की टीम की शानदार जीत के साथ हुआ। इस टूर्नामेंट में कैमूर की टीम ने नौडिहा बाजार की टीम को कड़े मुकाबले में 2-1 से पराजित कर ट्रॉफी पर कब्जा जमा लिया। बेस्ट ऑफ थ्री के इस रोमांचक मैच में नौडिहा बाजार की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए कैमूर को कड़ी टक्कर दी, लेकिन आखिरकार कैमूर की टीम अपनी तकनीकी मजबूती और दमखम के दम पर विजेता बनने में कामयाब रही। इस टूर्नामेंट का उद्घाटन बिजली विभाग के जेई गुलवन्त कुमार, शिक्षक कृष्ण कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता अरविन्द गुप्ता और शिक्षक प्रेम शर्मा ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। टूर्नामेंट के समापन पर बतौर अतिथि शिक्षक कृष्ण कुमार, अरविन्द गुप्ता और प्रेम शर्मा ने विजेता टीम को 5,000 रुपये नकद और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

उपविजेता टीम नौडिहा बाजार को भी 2,500 रुपये नकद और ट्रॉफी प्रदान की गई। इस सम्मान से खिलाड़ियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला और वे अपनी मेहनत को सफल मानते हुए पूरे जोश के साथ ट्रॉफी उठाते नजर आए। छतरपुर में 20 सालों बाद आयोजित इस वॉलीबाल टूर्नामेंट को लेकर पूरे इलाके में खासा उत्साह था। इस आयोजन में सैकड़ों दर्शकों की भीड़ जुटी, जिन्होंने खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने के लिए तालियों और नारों से मैदान को गूंजा दिया। रेफरी के रूप में आनंद कुमार, शिक्षक अरविन्द कुमार और अक्षय कुमार ने निष्पक्षता से अपनी भूमिका निभाई और खेल को संजीदगी से संचालित किया। इस आयोजन को सफल बनाने में छतरपुर वॉलीबाल टीम के आनंद कुमार, अक्षय कुमार, शोभित कुमार, मुकेश विश्वकर्मा, धर्मेंद्र कुमार, प्रदीप विश्वकर्मा, पप्पू कुमार, गुड्डू विश्वकर्मा, गौतम सागर, सन्तोष टाइगर और सन्दीप कुमार सहित दर्जनों युवा कार्यकर्ताओं ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। सभी ने दिन-रात मेहनत कर इस आयोजन को सफल बनाने के लिए एकजुट होकर काम किया। इस ऐतिहासिक टूर्नामेंट से क्षेत्र के युवाओं में खेल के प्रति जागरूकता बढ़ी है, और आयोजकों ने आश्वासन दिया कि अगले साल भी इस तरह के आयोजन किए जाएंगे। टूर्नामेंट का सफल आयोजन यह साबित करता है कि छतरपुर में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, और वे बड़े मंचों पर छतरपुर का नाम रोशन करने का माद्दा रखते हैं।

# चेकनाका पर जांच में 1.52 लाख रुपए जब्त

साहिबगंज (नि.सं.)। विधानसभा चुनाव को लेकर झारखंड व पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती क्षेत्र के फरीदपुर चेकनाका में सोमवार को वाहन जांच के दौरान मजिस्ट्रेट समीर कुमार मंडल एवं बरहड़वा थाना के चौकीदार सोनू लाल श्रीवास्तव ने एक ऑटो से एक लाख 52 हजार छह सौ पचास रुपए बरामद किए हैं। ऑटो में सवार दो व्यक्ति ने पूछताछ के दौरान बताया उक्त रुपए लेकर गुमानी से औरंगाबाद दवा लेने जा रहे हैं, लेकिन दवा से संबंधित किसी भी प्रकार के दस्तावेज नहीं दिखा पाए। बरहड़वा थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह ने बताया कि उक्त व्यक्ति के द्वारा राशि से संबंधित कोई भी कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया है। इसकी सूचना वरीय पदाधिकारी को दी गई है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# एनडीए की सरकार बनी तो झारखंड में दस नए मेडिकल कॉलेज: भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा

निज संवाददाता | गिरिडीह



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने मंगलवार को बगोदर और देवरी में आयोजित चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड में एनडीए की सरकार बनने के बाद राज्य में 10 नए मेडिकल कॉलेज खोले जाएंगे। इसके साथ ही उन्होंने यह भी घोषणा की कि गैस सिलेंडर की कीमत 500 रुपये में उपलब्ध कराई जाएगी और साल में दो सिलेंडर त्योहारों के अवसर पर मुफ्त में दिए जाएंगे। नड्डा ने बताया कि झारखंड की जनता को गोगो दीदी योजना का भी लाभ मिलेगा, जो सरकार बनने के तुरंत बाद लागू कर दी जाएगी। नड्डा ने विपक्षी दलों पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस, झामुमो और राजद जैसी पार्टियां परिवारवाद की नीतियों पर काम करती हैं और झारखंड की वर्तमान हेमंत सरकार पूरी तरह से भ्रष्टाचार में लिप्त है। उन्होंने हेमंत सोरेन पर तंज कसते हुए कहा कि वे आज बेल पर बाहर हैं, लेकिन वे दोषमुक्त नहीं हुए हैं। इसके साथ ही उन्होंने इंडिया गठबंधन के नेताओं और मंत्रियों की भी आलोचना की, जिनमें से कई जेल में हैं और कुछ बेल पर बाहर हैं। केंद्रीय मंत्री ने मोदी सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में कई ऐतिहासिक विकास कार्य हुए हैं, लेकिन हेमंत सरकार के कार्यकाल में झारखंड में केवल भ्रष्टाचार और लूट मचाई गई है। उन्होंने राज्य में बिजली, सड़कों और अन्य विकास कार्यों की कमी को लेकर सरकार को कटघरे में खड़ा किया। नड्डा ने भाजपा के उम्मीदवारों की भी सराहना की और जनता से अपील की कि वे आगामी चुनावों में भाजपा को समर्थन दें, ताकि झारखंड में भी विकास की नीतियों को बढ़ावा मिल सके। इस अवसर पर बगोदर में केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, भाजपा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र राय, भाजपा उम्मीदवार नागेंद्र महतो, जिप उपाध्यक्ष छोटेलाल यादव, प्रमुख आशा राजा, देवरी में भाजपा प्रत्याशी डॉ मंजू कुमारी, छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम विजय शर्मा और जिलाध्यक्ष महादेव दुबे समेत कई प्रमुख नेता मौजूद थे।

# डायरिया की चपेट में आया व्यक्ति, इलाज जारी

निज संवाददाता | लिट्टीपाड़ा



प्रखंड क्षेत्र के जोरडीहा पंचायत अंतर्गत छोटा मुड़जोड़ा गांव के एक व्यक्ति डायरिया की चपेट में आ गया है, जिसका इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। यह घटना सोमवार को उस समय सामने आई जब छोटा मुड़जोड़ा चटानी टोला निवासी श्रीपीयो हांसदा को अचानक उल्टी और दस्त की शिकायत हुई। उनकी स्थिति धीरे-धीरे बिगड़ने लगी, जिसके बाद परिवार के सदस्यों ने उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी मुकेश बेसरा और डॉ. आनंद की देख-रेख में पीड़ित का इलाज किया जा रहा है। डॉ. मुकेश बेसरा ने बताया कि श्रीपीयो हांसदा की स्थिति अब सामान्य है और उन्हें जल्द ही स्वास्थ्य में सुधार होने पर डिस्चार्ज कर दिया जाएगा। चिकित्सक ने बताया कि बदलते मौसम और दूषित पानी के सेवन से स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है, जो डायरिया जैसी बीमारियों का कारण बन सकता है। उन्होंने कहा कि इस समय में विशेष रूप से खानपान पर ध्यान देने की आवश्यकता है, ताकि लोग ऐसे संक्रमण से बच सकें। मौसम में हो रहे बदलाव के साथ शरीर में होने वाली जलन और पाचन संबंधी समस्याएं भी बढ़ सकती हैं, जिससे संक्रमण का खतरा और भी बढ़ जाता है। डॉ. बेसरा ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे स्वच्छ जल का सेवन करें और अपने खानपान में सतर्कता बरतें, ताकि इस प्रकार के संक्रमण से बचा जा सके। इसके अलावा, वे अपने आस-पास के परिवेश को स्वच्छ रखें और किसी भी प्रकार के लक्षण दिखने पर तत्काल डॉक्टर से संपर्क करें। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा कर्मचारियों ने पीड़ित का नियमित परीक्षण किया और उसे सही समय पर उपचार प्रदान किया, जिससे उसकी स्थिति में सुधार आ रहा है। यह मामला क्षेत्र में स्वच्छता और पानी की गुणवत्ता को लेकर भी एक जागरूकता फैलाने का अवसर बन गया है, ताकि भविष्य में ऐसे संक्रमणों से बचा जा सके।

# सड़क दुर्घटना में एक घायल, रेफर

साहिबगंज (नि. सं.)। रांगा थाना के बरहड़वा राजमहल पथ पर कुम्हरिया गांव के पास सोमवार की शाम एक बाइक चालक चार पहिया वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया है। जानकारी के अनुसार बाकुडी के मनोज मालतो (55) अपनी बाइक से बरहड़वा से बाकुडी जा रहा था। इसी क्रम में कुम्हरिया गांव के पास विपरीत दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार टाटा पंच चार पहिया वाहन ने बाइक को धक्का मार दिया। घटना में बाइक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर गया। घटना की सूचना मिलते ही रांगा थाना पुलिस वहां पहुंच घायल को सीएचसी बरहड़वा पहुंचाया गया। प्राथमिक इलाज करने के बाद डॉक्टर ने घायल व्यक्ति को अन्यत्र रेफर कर दिया है। पुलिस ने वाहन को जब्त कर चालक को भी दबोच लिया है।

# चित्तरंजन स्टेशन पर ट्रेन के सामने पटरी पर लेटकर युवक ने की आत्महत्या, पुलिस कर रही जांच

निज संवाददाता | जामताड़ा

जामताड़ा के चित्तरंजन रेलवे स्टेशन पर एक दुखद घटना घटी, जब बिहार के जमालपुर निवासी जयदेव पासवान (उम्र लगभग 45 वर्ष) ने ट्रेन के सामने पटरी पर लेटकर अपनी जान दे दी। घटना सुबह लगभग 11:30 बजे हावड़ा-नई दिल्ली पूर्वा एक्सप्रेस ट्रेन के प्लेटफॉर्म संख्या तीन से गुजरते समय हुई। जयदेव अपने ससुराल, मिहिजाम के बढ़ाई पाड़ा में आया हुआ था। इस घटना ने आसपास के लोगों को स्तब्ध कर दिया है, और रेलवे स्टेशन पर सन्नाटा छा गया। रेलवे पुलिस के अनुसार, घटना के समय जैसे ही पूर्वा एक्सप्रेस प्लेटफॉर्म से आगे बढ़ी, जयदेव पासवान ने अचानक प्लेटफॉर्म की ओर दौड़ लगाई और ट्रेन के सामने पटरी पर लेट गया। यह नजारा देख वहां मौजूद कुछ लोग और रेलवे सुरक्षा कर्मी उसे रोकने का प्रयास करते, उससे पहले ही ट्रेन युवक के ऊपर से गुजर गई, जिसके कारण उसका शरीर तीन हिस्सों में कट गया। घटना के बाद ट्रेन के चालक और गार्ड ने तुरंत स्टेशन मास्टर को जानकारी दी, और एहतियात के तौर पर ट्रेन को कुछ मिनट के लिए रोका गया। रेलवे पुलिस को जयदेव के पास से एक पहचान पत्र और मोबाइल नंबर मिला, जिसके आधार पर उसकी पहचान की गई और परिजनों को सूचित किया गया। सूचना मिलते ही चित्तरंजन रेल पुलिस और आरपीएफ घटनास्थल पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई की। पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए जामताड़ा भेज दिया, ताकि घटना की आधिकारिक पुष्टि और कानूनी औपचारिकताएं पूरी की जा सकें। इस घटना के बाद पुलिस ने स्टेशन पर लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच करना शुरू कर दिया है ताकि आत्महत्या के पीछे की वजहों का पता लगाया जा सके। फुटेज में यह स्पष्ट होगा कि जयदेव ने पहले से ही इस कदम का मन बनाया था या किसी अन्य कारण से इस फैसले तक पहुंचा। पुलिस का कहना है कि इस मामले में हर संभव पहलू से जांच की जा रही है। इस घटना के बाद पुलिस ने मृतक के परिजनों से संपर्क किया और उनसे पूछताछ भी की। परिजनों का बयान लेना जरूरी है ताकि जयदेव के मानसिक स्थिति और उसकी जिंदगी में चल रहे किसी तनाव के बारे में जानकारी मिल सके। अभी तक यह साफ नहीं हो पाया है कि जयदेव के इस कदम के पीछे कौन से कारण थे।

पुलिस का मानना है कि आर्थिक परेशानी, घरेलू विवाद, मानसिक तनाव या अन्य किसी प्रकार की व्यक्तिगत परेशानी जैसी कोई वजह हो सकती है। गौरतलब है कि रेलवे स्टेशन और पटरी पर इस तरह की घटनाओं में वृद्धि हो रही है। आए दिन रेलवे ट्रैक पर इस तरह की आत्महत्या की घटनाएं चिंता का विषय बनी हुई हैं। रेल पुलिस और आरपीएफ लगातार ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए जागरूकता अभियान चला रहे हैं, ताकि लोग मानसिक तनाव की स्थिति में इस तरह का कदम न उठाएं और जीवन का महत्व समझ सकें। इस घटना ने स्थानीय लोगों में भी गहरी चिंता पैदा कर दी है। जयदेव का इस तरह का कदम उठाना सभी के लिए चौंकाने वाला है। इस घटना से रेलवे प्रशासन और स्थानीय पुलिस ने लोगों से अपील की है कि यदि किसी को मानसिक तनाव है या किसी प्रकार की परेशानी है, तो वे अपने नजदीकी परिजनों, दोस्तों या किसी परामर्शदाता से बात करें। पुलिस जांच के साथ-साथ परिजनों से भी अनुरोध कर रही है कि वे मानसिक तनाव और आर्थिक समस्याओं को लेकर सतर्क रहें और ऐसी किसी भी परिस्थिति में परिवार के सदस्यों को उचित सहायता और समर्थन दें। फिलहाल पुलिस इस मामले में पूरी तरह से तत्पर है और आत्महत्या के असल कारणों का पता लगाने की कोशिश में जुटी हुई है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# विचार-मंथन

## संपादकीय

### जम्मू-कश्मीर में शांति के दुश्मनों को जवाब देने का समय

जम्मू-कश्मीर में आतंकी संगठन सुनियोजित रणनीति के साथ काम करते हैं। मुश्किल है कि कुछ नई परिस्थितियां बनने के बाद जब भी इस समस्या के खत्म होने या उस पर काबू पाने की उम्मीद बंधती है, तो आतंकी कोई न कोई ऐसी हरकत कर देते हैं कि इस पर नए सिरे से काम करने की जरूरत पड़ जाती है। गौरतलब है कि किश्तवाड़ जिले के ऊपरी इलाके में आतंकवादियों ने दो ग्राम रक्षा गार्ड की गोली मार कर हत्या कर दी। खबरों के मुताबिक, पाकिस्तानी ठिकानों से संचालित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े 'कश्मीर टाइगर्स' ने इन हत्याओं की जिम्मेदारी ली है।दरअसल, कश्मीर के हित का दावा करने वाले आतंकी संगठनों का असली मकसद भारत और जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद का माहौल बनाए रख कर अपने पाकिस्तानी आकाओं के सियासी हित को पूरा करना है। भारत ने इस हकीकत को ध्यान में रखते हुए हर स्तर पर आतंकवाद का खात्मा करने के लिए अभियान चलाया है। ताजा घटना में बारामूला में सुरक्षा बलों ने दो आतंकियों को मार गिराया। अब गृहमंत्री ने जल्दी आतंक-निरोधक राष्टीय नीति लाने की बात कही है।पिछले कुछ समय से जम्मू-कश्मीर के अलग-अलग जिलों में सुरक्षा बलों या अप्रवासी मजदूरों पर लक्षित हमलों के जरिए चुनौती दी जा रही है। खासकर जम्मू-कश्मीर में सरकार बनने के बाद ऐसी घटनाओं में तेजी आई है। साफ है कि ऐसे लगातार हमलों के पीछे इससे उपजी हताशा काम कर रही है कि आतंकवाद की सियासत के बावजूद जम्मू-कश्मीर के लोगों की शांति की इच्छा और उसके लिए सक्रियता को कम नहीं किया जा सका है।इसका उदाहरण वहां हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव के बाद गठित सरकार है, जिसमें वहां के आम लोगों ने बढ़-चढ़ कर मतदान किया और देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की। आतंकवाद को एक हथियार के तौर पर इस्तेमाल करने वाले संगठनों और उनके पीछे खड़ी ताकतों के लिए यह निश्चित रूप से परेशान करने वाली बात थी।

### सुप्रीम कोर्ट ने तय किए नए मानक

जो यह उम्मीद कर रहे थे कि अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के माइनॉरिटी स्टेटस को लेकर लंबे समय से चले आ रहे विवाद पर हां या ना में स्पष्ट जवाब मिल जाएगा, उन्हें सुप्रीम कोर्ट के शुक्रवार को आए फैसले से थोड़ी निराशा हो सकती है। लेकिन सर्वोच्च अदालत के फैसले की अहमियत इस मायने में है कि यह इस मसले को देखने, समझने के तरीकों में निहित कमियों पर रोशनी डालता और उन्हें दूर करता है।इस कानूनी विवाद की जटिलता को इस तथ्य से समझा जा सकता है कि यह आधी सदी से भी ज्यादा पुराना है। इसकी शुरुआत 1967 में अजीज बाशा केस में आए सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले से मानी जाती है जिसमें कहा गया था कि,रू अल्पसंख्यक संस्थान नहीं है क्योंकि यह एक कानून (अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी एक्ट 1920) के जरिए अस्तित्व में आया था। इसके बाद 1981 में सरकार ने एएमयू एक्ट में संशोधन करते हुए कहा कि इसकी स्थापना मुस्लिम समुदाय द्वारा और मुस्लिम समाज की शैक्षिक और सांस्कृतिक जागरूकता को बढ़ावा देने के मकसद से की गई थी। 1981 के संशोधन से वे भ्रम और संदेह पूरी तरह दूर नहीं हुए, जो इस विवाद के मूल में थे। इसकी झलक 2006 में तब मिली, जब इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 1981 के इस संशोधन को निरस्त करते हुए कहा कि,रूको अल्पसंख्यक संस्थान नहीं माना जा सकता क्योंकि सुप्रीम कोर्ट 1967 में ही अजीज बाशा केस में इसका माइनॉरिटी स्टेटस रद्द कर चुका है। इस तरह के परस्पर विरोधी कदमों से असमंजस की स्थिति बनी हुई थी। माइनॉरिटी स्टेटस का सवाल यूनिवर्सिटी प्रबंधन के विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं से तो जुड़ा है ही, यहां लागू होने वाली आरक्षण व्यवस्था पर भी निर्णायक प्रभाव डालने वाला है। यूनिवर्सिटी में मुस्लिमों के लिए कितना आरक्षण रहेगा और एससी,एसटी, ओबीसी आरक्षण मिलेगा या नहीं, यह भी इस सवाल के जवाब पर निर्भर करता है।ऐसे में महत्वपूर्ण है कि सुप्रीम कोर्ट ने तात्कालिकता से जुड़े दबावों को दरकिनार करते हुए इस केस को इसकी समग्रता और व्यापकता में देखने का प्रयास किया। 50 साल से भी ज्यादा पुराने विवाद में हुई गलतियों के मद्देनजर सुप्रीम कोर्ट की 7 सदस्यीय बेंच ने स्वाभाविक ही यह साफ करना जरूरी समझा कि किसी संस्थान के माइनॉरिटी स्टेटस की जांच किन मानकों पर की जानी चाहिए।

## विशेष दर्जे की बहाली का प्रस्ताव अंधेरों की आहट

(ललित गर्ग)

*अनुच्छेद 370 को लेकर कश्मीर की जनता और राजनेताओं, दोनों को समझना ही होगा कि 70 साल तक विशेष दर्जा होने के बावजूद इससे राज्य का कोई बहुत भला नहीं हुआ। देश की मूल धारा से कटकर यह प्रांत अंधेरों से घिरा रहा है। हिंसा एवं आतंकवाद की त्रासदी को झेलते हुए विकास एवं शांति की बाट जोहता रहा है।*

नेशनल कान्फ्रेंस को लगता है कि विशेष दर्जे के मुद्दे से कुछ लोगों के तार भावनात्मक रूप से जुड़े हैं, इसलिए ज्यादा अतिवादी रूख अपनाकर इसका कुछ राजनीतिक फायदा उठाया जा सकता है। दोनों ही प्रमुख दल इस मुद्दे का राजनीतिक लाभ उठाने की होड़ लगाते हुए दिख रहे हैं। नेशनल कॉन्फ्रेंस एवं उमर अब्दुला सरकार ने सदन में अपने बहुमत का लाभ उठाते हुए बुधवार को बिना अनुच्छेद 370 की पुर्नबहाली शब्द का इस्तेमाल कर, विशेष दर्जे की बहाली का प्रस्ताव तीखी झड़पों, हाथापाई, लात-घूंसे एवं शोरशराबे के बीच ध्वनिमत से पारित करा, साबित कर दिया है, वह पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी के साथ इस होड़ में पीछे रहने के मूड में नही है। ऐसा लगता है कि जम्मू कश्मीर में अलगाववाद और तुष्टिकरण की राजनीति फिर से परवान चढ़ने लगी है, आम कश्मीरी अवाम को गुमराह कर उसे बर्बादी की तरफ धकेलने की कुचेष्टाएं प्रारंभ हो गयी है। इस पारित प्रस्ताव में केंद्र सरकार से कहा गया है कि वह विशेष दर्जा वापस देने के लिए राज्य के प्रतिनिधियों से बातचीत करे। बुधवार को नवगठित राज्य विधानसभा में जब यह प्रस्ताव उप-मुख्यमंत्री सुरिंदर सिंह चौधरी ने पेश किया, तभी यह स्पष्ट हो गया था कि चौधरी का चयन ही इसलिए किया गया है कि भारतीय जनता पार्टी इसे सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश न कर सके। लेकिन भाजपा ने एक विधान एक निशान और राष्ट्रवाद के प्रति अपनी संकल्पबद्धता को दोहराते हुए इस प्रस्ताव का विरोध कर बताया कि वह प्रत्यक्ष तो क्या परोक्ष तौर पर भी किसी को घड़ी की सुइयां पीछे मोढ़ने की अनुमति नहीं देगी। जब तक केन्द्र में भारतीय जनता पार्टी की नरेन्द्र मोदी सरकार है, कोई भी अनुच्छेद 370 और 35ए को वापस नहीं ला सकता। अनुच्छेद 370 एक मरा हुआ सांप है, जिसे वह एक गले से दूसरे गले में डाल, जहर, आतंक एवं हिंसा फैलाने के षडयंत्र को सफल नहीं होने देगी। कश्मीर के नेताओं को समझना ही होगा कि पूरे भारत में अनुच्छेद 370 को लेकर जैसा जनमानस है, उसे देखते हुए अनुच्छेद 370 की वापसी असंभव है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से अनुच्छेद 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर की धरती पर अनेक सकारात्मक स्थितियां उद्घाटित हुई है, विशेषतः लोकतंत्र को जीवंतता मिली है, वहां की अवाम ने चुनावों में बढ़-चढ़कर भाग लिया, शांति एवं विकास से इस प्रांत में एक नई इबारत लिखी जाने लगी है। जम्मू-कश्मीर हमारे देश का वो गहना है जिसे जब तक सम्पूर्ण भारत के साथ जोड़ा नहीं जाता, वहां शांति, आतंकमुक्ति एवं विकास की गंगा प्रवहमान नहीं होती, अधूरापन-सा नजर आता रहा है। इसलिए इसे शेष भारत के साथ हर दृष्टि से जोड़ा जाना महत्वपूर्ण है और यह कार्य मोदी एवं उनकी सरकार ने करके एक नये सूरज को उदित किया है, अब उस सूरज को अस्त नहीं होने दिया जायेगा। बड़ी जद्दोजहद से वहां एक नया दौर शुरू हुआ है, अब इस सुनहरे एवं उजले दौर को स्वार्थी एवं सत्ता की अलगाववादी एवं विघटनकारी राजनीति की भेंट नहीं चढ़ने देना चाहिए। भारत की महानता उसकी विविधता में है। साम्प्रदायिकता एवं दलगत राजनीति का खेल, उसकी विविधता में एकता की पीठ में छुरा भोंकता रहा है, घाटी उसकी प्रतीक बनकर लहूलुहान रही है। जब हम नये भारत-सशक्त भारत बनने की ओर अग्रसर हैं, विश्व के बहुत बड़े आर्थिक बाजार बनने जा रहे हैं, विश्व की एक शक्ति बनने की भूमिका तैयार करने जा रहे हैं, तब हमारे मस्तक के ताज जम्मू-कश्मीर को जाति, धर्म व स्वार्थी राजनीति से बाहर रखना सबसे बड़ी जरूरत है। इसी दिशा में घाटी को अग्रसर करने में मोदी सरकार के प्रयत्न सराहनीय एवं स्वागतयोग्य रहे हैं। घाटी की कमजोर राजनीति एवं साम्प्रदायिक आग्रहों का फायदा पडोसी उठा रहे हैं, जिनके खुद के पांव जमीन पर नहीं वे आंख दिखाते रहे हैं। अब ऐसा न होना, केन्द्र की कठोरता एवं सशक्तीकरण का द्योतक हैं। कश्मीर के तथाकथित राजनीतिक कर्णधारों! अलगाववाद और तुष्टिकरण की राजनीति छोड़ो। अगर तेवर ही दिखाने हैं तो देश के दुश्मनों को दिखाओ, पडौसी देश के मनसूंबों को निस्तेज करों। अतीत की राजनीतिक भूलों को सुधारना और भविष्य के निर्माण में सावधानी से आगे कदमों को बढ़ाना, जम्मू-कश्मीर की चुनी हुई सरकार का संकल्प होना चाहिए। विशेष राज्य का दर्जा पाने के मसले पर नेशनल कॉन्फ्रेंस जहां खड़ी है, पीडीपी उससे दो कदम आगे रहना चाहती है। ऐसे करके नेशनल कान्फ्रेंस और पीडीपी सरीखे दल यहां अलगाववाद और एक वर्ग विशेष की तुष्टिकरण की राजनीति को जारी रखना चाहते हैं, वह यहां फिर से अलगाववाद को पैदा करना चाहते हैं, आम कश्मीरी अवाम को गुमराह कर उसे बर्बादी की तरफ धकेलना चाहते हैं, तभी अनुच्छेद 370 की बहाली का प्रस्ताव लाये हैं। जबकि अनुच्छेद 370 के हटने से घाटी में एक उजाला अवतरित हुआ है, अब फिर से घाटी को अंधेरों से नहीं घिरने देना चाहिए। भले ही नेशनल कॉन्फ्रेंस ने जम्मू-कश्मीर का चुनाव ही इसी घोषणा के साथ लड़ा और जीता है कि वह भारतीय संविधान में राज्य को उसका विशेष दर्जा वापस दिलाएगी। इसीलिये नेशनल कॉन्फ्रेंस ने सत्ता में आते ही पहला काम यही किया और विधानसभा ने राज्य को विशेष दर्जा दिए जाने का प्रस्ताव पारित कर दिया। नेशनल कान्फ्रेंस को लगता है कि विशेष दर्जे के मुद्दे से कुछ लोगों के तार भावनात्मक रूप से जुड़े हैं, इसलिए ज्यादा अतिवादी रूख अपनाकर इसका कुछ राजनीतिक फायदा उठाया जा सकता है। दोनों ही प्रमुख दल इस मुद्दे का राजनीतिक लाभ उठाने की होड़ लगाते हुए दिख रहे हैं। तभी मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की टिप्पणी थी कि यह पीडीपी का केवल प्रचार स्टंट है और उसके विधायक सिर्फ कैमरे के आगे आने के लिए यह सब कर रहे हैं। मगर उमर अब्दुल्ला जो बात पीडीपी के लिए कह रहे हैं, वही शायद उनके लिए भी कही जा सकती है, वरना वह भी यह जानते हैं कि 5 अगस्त, 2019 को जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले संविधान के जिस अनुच्छेद 370 को खत्म किया गया था, उसकी वापसी अब इतनी आसान नहीं है। वैसे भी, इतना तो उन्हें पता ही होगा कि सिर्फ विधानसभा में प्रस्ताव पारित हो जाने भर से अनुच्छेद 370 वापस आने वाला नहीं है। फिर इस समय केंद्र में भाजपा सरकार है, जो किसी भी तरह से इस पर विचार करने के मूड में नहीं है।

## पिछड़े पाकिस्तान में जहर फैला रहा है भगोड़ा जाकिर नाइक

(योगेंद्र योगी )

जाकिर नाइक अपने भड़काऊ भाषणों के लिए जाना जाता है और वर्तमान में भारत सरकार की राष्ट्रीय जांच एजेंसी द्वारा 2016 के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में वांछित है। उस पर अपने नफरत भरे भाषण से लोगों को भड़काने का भी आरोप है। विश्व के देश आपसी सहयोग से आर्थिक तरक्की कर रहे हैं, वहीं पड़ौसी देश पाकिस्तान कट्टरपन और दकियानूसी सोच के चलते रसातल में जा रहा है। पाकिस्तान को जरूरत है विश्वस्तरीय ऐसे विशेषज्ञों की जोकि विकास के सभी क्षेत्रों में दिशा दे सकें। इसके विपरीत पहले से ही बदहाली के कुए में गिरे पाकिस्तान को गहरे अंधकूप में धकेलने का काम कर रहा है कथित धर्म प्रचारक जाकिर नाइक। भारत में मोस्ट वांडेड अपराधी जाकिर नाइक लोगों को धर्म के नाम पर बेतुकी और बेबुनियाद जानकारी देकर ज्यादा जाहिल बनाने का प्रयास कर रहा है। पाकिस्तान पहले ही बर्बादी के दौर से गुजर रहा है, ऐसे में जाकिर नाइक जैसा अपराधी उसे और धक्का लगा रहा है। विश्व बैंक के मुताबिक पाकिस्तान में 40 प्रतिशत से ज़्यादा आबादी गरीबी रेखा से नीचे रहती है। साल 2023 में पाकिस्तान में ग़रीबी दर 39 प्रतिशत हो गई थी। अर्थात एक साल के अंदर ही ग़रीबी दर 34.2 प्रतिशत से बढ़कर 39.4 प्रतिशत हो गई। इस वजह से, 1.25 करोड़ और लोगों को ग़रीबी रेखा से नीचे आना पड़ा था। इस तरह, अब पाकिस्तान में 9.5 करोड़ लोग ग़रीबी में जी रहे हैं। पाकिस्तान आईएमएफ का चौथा सबसे बड़ा कर्जदार है। पहले पाकिस्तान पांचवें नंबर पर था। पाकिस्तान जब से आजाद हुआ है, तब से आईएमएफ से मिलने वाला ये 23 बार कर्ज ले चुका है। 31 मार्च 2023 तक पाकिस्तान पर आईएमएफ का 7.4 अरब डॉलर का कर्जा था और पाकिस्तान आईएमएफ का पांचवां सबसे बड़ा कर्जदार था। नए तीन अरब डॉलर के कर्ज के साथ पाकिस्तान के ऊपर कुल 10.4 अरब डॉलर का कर्जा हो जाएगा। भारतीय करंसी में ये रकम 852.39 लाख करोड़ रुपये होती है। इस हिसाब से पाकिस्तान आईएमएफ का चौथा सबसे बड़ा कर्जदार बन जाएगा। मुल्ले-मौलवियों के इस देश में 5 से 16 साल की उम्र के करीब 2.53 करोड़ बच्चे स्कूल नहीं जा रहे हैं। इनमें से 1.88 करोड़ बच्चे ग्रामीण इलाकों में रहते हैं। इन बच्चों में 53 प्रतिशत लड़कियां हैं। देश की इस बदहाली को दूर करने के लिए विश्व से विशेषज्ञों को आमंत्रित करने के बजाए पाकिस्तान की सरकार ने भारत के भगोड़े जाकिर नाइक को उपदेश देने के लिए देश का मेहमान बना कर बुलाया। कथित मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों में वांछित विवादास्पद इस्लामिक उपदेशक जाकिर नाइक इस्लामाबाद, कराची और लाहौर में अपनी व्याख्यान श्रृंखला के लिए कड़ी सुरक्षा के बीच पाकिस्तान में मौजूद है। पाकिस्तान में सरकार के शीर्ष नेताओं ने उनकी अगवानी की, जिसमें पाकिस्तान के प्रधान मंत्री के युवा कार्यक्रम के अध्यक्ष राणा मशहूद और धार्मिक मामलों के मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव सैयद अता-उर-रहमान शामिल थे। जाकिर नाइक अपने भड़काऊ भाषणों के लिए जाना जाता है और वर्तमान में भारत सरकार की राष्ट्रीय जांच एजेंसी द्वारा 2016 के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में वांछित है। उस पर अपने नफरत भरे भाषण से लोगों को भड़काने का भी आरोप है। नाइक पीसटीवी नाम से एक चैनल चलाता है, जिसे उसके विवादास्पद स्वभाव के कारण भारत, बांग्लादेश और श्रीलंका में प्रतिबंधित कर दिया गया है और इसके कारण उसे कनाडा और यूनाइटेड किंगडम में प्रवेश से भी वंचित कर दिया गया है। पाकिस्तान पहुंचे विवादास्पद इस्लामी उपदेशक जाकिर नाइक ने पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस पर अतिरिक्त सामान के लिए शुल्क माफ न करने को लेकर तीखा हमला किया। वह मलेशिया से पाकिस्तान यात्रा कर रहा था और एयरलाइन ने नाइक को केवल 50 प्रतिशत की छूट की पेशकश की। नाइक ने कहा कि उसके अपने देश में ऐसा कभी नहीं होता।

### सुडोकू पहेली — क्रमांक- 5550

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | 7 | | | 3 | | | 5 |
| | | | 6 | 8 | 7 | | 4 | |
| | | | 2 | 4 | | 9 | | 7 |
| | | 6 | | | | | 1 | 8 |
| | | | | 1 | | | | |
| 2 | 7 | | | | | 5 | | |
| 8 | | 5 | | 6 | 1 | | | |
| | 9 | | 8 | 5 | 2 | | | |
| 1 | | | 9 | | | 8 | 5 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5549

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4 | 7 | 9 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |
| 9 | 5 | 3 | 8 | 6 | 2 | 4 | 7 | 1 |
| 6 | 2 | 8 | 1 | 7 | 4 | 9 | 5 | 3 |
| 3 | 6 | 9 | 7 | 1 | 8 | 5 | 4 | 2 |
| 4 | 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 8 | 7 |
| 7 | 8 | 5 | 4 | 2 | 6 | 1 | 3 | 9 |
| 2 | 9 | 1 | 5 | 8 | 7 | 3 | 6 | 4 |
| 5 | 3 | 6 | 2 | 4 | 1 | 7 | 9 | 8 |
| 8 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 |

### वर्ग पहेली 5550



**संकेतः बाएं से दाएं**
1. अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद क्रिकेट की सर्वोच्च संस्था है, इसका मुख्यालय यहां स्थित है (3)
4. यह संविधान निर्माण करने वाला प्रथम देश है (4)
8. वैश्वांतर दानव की चार पुत्रियों में से एक इनके पुत्रों को कालकेय और पौलोम दानव कहते है (3)
9. शक्तिशाली, ताकतवर (4)
10. पंजाब की प्रसिद्ध प्रेम-कथा का नायक (2)
11. महलोक से दो करोड़ योजन दूर यह पांचवा लोक स्थित है, जहां से मनुष्य उत्पन्न होते है, व्यक्ति (2)
12. भोजन आदि के लिए दिया गया निमंत्रण, न्योता (3)
14. मटमैले रंग की प्रसिद्ध धातु (2)
15. बल्लेबाजों का मापदंड जो क्रिकेट के लिए तय होता है (2)
16. फिल्म इंडस्ट्री में राजेश खन्ना इस नाम से भी जाने गए, पिता के भाई (2)
17. आदान करना, मद्यपान करना (4)
18. स्पर्श करना, छुने वाला, स्पर्शक (4)
19. दक्ष प्रजापति की पुत्री (2)
20. ऐ खुदा, हे प्रभु (3)
22. पाटलीपुत्र का प्राचीन नाम (3)
23. प्रेमकर्ता, झूमने का भाव (2)

**ऊपर से नीचे**
1. दुकान वाला, विक्रेता (5)
2. सिलवट, सकुडन, शक्ति (2)
3. जिस शब्द के अंत ई हो (4)
4. इस समय, इस वक्त (2)
5. एकता (2)
6. रस्म, प्रथा, रीति (3)
7. किसी बात आदि को ध्यान से न सुनना (5)
13. औषधि पादप, पेड़, पौधे आदि (4)
14. इंडोनेशिया की राजधानी (3)
16. विमान में चालक की बैठने की जगह यह कहलाती है (4)
17. उधार देने वाला, ऋणद (4)
19. प्राचीनकाल की एक सवारी जिसे घोड़े खींचते थे (2)
21. तीन घंटे का समय, एक पहर (2)

### वर्ग पहेली 5549 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सु | नी | ता | वि | लि | य | म्स | |
| न | म | न | | या | | | स |
| व | | से | व | क | | रो | जा |
| ना | गि | न | | त | म | क | ना |
| | र | | पौ | | त | ड़ | |
| र | फ्ता | र | | ल | | ब | स |
| वा | र | | | ग | वा | ही | |
| ना | | | स | न | म | | |

## आज का राशिफल

**मेष**
आज दिन खुशहाली और तरक्की से भरा होगा। आपके लिए दिन संतोष और शांति का है और आपके सभी राजनीतिक प्रयास सफल होंगे और आपको करियर के लिए किए गए प्रयासों में सफलता मिलेगी। शासन व सत्ता से गठजोड़ का लाभ मिल सकता है। आपके लिए पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। रात में कुछ अप्रिय व्यक्तियों से मिलने से अनावश्यक कष्ट का सामना करना पड़ेगा।

**वृष**
आज दिन शुभ है और आपकी तरक्की के योग हैं। आपके धन में वृद्धि होगी और आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। जीवन साथी का सहयोग व सानिध्य प्राप्त होगा। संतान पक्ष से आशाजनक समाचार मिल सकता है। शाम के वक्त कोई रुका काम बनने की संभावना है। रात का समय परिवार के लोगों के साथ आनंद में बीतेगा और आपकी तरक्की होगी।

**मिथुन**
आज करियर में लाभ होगा और विरोधी भी आपकी प्रशंसा करेंगे। आपको शासन सत्ता पक्ष से निकटता और गठजोड़ का लाभ भी मिलेगा। आपको ससुराल पक्ष से पर्याप्त मात्रा में धन हाथ लग सकता है। शाम से लेकर रात आपके लिए शुभ योग बन रहे हैं।

**तुला**
आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपको किसी मूल्यवान वस्तु के खोने या चोरी होने का भय बन रहेगा। संतान की शिक्षा और प्रतियोगिता में सफलता प्राप्त होगी और आपको आशातीत सफलता का समाचार मिलने से मन में हर्ष होगा। शाम के वक्त आपका कोई रुका कार्य पूर्ण होने से आपको खुशी होगी और आपकी तरक्की होने से मन में प्रसन्नता बनी रहेगी।

**वृश्चिक**
आज ग्रहों की शुभ स्थिति बन रही है और आपके लिए आमदनी के नए स्रोत बनेंगे। वाणी की सौम्यता आपको सम्मान दिलाएगी। शिक्षा, प्रतियोगिता में विशेष सफलता मिलेगी और आपको मनचाहा लाभ होगा। अधिक भागदौड़ होने की वजह से आपको थकान का अनुभव होगा और कहीं किसी काम से बाहर जाना पड़ सकता है। आपको प्रिय व्यक्तियों का दर्शन व सुसमाचार मिलेगा।

**धनु**
आज दिन शुभ है और आपको उत्तम संपत्ति के संकेत मिल रहे हैं। करियर के क्षेत्र में प्रगति होगी। आपकी मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। संतान के दायित्व की पूर्ति हो सकती है। यात्रा, देशाटन की स्थिति सुखद और लाभदायक रहेगी। शाम के समय आपको लाभ होगा और आपकी तरक्की के योग बनने से मन में प्रसन्नता होगी।

**कर्क**
आज लाभ का दिन है और आपकी आर्थिक मामलों में तरक्की होगी। जीवन के क्षेत्र में चल रहे नए प्रयास फलीभूत होंगे। अधीनस्थ कर्मचारियों का आदर और सहयोग भी प्राप्त होगा और आपकी योजनाएं सफल होंगी। शाम के समय किसी झगड़े विवाद में न पड़ें। रात में प्रिय अतिथियों के स्वागत का योग बना रहेगा।

**सिंह**
आज करियर में मनचाही सफलता प्राप्त होगी। कई दिन से चला आ रहा गतिरोध समाप्त हो जाएगा। घर में या फिर रिश्तेदारी में आज लेन-देन न करें। धार्मिक क्षेत्रों की यात्रा और पुण्य कार्यों पर खर्च हो सकता है। यात्रा में सावधान अवश्य रहें। आपकी कोई मूल्यवान वस्तुएं चोरी हो सकती हैं और आपका नुकसान हो सकता है।

**कन्या**
आज करियर के मामले में लाभ का दिन है और आपके भाग्य में वृद्धि होने से मन काफी प्रसन्न होगा। आपको निर्मूल विवाद अकारण शत्रुपत्ति का सामना करना पड़ सकता है। अपनी बुद्धि द्वारा किए कार्यों में ही हानि और निराशा हो सकती है।

**मकर**
आज दिन सफलता से भरा होगा और आपके परिवार के लोगों की खुशियां बढ़ेगी। कई दिनों से चली आ रही लेन-देन की कोई बड़ी समस्या हल हो सकती है। पर्याप्त मात्रा में धन हाथ में आ जाने से आपके सुख में वृद्धि होगी और आपके धन का लाभ होगा। विरोधियों का पराभव होगा। आपको कहीं पास और दूर की यात्रा पर जाने से सुख की प्राप्ति होगी और आपकी तरक्की होगी।

**कुंभ**
आज धन में वृद्धि होगी और कारोबारियों को किस्मत का साथ मिलेगा। आपको आज किसी बीमारी की वजह से काफी दौड़भाग करनी पड़ सकती है। किसी अच्छे डॉक्टर इस विषय में सलाह मशविरा करने के बाद ही कोई फैसला करें। इन सब चीजों में आपका काफी धन व्यय होगा। आपके धन में वृद्धि होगी और कारोबार में आपको जबर्दस्त मुनाफा हासिल होगा।

**मीन**
आज लाभ का दिन है और आपकी तरक्की होने से मन प्रसन्न होगा और आपको रोजगार व्यापार के क्षेत्र में जारी प्रयासों में अकल्पनीय सफलता प्राप्त होगी। संतान पक्ष से भी संतोषजनक सुखद समाचार मिलेगा। दोपहर बाद किसी कानूनी विवाद या मुकदमों में जीत आपके लिए खुशी का कारण बन सकती है। शुभ खर्च और कीर्ति में वृद्धि होने से आपका मन काफी प्रसन्न होगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/3009

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com





# भारत का वो रेलवे स्टेशन, जिसका 28 अक्षरों से बना है नाम

अंग्रेजी में 26 अक्षर होते हैं, पर आपको हैरानी होगी कि इस रेलवे स्टेशन के नाम में 28 अक्षर हैं. ये रेलवे स्टेशन आंध्र प्रदेश में जो तमिलनाडु के बॉर्डर के बिल्कुल करीब है. ये स्टेशन दक्षिण रेलवे ज़ोन में आता है.

भारत में रेलवे का अनुभव हर किसी के लिए बेहद खास होता है. यहां रेलवे सिर्फ एक साधन मात्र नहीं है, बल्कि हर इंसान के लिए लाइफलाइन की तरह है, जो अमीर–गरीब को अपने गणतव्य तक पहुंचाने के काम आता है. ट्रेन से सफर करते वक्त कई रेलवे स्टेशन बीच में पड़ते हैं. कुछ छोटे, कुछ बड़े, जिनका नाम लोगों को याद हो जाता है. पर भारत में एक ऐसा रेलवे स्टेशन भी है, जिसका नाम याद करने में आपको बहुत वक्त लग जाएगा. अगर आप इस स्टेशन पर नए हैं, पहली बार नाम पढ़ रहे हैं, तो इसका पूरा और सही–सही नाम पढ़ने में आपको इतना वक्त लग जाएगा कि आपकी ट्रेन ही छूट जाएगी. वो इसलिए क्योंकि इस स्टेशन का नाम 28 अक्षरों से मिलकर बना है.

## ये एक फ्लैग स्टेशन है, जहां कम ही ट्रेनें रुकती हैं.

अंग्रेजी में 26 अक्षर होते हैं, पर आपको हैरानी होगी कि इस रेलवे स्टेशन के नाम में 28 अक्षर हैं. ये रेलवे स्टेशन आंध्र प्रदेश में जो तमिलनाडु के बॉर्डर के बिल्कुल करीब है. ये स्टेशन दक्षिण रेलवे ज़ोन में आता है. अब चलिए बिना पहेलियां बुझाए आपको इस स्टेशन का नाम बताते हैं. इस रेलवे स्टेशन का नाम है वेंकटनरसिम्हाराजुवरिपेटा

## शॉर्ट फॉर्म में नाम लेते हैं लोग

इस वजह से लोग इस स्टेशन को शॉर्ट में वी एन राजुवारीपेटा बोलते हैं. बहुत से लोग तो इसे टंग ट्विस्टर वाली पहेलियों की तरह एक दूसरे से उच्चारण करने के लिए कहते हैं, मगर साथ में इस पूरे नाम को पढ़ना आसान नहीं होता. ये स्टेशन एक फ्लैग स्टेशन है, यानी यहां पर ट्रेन तभी रुकती है जब सिग्नल होता है, यानी गार्ड या स्टेशन मास्टर द्वारा लाल झंडा दिखाकर ट्रेन को रुकने का इशारा मिलता है.

## रेलवे स्टेशनों में होता है फर्क

वैसे ये अकेला इतने बड़े नाम वाला स्टेशन नहीं है. भारतीय रेलवे ने चेन्नई सेंट्रल रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर पुरात्ची थलाइवर डॉ. एम जी रामचंद्रन सेंट्रल रेलवे स्टेशन नाम रख दिया था. हालांकि, ये नाम टुकड़ों में बंटा है, इस वजह से याद कर पाना आसान है. अब जब स्टेशनों की बात हो रही है तो जान लीजिए कि भारतीय रेल में 'हॉल्ट' किस प्रकार के स्टेशन होते हैं और ये जंक्शन से कैसे अलग होते हैं!





# किसी भी बाहरी व्यक्ति का हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं करते यहाँ के लोग

**ये दुनिया निहायत ही खूबसूरत है। इसमें एक ओर खुला आसमान है तो दूसरी ओर बर्फ की चादर ओढ़े सफेद पहाड़, एक ओर हरे-भरे जंगल है तो दूसरी ओर दूर दूर तक फैले रेत के सुनहरे टीले, एक ओर कल-कल बहती नदियां है तो दूसरी ओर शांत और अथाह सागर हिलोरे मार रहा है। ये प्रकृति का बेहद आकर्षक और खूबसूरत चेहरा है। लेकिन इस दुनिया के कुछ हिस्सों में ऐसे भी लोग रहते है, जिन्होंने इस प्रकृति के एक सुंदर हिस्से पर अपना एकाधिकार कर लिया है। वहाँ इस हिस्से में वे अपनी एक अलग ऐसी दुनिया बसा चुके हैं जहां किसी भी बाहरी व्यक्ति का हस्तक्षेप वे बर्दाश्त नहीं करते है।**

दुनिया के लगभग हरेक हिस्सों में प्राचीन आदिम जन जातियां निवास करती है जो की वहां पर हज़ारों सालो से रहती आई है। इनमे से लगभग सभी आदिवासी समुदायों तक आधुनिक दुनिया की पहुँच हो चुकी है और वो भी बाकी दुनिया के लोगों से घुल मिल चुके है। लेकिन अभी भी कुछ गिनी चुनी ऐसी आदिम जनजातियां है जिन्हें अपने जीवन में बाहरी दुनिया का हस्तक्षेप पसंद नहीं है। ऐसी ही एक रहस्यमय आदिम जनजाति है लॉस्ट ट्राइब, जो प्रशांत महासागर में भारत के अधिकार क्षेत्र में आने वाले नॉर्थ सेंटिनल आइलैंड पर रहती है। वह ना तो किसी बाहरी व्यक्ति के साथ संपर्क रखती है और ना ही किसी को खुद से संपर्क रखने देती है। जिसका आधुनिक युग या इस युग के किसी भी सदस्य से कुछ भी लेना- देना नहीं है। यहाँ तक कि इसने आज तक किसी भी बाहरी शख्स को अपनी जमीन पर कदम नहीं रखने दिया है।

साल 2004 में आई सुनामी के वक्त सरकार ने कोस्ट गार्ड के हेलिकॉप्टर सेंटिनल द्वीप पर भेजे थे, ताकि सेंटिनली आदिवासियों की सहायता की जा सके, लेकिन आदिवासियों ने हेलिकॉप्टर पर ही तीर चलाने शुरू कर दिए थे।

महज 23 वर्ग मील में फैले नॉर्थ सेंटिनल द्वीप पर 60 हजार साल से इंसान रह रहे हैं। 2011 की जनगणना के मुताबिक यहां महज 10 घर हैं, जिनमें 15 लोग रहते हैं। ये बाहरी दुनिया से संपर्क नहीं बनाना चाहते, इसलिए जो ऐसी कोशिश करता है उस पर हमला कर देते हैं। सरकार ने भी साल 1997 के बाद से संपर्क बनाने की कोशिश छोड़ दी। नॉर्थ सेंटिनल द्वीप भारत का एक ऐसा द्वीप है, जिस पर 60 हजार साल से इंसान रह तो रहे हैं, मगर हम आज तक नहीं जानते कि वे क्या खाते हैं, क्या बोलते हैं और महज 23 वर्ग मील के इस छोटे से द्वीप पर सूनामी, तूफान जैसी आपदाओं के बावजूद खुद को कैसे जिंदा रखे हुए हैं।

## चर्चा में है द्वीप

अंडमान निकोबार द्वीप समूह की राजधानी पोर्ट ब्लेयर से इसकी दूरी महज 50 किलोमीटर है। इस वक्त इस आइलैंड की चर्चा भारत से लेकर अमेरिका तक में हो रही है क्योंकि यहां के प्रतिबंधित जंगलों में पहुंचे एक अमेरिकी टूरिस्ट जॉन एलन चाऊ (27) की वहां के आदिवासियों ने तीर मारकर हत्या कर दी है। यह टूरिस्ट इस आइलैंड के भीतर गया, यह जानते हुए भी कि इस द्वीप पर रहने वाले आदिवासियों से किसी भी तरह का संपर्क बनाना मना है।

## हेलिकॉप्टर पर चला दिए थे तीर

संपर्क न बनाने की दो बड़ी वजह हैं। पहला, ये लोग बाहरी दुनिया से संपर्क नहीं चाहते। जो भी इसकी कोशिश करता है, उन पर तीर–कमान से हमला कर देते हैं। ऐसे में संपर्क बनाना जानलेवा है। साल 2004 में आई सुनामी के वक्त सरकार ने कोस्ट गार्ड के हेलिकॉप्टर सेंटिनल द्वीप पर भेजे थे, ताकि सेंटिनली आदिवासियों की सहायता की जा सके, लेकिन आदिवासियों ने हेलिकॉप्टर पर ही तीर चलाने शुरू कर दिए थे। साल 2006 में दो मछुआरे अपनी नाव समेत भटककर आइलैंड के करीब पहुंचे, तो जान से हाथ धो बैठे। साल 1981 में जब एक जहाज आइलैंड की रीफ के पास फंसा था, तो आदिवासी तीर–कमान, भाले लेकर जहाज के क्रू पर हमला करने लगे। तब किसी तरह उन लोगों को हेलिकॉप्टर की मदद से बचाया गया।

## नारियल देख खुश हुए आदिवासी

यूट्यूब चैनल जियो ब्रदर के एक विडियो के मुताबिक, साल 1991 में इन लोगों से पहली बार दोस्ताना संपर्क बना, जब एक नाव में कई नारियल लादकर आइलैंड के करीब ले जाए गए। तब पहली बार वहां नारियल गिराए गए और स्थानीय लोगों को उन्हें खुशी–खुशी उठाते देखा गया। असल में इस आइलैंड पर नारियल नहीं हैं और यहां के आदिवासी इन्हें बेहद पसंद करते हैं। मगर दोस्ताना संपर्क का यह पहला और आखिरी मौका था। सरकार ने इसके बाद साल 1997 में संपर्क की कोशिश छोड़ दी।

## निहत्था इंसान पर भी खतरा

सेंटिनल द्वीप के आदिवासियों से संपर्क न करने की दूसरी बड़ी वजह है कि बाहरी दुनिया के संपर्क में आते ही इन लोगों को तमाम बीमारियां होने का खतरा है। यही वजह है कि ट्विटर पर कई लोग अमेरिकी नागरिक चाऊ के आदिवासियों से संपर्क बनाने की आलोचना कर रहे हैं। जेएस शहरयार नाम के एक शख्स ने अपनी चिंता जाहिर करते हुए ट्वीट किया- मुझे डर है कि कहीं चाऊ के शरीर से आदिवासी लोगों के भीतर बीमारी या इन्फेक्शन न आ गया हो। अगर हममें से कोई भी एक इंसान निहत्था भी इन आदिवासी लोगों के बीच टहलने भर गया, तो उन्हें एनफ्लूएंजा, चिकनपॉक्स जैसी कोई भी बीमारी हो सकती है और इन लोगों की बची–खुची आबादी का भी सफाया कर देगी।











# एक अजीबो-गरीब घर, जहां हर चीज है उल्टी-पुल्टी

**कोलंबिया में बना यह उलटा घर खूब चर्चित हो गया है. लोग दूर-दूर से इसे देखने पहुंच रहे हैं.**

कोलंबिया का यह उलटा घर कोलंबिया की राजधानी बगोटो के नजदीक ग्वाटावीटा में यह उलटा घर देखकर लोग चकरा जाते हैं. यह उलटा इसलिए है क्योंकि इसे बनाया ही उलटा गया है. ऑस्ट्रिया के डिजाइनर फित्स शाल ने इस घर को डिजाइन किया है. शाल अपने परिवार के साथ कोलंबिया में ही रहते हैं. यह घर इस तरह उलटा है कि लोग छत पर चलते हैं जबकि घर का साज ओ सामान उनके नीचे रखा हुआ है. शाल कहते हैं कि मेरा यह डिजाइन देखकर लोगों ने मुझे पागल बताया था.



## ऑस्ट्रिया में है ऐसा ही घर

शाल को इस घर की प्रेरणा तब मिली जब वह 2015 में अपने देश ऑस्ट्रिया की यात्रा पर गए थे. वहां उन्होंने ऐसा ही घर देखा था. शाल बताते हैं, जब मैंने लोगों को बताया कि मैं उलटा घर बना रहा हूं तो उन्होंने मेरी ओर ऐसे देखा जैसे मैं पागल हूं. उन्हें मेरे कहे पर यकीन ही नहीं हुआ. फिर जब मैंने कहा कि मैं कैसा घर बनाऊंगा तो उन्होंने कहा कि जरूर बनाएं जनाब.

## महामारी की बाधा

इस घर का निर्माण कोरोनावायरस महामारी के दौरान हुआ है. महामारी ने निर्माण में बाधा पहुंचाई और काम देर से खत्म हुआ. आखिरकार जनवरी 2022 में इसे खोला गया.

## सब उलटा पुलटा ही तो है

पर्यटकों को यह घर बेहद पसंद आ रहा है. दूर–दूर से लोग इसे देखने आ रहे हैं. कुछ लोग कहते हैं कि महामारी ने दुनिया को उलटा–पुलटा कर दिया है ऐसे में यह घर सटीक प्रतीक है.





# दुनिया की सबसे खौफनाक जगह, कहीं भूत तो कहीं जान जाने का है ख़तरा

**धरती पर बहुत सारी जगह हैं जो सुंदर होने के साथ ही प्रकृति का अनूठा संगम कहलाती हैं. वहीं दूसरी तरफ़ इसी धरा पर ऐसे प्लेस भी हैं जो रहस्यमयी, भयानक और ख़ौफनाक हैं. यहां जाने से लोग कतराते हैं. अगर आप उनमें से हैं जिन्हें डरावने स्थानों को एक्सप्लोर करने में कोई डर नहीं लगता तो ये आर्टिकल ख़ास आपके लिए ही है. यहां पर हम दुनिया की कुछ सबसे ख़ौफनाक जगहों के बारे में बता रहे हैं, जहां दिन में भी लोग जाने से डरते हैं.**

## द किलिंग फ़ील्ड्स

कंबोडियन गृह युद्ध के अंत के दौरान तानाशाह Pol Pot ने लगभग 1.7–2 मिलियन लोगों का नरसंहार किया था. उन्हें पूरे कंबोडिया में ऐसे ही दफ़ना दिया गया था. उनकी हड्डियां आज भी कंबोडिया की किलिंग फ़ील्ड्स में मिलती हैं.

## जेकब्स वेल

ये टेक्सास का एक कुआं है जो एक गुफ़ा के ज़रिये झरने से जुड़ा है. ये 30 फ़ीट गहरा है. यहां 8 डाइवर्स की जान इसे एक्सप्लोर करने में जा चुकी है.

## डेथ ज़ोन

माउंट एवरेस्ट पर एक ऐसा ज़ोन है जहां पर ऑक्सीजन लेवल बहुत कम हो जात है. इसके चलते यहां कई पर्वतारोहियों की मौत हो चुकी है. यहां 200 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है इनमें से 150 लाशें वहीं पड़ी हैं.

## पोवग्लिया द्वीप

ये इटली की सबसे भुतहा जगह है. यहां पर एक मेंटल हॉस्पिटल हुआ करता था. यहां प्लेग महामारी से पीड़ित लोगों को छोड़ दिया जाता था. इस जगह पर एक कब्रिस्तान भी था. 1968 में एक डॉक्टर की मौत हो जाने के बाद ये जगह बंद है.

## पेरिस कैटाकॉम्ब्स

पेरिस की इस जगह पर 13वीं शताब्दी से ही चूना पत्थर और अन्य खनिजों के का खनन किया जा रहा है. इसके नीचे बहुत सारी सुरंगे हैं. 1800 के दशक में यहां के कब्रिस्तान इतने भर गए थे कि हड्डियों को इन सुरंगों में ट्रांसफर कर दिया गया. इन्हें टूरिस्ट देख सकते हैं लेकिन अपने रिस्क पर.

## आओकीगहारा जंगल

जापान के इस जंगल को सुसाइड फ़ॉरेस्ट भी कहा जाता है. 1950 के बाद से यहां पर 500 से अधिक लोगों की जान चुकी है. वो यहां घूमने गए थे और कभी लौटकर वापिस नहीं आए. ये भी धरती के Horrible Places में से एक है.

## द वॉल

ये अमेरिका के वर्जिन आइलैंड्स में समुद्र में खुलने वाली एक जगह. ये 1000 फ़ीट से 2 मील तक गहरी है. यहां कई लोग डाइविंग करते हुए डूब चुके हैं. समंदर की इस जगह पर बहुत अंधेरा है और पानी भी बहुत ठंडा है.

## डेरियन गैप

पनामा का ये क्षेत्र मध्य और दक्षिणी अमेरिका को अलग करता है. यहां बहुत सारे दलदल हैं. यहां जाने वाले लोग ज़हरीले पौधों और ख़तरनाक जानवरों का शिकार हो जाते हैं. ये दुनिया के सबसे ख़तरनाक इलाकों में से एक है. यहां दोनों ओर के विद्रोही लोगों को किडनैप भी कर लेते हैं.

## ओवरटौन ब्रिज

स्कॉटलैंड का ये पुल Dumbarton में बना है. इसके बारे में कहा जाता है ये डॉग्स का सुसाइड पॉइंट है. यहां से कूदकर कई डॉग्स की जान जा चुकी है. कहते हैं कि हर साल कम से कम एक डॉग यहां ऊपर जाता है और नीचे के पानी में छलांग लगा देता है. ऐसा क्यों होता है वैज्ञानिक भी इसका पता नहीं लगा पाए हैं.

## द मारियाना ट्रेंच

प्रशांत महासागर के बीच बसा ये धरती का सबसे गहरा पॉइंट है. यहां भी कई लोगों की जान जा चुकी है. इसका रहस्य जानने के लिए भी बहुत से अभियान चलाए गए मगर पानी का बहुत दबाव होने के चलते गोताखोर ज़्यादा देर तक अंदर नहीं रह पाते थे.

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


## संक्षिप्त समाचार

### रेप-मर्डर के आरोपी बेटे को मिले कम सजा, पिता ने चली चाल; कोर्ट को दिया चकमा लेकिन खुल गई पोल

**नोएडा एजेंसी।** बेटे को रेप और हत्या के मामले में कम सजा मिले इसके लिए एक पिता ने शातिराना चाल चली। उसने स्कूल प्रिंसिपल के साथ मिकल ट्रांसफर सर्टिफिकेट के साथ छेड़छाड़ की ताकि यह दिखाया जा सके की घटना के समय वह नाबालिग था। अपनी इस कोशिश के जरिए उसने पुलिस और कोर्ट को लगभग गच्चा दे दिया था। हालांकि उसकी चालाकी देर नहीं चली और असलियत सामने आ गई। जिसके बाद पुलिस ने उसे भी गिरफ्तार कर लिया है। यह मामला नोएडा का है।नोएडा पुलिसने बताया कि 2016 में हुए एक रेप-मर्डर के आरोपी को बचाने के लिए पिता ने फर्जी ट्रांसफर सर्टिफिकेट (टीसी) बनाई ताकि दिखाया जा सके कि घटना के समय वह नाबालिग था। आरोपी मोहनलाल ने नकली टीसी बनाने के लिए स्कूल प्रिंसिपल नाथूराम के साथ साठगांठ की। पुलिस ने बताया कि नाथूराम फरार है। पुलिस के अनुसार, मोहनलाल के बेटे को 2016 में ग्रेटर नोएडा के इकोटेक-3 थाना क्षेत्र में एक टीनेजर की रेप और हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।मोहनलाल ने कानपुर देहात क्षेत्र के एक स्कूल के प्रिंसिपल नाथूराम के साथ मिलकर अपने बेटे के लिए फर्जी टीसी बनवाई, जिससे लगे कि घटना के समय वह नाबालिग था। पुलिस ने बताया कि प्रमाण पत्र के आधार पर अदालत ने उसके बेटे को फेज-2 स्थित सुधार गृह भेज दिया था। वहीं लड़की के परिवार ने किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष सही दस्तावेज पेश किए। पुलिस ने बताया कि इसके बाद जांच में पता चला कि मोहनलाल ने अपने बेटे को आसानी से बच निकलने में मदद के लिए फर्जी टीसी बनवाई थी।

### नेटफ्लिक्स ने क्राईम ड्रामा, नीरज पांडे के 'सिकंदर का मुकद्दर' का ट्रेलर जारी किया

**मुंबई, एजेंसी।** नेटफ्लिक्स ने क्राईम ड्रामा, नीरज पांडे के 'सिकंदर का मुकद्दर' का ट्रेलर जारी कर दिया है। इसमें जिमी शेरगिल, अविनाश तिवारी, और तमन्ना भाटिया मुख्य भूमिकाओं में हैं। इस फिल्म का निर्माण फ्राईडे स्टोरीटेलर्स ने किया है। सिकंदर का मुकद्दर में एक हीरे की चोरी की गुत्थी सुलझाने के लिए एक पुलिस अधिकारी की दिलचस्प कहानी दिखाई गई है। लेकिन वो यह किस कीमत पर करता है लगातार बते तनाव के बीच सवाल उठता हैः क्या तीनों संदिग्ध वास्तव में दोषी हैं, या फिर इस कहानी में कुछ और छिपा है, जो दिखाई नहीं दे रहा। 2008 में हीरे की एक प्रदर्शनी में चोरी होती है, जिसके बाद पुलिस अधिकारी, जसविंदर सिंह (जिमी शेरगिल) अपनी तहकीकात अपनी मूलवृति के साथ तीन संदिग्धों - कामिनी सिंह (तमन्ना भाटिया), सिकंदर शर्मा (अविनाश तिवारी) और मंगेश देसाई (राजीव मेहता) पर केंद्रित रखकर शुरू करते हैं। जाँच आगे बने के साथ गुनाह और बेगुनाह के बीच की रेखाएं धुंधली होती जाती हैं और जसविंदर की तफ्तीश उनका जुनून बनती चली जाती है।

### शेफ कुणाल कपूर 'मिलियन डॉलर लिस्टिंग इंडिया' में करेंगे अपने सपनों का घर की तलाश

**मुंबई, एजेंसी।** सोनी लिव के शो 'मिलियन डॉलर लिस्टिंग इंडिया' का आगामी एपिसोड एक सरप्राइज लेकर आ रहा है! इसके हाई-प्रोफाइल खरीदारों की लिस्ट में अब पाककला के उस्ताद कुणाल कपूर भी नजर आएंगे, क्योंकि उन्हें अपने लिये सुंदर एक घर चाहिये। यह मशहूर शेफ अपना सबसे बढ़िया घर खोजने के लिये रियल्टर हेम बत्रा से मिलेंगे। कुणाल को फूड, कुकिंग और मेहमानों का स्वागत करना बेहद पसंद है। उन्हें एक बड़ा किचन चाहिये, जो शहरों की भीड़भाड़ से दूर हो और जहां उन्हें शांति तथा सुकून मिले। अपने सपनों के घर और इस शो के बारे में बात करते हुए, शेफ कुणाल कपूर ने कहा, ''मैं ऐसे घर की तलाश कर रह हूँ, जहाँ खाना पकाने, मेहमान-नवाजी करने और सुकून से जिंदगी बिताने के लिये मेरा प्यार जारी रह सके। 'मिलियन डॉलर लिस्टिंग इंडिया' में जाने-माने रियल्टर हेम बत्रा के साथ मुझे मेरे सपनों के घर की तलाश में कामयाब होने की पूरी उम्मीद है। मुझे ऐसी जगह चाहिये, जहाँ मैं राहत पा सकूं, कुकिंग कर सकूं और परिवार तथा दोस्तों के साथ यादगार पलों को साझा कर सकूं।

# मेरठ-गाजियाबाद से भी ज्यादा देहरादून की आबोहवा में जहर

**देहरादून, एजेंसी।** देहरादून की आबोहवा अब ज्यादा प्रदूषित होने लगी है। चिंताजनक बात यह है कि यहां के प्रदूषण का स्तर गाजियाबाद, मेरठ और मुजफ्फरनगर जैसे शहरों से भी अधिक होने लगा है। सोमवार को केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट के मुताबिक, देहरादून भारत के उन 258 शहरों की सूची में नौवें स्थान पर है, जहां वायु प्रदूषण सबसे ज्यादा है। बारिश का अभाव, हवाओं का कमजोर रुख और दूसरे प्रदेशों से आ रहा पराली के धुएं को इसकी वजह बताया गया है। सीपीसीबी की रिपोर्ट के मुताबिक, देहरादून में सोमवार को एक्यूआई 287 और ऋषिकेश में एक्यूआई 208 दर्ज किया गया, जो खराब श्रेणी में आता है और लोगों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। जबकि, गाजियाबाद में एक्यूआई 252, जयपुर में 237, मेरठ में 211 और मुजफ्फरनगर में 240 दर्ज किया गया। ग्रेटर नोएडा जैसी जगह भी एक्यूआई 285 रहा, जो देहरादून के मुकाबले कम है।





### अगले सप्ताह धुंध से राहत के आसार

मौसम निदेशक डॉ. बिक्रम सिंह के मुताबिक, कम विजिबिलिटी और आद्रता 75 फीसदी से ज्यादा होती है तो कोहरा लगता है। लेकिन, दून में आद्रता 60 से 65 के बीच है और विजिबिलिटी थोड़ी कम है तो इसे धुंध कहेंगे। यह स्थिति वातावरण में धूल के कणों के बने रहने से बनती है। अभी दक्षिणी-पश्चिमी हवाएं चल रही हैं। उत्तर पश्चिमी हवाएं अगले सप्ताह से चलने की संभावना है। तब ठंड बढ़ेगी और धुंध छंटेगी।

### देहरादून -ऋषिकेश में डेढ़ से दो गुना बढ़ा प्रदूषण

देहरादून और ऋषिकेश में पिछले वर्षों के मुकाबले इस बार नवंबर के महीने में डेढ़ से दो गुना प्रदूषण बढ़ा है। नवंबर में इन दिनों दून में एक्यूआई 140 के आसपास तक रहता था, जो अब 280 से ऊपर पहुंच जा रहा है। ऋषिकेश में भी एक्यूआई खराब श्रेणी में पहुंचना चिंताजनक है। पिछले चार साल के नवंबर के आंकड़ों में आज चिंताजनक स्थिति नजर आ रही है।

### विशेषज्ञों ने कारण गिनाए और समाधान भी बताया

देहरादून विवि के पर्यावरण विभाग के प्रोफेसर विजय श्रीधर ने बताया कि विगत दिनों कई जगह कूड़ा जलाया गया। गर्म हवा ऊपर नहीं जा पा रही और प्रदूषण के कण नीचे ही बने हैं। हवा की गति भी कम है। इससे प्रदूषण बढ़ रहा है। एसडीसी फाउंडेशन के संस्थापक अनूप नौटियाल बोले, जलवायु परिवर्तन, बढ़ते वाहनों के धुएं, खुदी सड़कें और निर्माण कार्यों की धूल के साथ कम बारिश से प्रदूषण बढ़ा है। सरकार, बोर्ड और निगमों के स्तर पर सख्त कदम उठाने होंगे।

# महाराष्ट्र में इस बार सबसे रोचक लड़ाई बारामती सीट पर, अजित पवार की प्रतिष्ठा दांव पर

**बारामती, एजेंसी।** महाराष्ट्र में इस बार विधानसभा चुनाव काफी दिलचस्प हो गए हैं। कई सीटों पर रिश्तेदार आमने-सामने हैं। इसमें भी सबसे रोचक लड़ाई बारामती सीट पर है, जहां डिप्टी सीएम अजित पवार का मुकाबला अपने भतीजे युगेंद्र से है। छह बार के विधायक और पिछले चुनाव में 1 लाख 69 हजार वोटों से जीते अजित के लिए यह चुनाव काफी आसाना होना चाहिए था। लेकिन युगेंद्र पवार के सामने आ जाने से बारामती में फाइट बिल्कुल टाइट है और अजित पवार के लिए करो या मरो के हालात बन गए हैं। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव में अजित यहां मुंह की खा चुके हैं। तब उन्होंने सुप्रिया सुले के खिलाफ अपनी पत्नी को मैदान में उतारा था, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था।



अजित पवार के लिए इस चुनाव में बहुत कुछ दांव पर लगा हुआ है। पहले ही झटके खा चुके अजित अगर यहां हार जाते हैं उनकी सियासत ढलान की तरफ जाने लगेगी। इसकी झलक लोकसभा चुनाव में भी दिख चुकी है, जहां सुप्रिया सुले ने अजीत पवार की विधानसभा में भी अच्छी-खासी बढ़त बनाई थी। लोकसभा चुनाव में पत्नी की हार से अजित काफी दुखी थे। उन्होंने फैसला कर लिया था कि अब वह बारामती से कभी चुनाव नहीं लड़ेंगे, क्योंकि लोगों ने उनका काम पसंद नहीं किया। इसके बाद अजित के छोटे बेटे जय पवार को युगेंद्र के सामने उतारने की योजना बनी थी। लेकिन पार्टी द्वारा हुए दो सर्वे में इस बात के संकेत मिले थे कि जय पवार के सामने युगेंद्र बड़ी आसानी से जीत जाएंगे।

इस चुनाव में अजित पवार ने अपनी रणनीति भी बदली है। अब वह लोगों के बीच अधिक मुस्कुराते हैं। इतना ही नहीं, अजित ने अपना पहनावा भी बदला है। अब अजित पवार गुलाबी कपड़े पहनने पर अधिक जोर दे रहे हैं। हालांकि इसके बावजूद उनके लिए यह चुनाव आसान नहीं होने जा रहा है। वैसे तो अजित पवार की फैन फॉलोविंग बारामती में काफी है, लेकिन यह शहरी क्षेत्र में ज्यादा है। बारामती शहर के तमाम युवा और व्यवसायी अजित को ही वोट देने की बात कहते हैं। वहीं, तमाम लोगों का यह भी मानना है कि अजित पवार ने बारामती के लिए बहुत कुछ किया है।

दूसरी तरफ युगेंद्र के पक्ष में सबसे बड़ी बात उनके ऊपर शरद पवार का वरदहस्त होना है। इसके चलते लोग युगेंद्र को अधिक गंभीरता से ले रहे हैं। शरद पवार ने भी यह स्पष्ट संकेत दिया है कि यह चुनाव युगेंद्र बनाम अजित पवार नहीं, बल्कि शरद पवार बनाम अजित पवार है। युगेंद्र के नामांकन के दिन भी यह स्पष्ट नजर आया था। शरद पवार नामांकन के वक्त युगेंद्र के साथ मौजूद थे। जबकि लोकसभा चुनाव में जब उनकी बेटी सुप्रिया नामांकन करने गई थीं तब शरद पवार नहीं थे।

यह बात स्पष्ट है कि इस चुनाव में परिणाम शहरी वोटर बनाम ग्रामीण वोटर से तय होगा। वोटरों को लुभाने के लिए अजित का परिवार भी मैदान में हैं। जहां पत्नी सुनेत्रा गांव के लोगों से बात कर रही हैं, वहीं बेटा जय भी मैदान में पूरी तरह से सक्रिय है। इसके अलावा अजित खुद बारामती के 59 गांवों की यात्रा पर निकले हुए हैं। अजित पवार लोगों से यह भी कह रहे हैं कि लोकसभा में ताई यानी सुले को जिताया तो अब विधानसभा में दादा यानी मुझे जिताएं। उन्हें यह भी उम्मीद है कि महायुति सरकार की लड़की बहिन योजना उनके पक्ष में काम करेगी। ऐसा होने पर इस विधानसभा क्षेत्र की 1.87 लाख महिला वोटर उनके लिए वोट कर सकती हैं।

## महाराष्ट्र की 50 फीसदी से ज्यादा सीटों पर एक भी मुस्लिम नहीं



**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में मुस्लिम उम्मीदवारों की संख्या काफी कम नजर आ रही है। आंकड़े बता रहे हैं कि राज्य की 288 में से आधी से ज्यादा सीटें ऐसी हैं, जहां एक भी मुस्लिम उम्मीदवार नहीं है। वहीं, बड़े दलों में कांग्रेस ने 9 मुसलमान उम्मीदवारों को टिकट दिया है। भारतीय जनता पार्टी की तरफ से एक भी प्रत्याशी समुदाय से नहीं है। राज्य में 20 नवंबर को मतदान होगा और 23 नवंबर को मतगणना होगी। एक रिपोर्ट के अनुसार, 150 से ज्यादा विधानसभा क्षेत्र ऐसे हैं, जहां एक भी मुस्लिम उम्मीदवार नहीं है। वहीं, करीब 50 सीटों पर सिर्फ एक मुस्लिम कैंडिडेट है। राज्य में कुल 4 हजार 136 उम्मीदवार विधानसभा चुनाव के लिए मैदान में हैं, जिनमें सिर्फ 420 मुस्लिम प्रत्याशी हैं। खास बात है कि इनमें आधे से ज्यादा निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ रहे हैं। महाराष्ट्र में कांग्रेस ने 9 मुस्लिम कैंडिडेट को टिकट दिया है। जबकि, उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने 5 को टिकट दिया है।

# राज ठाकरे की भविष्यवाणी- भाजपा की सरकार होगी, मुख्यमंत्री फडणवीस होंगे

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में क्या होगा? यह फिलहाल यक्ष प्रश्न है, लेकिन अजित पवार की पार्टी से लेकर राज ठाकरे तक का कहना है कि जो भी होगा, बेहद दिलचस्प स्थिति बनेगी। राज ठाकरे का कहना है कि कोई भी नहीं सकता कि चुनाव नतीजा क्या रहेगा। यदि आप महाराष्ट्र में घूमेंगे तो स्थिति पता चलेगी। इस साल बहुत सारी चौंकाने वाली चीजें होंगी। आप 10 दिन रुक जाएं, सब सामने ही आ जाएगा। हालांकि इस बीच राज ठाकरे ने उम्मीद जताई कि भाजपा के नेतृत्व में नई सरकार का गठन होगा और देवेंद्र फडणवीस मुख्यमंत्री होंगे।




उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा कि इसमें मेरा कोई हित नहीं है, लेकिन ऐसा संकेत मिल रहा है। राज ठाकरे से पूछा गया कि कभी आप खुद के लिए सत्ता मांगते हैं तो कभी दावा करते हैं कि भाजपा का मुख्यमंत्री बनने वाला है? आखिर सत्ता का आपका समीकरण क्या है? इस पर राज ठाकरे ने कहा कि इस बार कुछ भी साफ तौर पर नहीं कहा जा सकता। लेकिन इतना तय है कि हम किंगमेकर की भूमिका में होंगे। राज ठाकरे ने कहा कि मैंने पहले भी कहा था कि भाजपा का मुख्यमंत्री बनेगा और वह हमारे समर्थन से होगा। यह मेरे दिमाग की उपज है। मैं तो लगातार कह रहा हूं कि भाजपा की सरकार बनेगी। राज ठाकरे कहा कि भाजपा की सरकार बनी तो साफ है कि महायुति की सत्ता होगी। मेरा अनुमान है कि नई सरकार में देवेंद्र फडणवीस मुख्यमंत्री होंगे। उन्होंने कहा कि महायुति में तीन दल हैं। उनके सीनियर नेता तय करेंगे कि कौन मुख्यमंत्री होगा। पर इतना तो तय है कि हमारे बिना कोई सरकार नहीं बनेगी। मनसे चीफ ने कहा कि देवेंद्र फडणवीस काबिल लीडर हैं।

उन्होंने कहा कि फडणीस को सभी मसलों की समझ है। उनके पास तमाम समस्याओं के जवाब हैं। राज ठाकरे ने भाजपा से रिश्तों को लेकर कहा कि शिवसेना के बाद यदि मैं किसी दल से जुड़ा हूं तो वह भाजपा है। मैं प्रमोद महाजन, गोपीनाथ मुंडे और नितिन गडकरी जैसे नेताओं के करीब रहा। मनसे चीफ ने कहा कि इन नेताओं के साथ मुझे काम करने का मौका मिला है।

# दिल्ली-नोएडा-फरीदाबाद का सफर आसान, मीठापुर-बदरपुर के बीच फर्राटा भरेंगे वाहन; लाखों को फायदा

**फरीदाबाद एजेंसी।** फरीदाबाद स्मार्ट सिटी की सीमा के समीप दिल्ली के मीठापुर और जैतपुर गांव के सामने गुरुग्राम नहर और आगरा नहर पर बनाए गए पुल पर मंगलवार से ट्रैफिक शुरू हो जाएगा। इस पुल के बनने से मीठापुर-जैतपुर और बदरपुर, मोलड़बंद के बीच आवाजाही करने वाले लाखों वाहन चालकों को जाम से राहत मिलेगी। इस पुल पर ट्रैफिक शुरू करने से पहले सिंचाई विभाग ने सोमवार को आगरा और गुरुग्राम नहर पर बनाए गए पुलों पर लोहे के सरियों से भरे ट्रॉले को खड़ा कर टेस्टिंग की।



पुल के एक सिरे पर रोड रोलर रखा गया था तो दूसरे पर लोहे के सरियों से भरा ट्रॉला। मंगलवार सुबह से यहां ट्रैफिक दौड़ना शुरू हो जाएगा। इसके लिए सभी जरूरी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। गुरुग्राम नहर पांच करोड़ दो लाख रुपये की लागत से यह पुल तैयार किया गया है। इस पुल का निर्माण कार्य 30 जून तक पूरा होना जाना था। लेकिन, धीमी गति की वजह से इस पुल का निर्माण कार्य अब जाकर पूरा हो सका है। इसी तरह आगरा नहर पर बन रहे पुल का भी काम पूरा हो गया है। इस पुल के निर्माण पर छह करोड़ रुपये के बजट खर्च हुआ है।

हरियाणा सिंचाई विभाग के एसडीओ राकेश कुमार ने बताया कि मंगलवार से पुल पर ट्रैफिक शुरू हो जाएगा। इसके लिए विभाग अपनी तैयारी पूरी कर चुका है। इस पुल को एनएचएआई (नेशनल हाईवे अथोरिटी ऑफ इंडिया) के सहयोग से तैयार किया गया है। केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी जल्द ही इसका उद्घाटन करेंगे। उद्घाटन से पहले ही इसे ट्रैफिक के लिए खोला जा रहा है। इस पुल की लंबाई 100 मीटर से ज्यादा है।

आगरा और गुरुग्राम नहर पर बने इस पुल के शुरू होने से लाखों लोगों को फायदा होगा। लोग यहां लंबे समय से जाम से जूझ रहे थे। इस पुल बनने के बाद जैतपुर, हरि नगर, मीठापुर, शिव विहार, सौरव विहार, गड्ढ़ा कॉलोनी, ताजपुर पहाड़ी, मोलड़बंद, मोहन बाबा नगर आदि इलाकों के लोगों को दिल्ली, फरीदाबाद और नोएडा आने-जाने में आसानी होगी।

नेशनल हाईवे अथोरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) ने तीन वर्ष पहले डीएनडी-केएमपी एक्सप्रेसवे का काम शुरू होने के दौरान मीठापुर के सामने गुरुग्राम और आगरा नहर पर पुल से बनाने की योजना तैयार की थी। एनएचएआई प्रबंधन ने यूपी सिंचाई विभाग और हरियाणा सिंचाई विभाग को 11 करोड़ रुपये से ज्यादा का बजट भी दिया था। एनएचएआई प्रबंधन द्वारा डीएनडी-केएमपी एक्सप्रेसवे के बनने से यहां पर ट्रैफिक बढ़ने का अनुमान लगाया गया था।

इसे ध्यान में रखते हुए दो लेन का नहरी पुल बनाने के लिए दोनों राज्यों के सिंचाई विभाग को बजट आवंटित दिया था। इससे पहले यहां पर संकरा था। दोनों ओर से आवाजाही एक ही पुल पर चल रही थी। यूपी सिंचाई विभाग के एसडीओ ब्रजकिशोर ने बताया कि अब नया पुल तैयार होने से नहर पर चार लेन पुल तैयार हो गया है। डीएनडी एक्सप्रेसवे से लेकर बदरपुर की ओर ट्रैफिक का आवागमन हो सकेगा।

# पंजाब उपचुनाव में पुराने साथी के भरोसे भाजपा? अकाली दल के गुणगान में जुटे नेता

**जालंधर, एजेंसी।** शिरोमणि अकाली दल ने पंजाब में चार सीटों पर लड़े जा रहे उपचुनाव से दूरी बना रखी है। इसके बावजूद यह पार्टी चर्चा में बनी हुई है। भाजपा के तमाम उम्मीदवार अपने पुराने सहयोगी के नाम का सहारा लेते दिखाई दे रहे हैं। यह सभी शिरोमणि अकाली दल और प्रकाश सिंह बादल का गुणगान कर रहे हैं। वहीं, आम आदमी पार्टी और कांग्रेस का कहना है कि भाजपा और शिरोमणि अकाली दल आपस में मिले हुए हैं। बीते गुरुवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने शिरोमणि अकाली दल को लेकर एक्स पर एक पोस्ट लिखी थी। इसमें उन्होंने प्रदेश की राजनीति में इस पार्टी की जरूरत पर जोर दिया था। उन्होंने लिखा था कि मैं हमारे सर्वोच्च धार्मिक निकाय, श्री अकाल तख्त साहिब से आदरपूर्वक अपील करता हूं कि वे सुनिश्चित करें कि दोषी व्यक्ति अपनी गलतियों को पहचानें और उचित रूप से फटकार लगाई जाए। हालांकि, पंथिक पार्टी की रक्षा करना भी जरूरी है।

बता दें कि 30 अगस्त को अकाल तख्त ने शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल को सिख धार्मिक आचार संहिता का दोषी घोषित किया था। यह फैसला 2012 और 2017 के बीच उनकी गलतियों पर लिया गया था। इसके चलते सुखबीर सिंह बादल पर राजनीतिक गतिविधियों में शामिल होने पर रोक लग गई और उनकी पार्टी को भी उपचुनावों से दूरी बनानी पड़ी। इंडियन एक्सप्रेस के मुताबिक बरनाला से भाजपा उम्मीदवार केवल ढिल्लों ने कहाकि किसी न किसी को अकाली दल से खाली हुई जगह भरनी होगी। साथ ही उन्होंने क्षेत्र के वोटरों से अपील की कि वह उन्हें 2007 से 2017 के कांग्रेस विधायक के रूप में किए गए काम के आधार पर वोट करें। उस वक्त प्रकाश सिंह बादल पंजाब के मुख्यमंत्री थे। इससे पहले, बीते हफ्ते ढिल्लों ने प्रकाश सिंह बादल की तारीफ वाला एक वीडियो भी पोस्ट किया था।

# चुनावों में किए गए पांच गारंटी को पूरा करने की वजह से राज्य के खजाने पर भारी बोझ पड़ा -मुख्यमंत्री सिद्धारमैया

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कांग्रेस शासित राज्य कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने यह बात कबूल की है कि विधानसभा चुनावों में किए गए पांच गारंटी को पूरा करने की वजह से राज्य के खजाने पर भारी बोझ पड़ा है। बावजूद इसके उनकी सरकार उन सभी गारंटियों को पूरा करती रहेगी। सिद्धारमैया ने यह भी स्पष्ट किया कि ये पहल बंद नहीं होंगी और पांच साल तक चलती रहेंगी। उनका यह बयान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की उस सलाह के बाद आया है, जिसमें वरिष्ठ नेता ने कहा था कि राज्य इकाइयों को केवल उतने ही वादों की गारंटी देनी चाहिए जिसे पूरा किया जा सके और जो वित्तीय रूप से सक्षम हो। इन टिप्पणियों को कर्नाटक सहित अन्य कांग्रेस शासित राज्यों के लिए एक नसीहत के तौर पर देखा गया था। उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा, 2024-25 के बजट में हमने विकास कार्यों के लिए 1.20 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। इसमें से 56,000 करोड़ रुपये गारंटी के लिए और 60,000 करोड़ रुपये से अधिक विकास कार्यों के लिए आवंटित किए गए हैं। स्वाभाविक रूप से, यह राज्य के खजाने पर बोझ होगा लेकिन, हम विकास कार्यों को रोके बिना इसे मैनेज कर रहे हैं और हम सभी खर्चों को भी पूरा कर रहे हैं। उन्होंने कहा, (प्रधानमंत्री) नरेंद्र मोदी जी ने खुद राजस्थान में बयान दिया था कि अगर ये गारंटी लागू की गईं तो कर्नाटक सरकार दिवालिया हो जाएगी और विकास कार्यों के लिए पैसा नहीं बचेगा लेकिन ऐसा नहीं हुआ। उन्होंने यह भी कहा कि हम मई 2023 में सत्ता में आए और सभी चुनावी गारंटी योजनाओं को पूरी तरह लागू कर चुके हैं। खड़गे की टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर सिद्धारमैया ने दावा किया कि उनके बयान को गलत तरीके से पेश किया गया। उन्होंने भाजपा के उन आरोपों को भी खारिज कर दिया कि कांग्रेस शासित हिमाचल प्रदेश और तेलंगाना की सरकारें कल्याणकारी योजनाओं को लागू करने के कारण सरकारी अधिकारियों को वेतन देने में असमर्थ हैं।



बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## न्यूज बाइट्स

### उत्तर कोयल नहर में पानी के लिए किसान मजदूर मोर्चा ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**रफीगंज (औरंगाबाद)(नि.सं.)** उत्तर कोयल नहर का पानी अपने खेतों में लाने के लिए किसान मजदूर मोर्चा के बैनर तले टकरा गांव में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। सभी किसानों को एकजुट होने के लिए आह्वान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अहमद रजा खां उर्फ लड्डू खां ने की जबकि संचालन समाजसेवी डॉ. तुलसी यादव ने किया। उन्होंने ग्रामीण किसानों के बीच कहा कि आजादी के बाद से ही औरंगाबाद एवं गया जिला के असिंचित क्षेत्र के किसान मजदूर उत्तर कोयल नहर के पानी के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उत्तर कोयल नहर के पानी को किसानों के खेत में लाने के नाम पर नेता वोट लेते आ रहे हैं। किंतु किसानों के बारे में किसी ने भी नहीं सोंचा। जब-जब वोट लेने का समय आता है तो उत्तर कोयल नहर का नारा बुलंद कर यहां के किसान मजदूर से वोट लेकर ठगने का काम किया जाता है। उत्तर कोयल नहर के कुटकु डैम में फाटक लगाने एवं औरंगाबाद तथा गया जिला के विभिन्न क्षेत्रों में किसानों के खेत में पानी के लिए सन् 1998 से किसान मजदूर मोर्चा, मगध संकल्पबद्ध तरीके से आंदोलन चला रहा है। छोटे-छोटे आंदोलन के अलावा ऐतिहासिक आंदोलन भी किए गए हैं। अब यहां के किसान किसी से ठगे नहीं जाएंगे। जब तक कुटकु डैम में फाटक लगाने, औरंगाबाद एवं गया जिला के असिंचित क्षेत्र में किसानों को उत्तर कोयल नहर का पानी खेतों में नहीं आएगा तब तक अनिश्चितकालीन महाधरना का आयोजन 15 जनवरी 2025 से रफीगंज के अंचल सह प्रखंड परिसर में किया जाना है। इसी के मद्देनजर हम सभी किसान मजदूर मोर्चा के बैनर तले औरंगाबाद एवं गया जिला में उत्तर कोयल नहर से लाभान्वित होने वाले गांव में अनिश्चितकालीन महा धरना को सफल बनाने के लिए जागरूकता अभियान घूम-घूम कर चला रहे हैं। 2004 में मगध आयुक्त, गया के समक्ष 8 दिनों तक धरना, 20 सितंबर 2005 को रफीगंज से पटना तत्कालीन राज्यपाल बूटा सिंह के समक्ष पदयात्रा कर धरना प्रदर्शन एवं वार्ता सहित लगातार संघर्ष करते रहे। इसके फलस्वरूप प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2021 में मंडल के कुटकु डैम में फाटक लगाने का शिलान्यास किया और वर्ष 2022 तक पानी चालू कर देने का आश्वासन दिया। किंतु आज तक यह कार्य सफल नहीं हो सका। इन मांगों के लिए किया गया प्रयास काफी लंबे समय से होता रहा। किंतु खेद का विषय है कि अब तक सिर्फ आश्वासन मिलने के अलावा धरातल पर कोयल नहर में पानी चालू करने का काम नहीं किया गया। और यह मामला अभी तक अधर में लटका हुआ है। किसान मजदूर मोर्चा मगध सभी जनप्रतिनिधियों से वार्ड से लेकर सांसद एवं विधायक से आग्रह करते हैं कि महाधरना को सफल बनाने में अपनी जिम्मेदारी एवं भागीदारी निभाए। इस अवसर पर मिथिलेश यादव, लालदेव यादव, कपिल देव यादव, शंकर यादव, इस्लाम खान, शहाबु खान, बेचन खान, गनौरी दास, इतवार दास, अक्षय पासवान, परमेश्वर राम, ललन शर्मा, पुकार शर्मा, रणजीत कुमार यादव, मो. अरबाज खान, अशरफ खान, शमशाद खान, जयप्रकाश, मोनारिक रविदास सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### जनवितरण विक्रेताओं का चरणबद्ध आंदोलन 15 से

**पटना (नि.सं.)** । सरकारी सेवक घोषित करने समेत अन्य लंबित मांगों को लेकर राज्यभर के जन वितरण विक्रेताओं का 15 नवंबर से चरणबद्ध आंदोलन शुरू होगा। यह घोषणा फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन और जन वितरण विक्रेता दुकानदार संघ ने संयुक्त रूप से मंगलवार को भिखना पहाड़ी में एक बैठक के दौरान की। एसोसिएशन के महामंत्री देवेन्द्र प्रसाद सिंह ने कहा कि यह आंदोलन जन वितरण विक्रेताओं की लंबित मांग सरकारी सेवक घोषित करने समेत अन्य को लेकर है। इसके तहत आंदोलन के पहले चरण में कालीपट्टी लगाकर विरोध किया जाएगा।

# पैक्स अध्यक्ष के नामांकन के दौरान टेंपो की चपेट में आए दो समर्थक, एक की मौत

निज संवाददाता | देव (औरंगाबाद)



देव प्रखंड कार्यालय में पैक्स अध्यक्ष के चुनाव के लिए नामांकन के दौरान मंगलवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया, जिसमें एक व्यक्ति की जान चली गई और दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना उस समय हुई जब बनुआ से आए प्रत्याशी कामता प्रसाद सिंह के समर्थक नामांकन कराने के लिए देव प्रखंड कार्यालय पहुंचे थे। इस दौरान कार्यालय के समीप अनियंत्रित टेंपो ने दो समर्थकों को कुचल दिया, जिससे उनकी बाइक पर सवार 60 वर्षीय सुरेश सिंह की मृत्यु हो गई। सुरेश सिंह ढिबरा थाना क्षेत्र के खैरा गांव के निवासी थे। दुर्घटना में घायल दूसरे व्यक्ति विनोद सिंह, जो कि उसी गांव के निवासी हैं, को गंभीर चोटें आई हैं और उनका इलाज देव के सदर अस्पताल में चल रहा है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टेंपो की तेज रफ्तार और लापरवाही से यह हादसा हुआ। दुर्घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया। वहां ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक डॉ. अभिषेक कुमार सिंह ने सुरेश सिंह की स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए जमुहार मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। हालांकि, वहां पहुंचने पर भी उनकी हालत में सुधार नहीं हो पाया और इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। यह घटना क्षेत्र में गहरा शोक और आक्रोश पैदा कर गई है। स्थानीय लोगों ने इस दुर्घटना के बाद क्षेत्र में वाहनों की तेज रफ्तार और सुरक्षा के प्रति प्रशासन की उदासीनता को लेकर भी सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि इस मार्ग पर आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं, लेकिन इसके बावजूद प्रशासन द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं।

इस दुखद घटना ने जहां सुरेश सिंह के परिवार को अपूरणीय क्षति पहुंचाई है, वहीं चुनावी माहौल में भी उदासी और भय का माहौल बना दिया है। स्थानीय निवासियों ने मांग की है कि क्षेत्र में तेज रफ्तार वाहनों पर लगाम लगाने के लिए ठोस कार्रवाई की जाए ताकि इस प्रकार की दुखद घटनाओं को रोका जा सके।

## बाइक की टक्कर से वृद्ध की मौत

**गोह (औरंगाबाद) (नि.सं.)**। गोह में बाइक की टक्कर से वृद्ध की मौत हो गई। वे सड़क पार कर रहे थे। उन्हें गोह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया था। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक की पहचान गोह थाना क्षेत्र के धोबी टोला निवासी स्वर्गीय राम सकल रजक के 55 वर्षीय पुत्र दिलीप कुमार रजक के रूप में की गई है। सदर अस्पताल में पोस्टमॉर्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि मृतक दिलीप कुमार रजक सोमवार की सुबह दाउदनगर न्यायालय में न्यायालय से संबंधित कार्य को लेकर गए हुए थे। रात्रि में वापस घर लौट रहे थे। इस क्रम में सड़क पार करने के दौरान अनियंत्रित बाइक ने टक्कर मार दी। मृतक के दो बेटे और दो बेटियां हैं। तीन बच्चों की उन्होंने शादी कर दी और मजदूरी कर अपने परिवारों का भरण-पोषण करते थे। घटना के बाद पत्नी मानती देवी सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# संतोष कुमार सिंह ने खरकनी पैक्स अध्यक्ष पद हेतु भरा नामांकन

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



औरंगाबाद जिले के प्रतिष्ठित समाजसेवी और वरिष्ठ नेता संतोष कुमार सिंह ने खरकनी पैक्स अध्यक्ष पद हेतु अपना नामांकन दाखिल किया। संतोष कुमार सिंह, जो औरंगाबाद सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक के चेयरमैन और डीलर संघ के अध्यक्ष भी हैं, ने वर्षों से अपने नेतृत्व और सेवा कार्यों से क्षेत्रीय जनता का दिल जीत रखा है। उनकी सामाजिक सेवा और किसानों के हित में की गई अनगिनत पहल उन्हें एक सम्मानित जननेता के रूप में स्थापित करती हैं।

नामांकन के अवसर पर, संतोष कुमार सिंह के प्रति जनता का भारी समर्थन देखा गया। उनके समर्थन में सैकड़ो लोगों ने उनका स्वागत किया और 'संतोष कुमार सिंह जिंदाबाद' के नारों से माहौल गूंज उठा। समर्थकों का यह अद्वितीय उत्साह संतोष कुमार सिंह के प्रति जनता की असीम श्रद्धा और प्रेम को दर्शाता है।

किसानों के हित में सक्रिय भूमिका संतोष कुमार सिंह ने हमेशा से किसानों की समस्याओं को गंभीरता से लिया है और उनके समाधान के लिए हर संभव कदम उठाए हैं। उनकी नीतियों और कार्यों का परिणाम है कि क्षेत्र के किसान उनके नेतृत्व में सुरक्षित और सशक्त महसूस करते हैं। उनकी योजनाओं ने कृषि विकास और किसानों की स्थिति में सकारात्मक बदलाव लाए हैं, जिससे उन्हें व्यापक समर्थन प्राप्त हुआ है।

### लगातार जीत की ओर अग्रसर जननेता

पिछले कई वर्षों से लगातार जीत हासिल करने वाले संतोष कुमार सिंह ने क्षेत्र में अपनी एक सशक्त और विश्वसनीय छवि बनाई है। उनका सादा व्यक्तित्व और सेवा के प्रति समर्पण उन्हें आम जनता के बीच विशेष स्थान दिलाता है। जनता का विश्वास उनके लिए एक प्रेरणा है, और उनके निरंतर प्रयासों से खरकनी पंचायत में समृद्धि और विकास के नए अध्याय लिखे जा रहे हैं। संतोष कुमार सिंह ने अपने नामांकन के दौरान जनता को आश्वासन दिया कि यदि वे पुनः चुने जाते हैं, तो वे अपने दायित्वों को पूरी ईमानदारी और निष्ठा से निभाते हुए क्षेत्रीय विकास और किसानों के हित में कार्य करते रहेंगे।

# दधपी पैक्स अध्यक्ष पद के लिए मनोज कुमार सिंह ने किया नामांकन दाखिल

निज संवाददाता | मदनपुर (औरंगाबाद)



मदनपुर प्रखंड के दधपी पैक्स अध्यक्ष पद के चुनाव में समाजसेवी मनोज कुमार सिंह ने नामांकन दाखिल किया है। मनोज कुमार सिंह क्षेत्र के सम्मानित और वरीय समाजसेवी हैं, जो लंबे समय से जनता की सेवा में सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। उनके नामांकन के साथ ही क्षेत्र में एक नई उम्मीद जगी है कि पैक्स का नेतृत्व अब एक अनुभवी और जनसेवक व्यक्ति के हाथों में होगा।

### क्षेत्र से जुड़ी कई विकास योजनाओं का अनुभव

मनोज कुमार सिंह ने लंबे समय से क्षेत्र के विकास और सेवा में अपना योगदान दिया है। उनके प्रयासों से कई सामाजिक कार्य और विकास योजनाएँ सफलतापूर्वक संचालित हुई हैं। उन्होंने हमेशा आम जनता के हित में कार्य किया है और उनके लिए बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराने की दिशा में विशेष ध्यान दिया है। नामांकन दाखिल करने के दौरान मनोज कुमार सिंह ने कहा, 'मैं हमेशा जनता की सेवा के लिए प्रतिबद्ध रहा हूँ। पैक्स अध्यक्ष के रूप में मेरी कोशिश रहेगी कि क्षेत्र के किसानों और आम नागरिकों को हर संभव सहायता और लाभ मिले।' उन्होंने यह भी कहा कि यदि उन्हें जनता का समर्थन मिलता है, तो वे अपनी जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाएंगे।

### क्षेत्रीय जनता का समर्थन प्राप्त

मनोज कुमार सिंह के नामांकन के बाद क्षेत्रीय जनता में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। लोगों का मानना है कि उनका अनुभव और सामाजिक सेवा का इतिहास क्षेत्र को एक मजबूत और समर्पित नेतृत्व प्रदान करेगा।

# एकल विद्यालय के आचार्यों को मिला शिक्षण सामग्री किट



निज संवाददाता | हसपुरा(औरंगाबाद)

हसपुरा के श्री भास्कर नगर स्थित श्रीराम जानकी धर्मशाला के प्रांगण में सोमवार को एकल विद्यालय संच, हसपुरा के नवनियुक्त आचार्यों को विद्यालय के बच्चों के समुचित पठन-पाठन के लिए शिक्षा सामग्री किट संच समिति के अध्यक्ष सुरेश प्रसाद आर्य एवं सचिव अनिल आर्य द्वारा प्रदान किया गया। सुरेश आर्य ने आचार्यों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय में बच्चों को पढ़ाने में यह सामग्री बहुत काम आएगा। इस किट में छात्रों के लिए कॉपी कलम, पेंसिल, पुस्तक, ब्लैक बोर्ड, मानचित्र सहित अन्य पठन पाठन सामग्री है, जिसे बच्चों को विद्यालय में बुलाकर दे देंगे, ताकि बच्चों को पढ़ने के लिए पैसे खर्च नहीं करने पड़े। कहा कि एकल विद्यालय की ओर से गांव गांव में बच्चों को निःशुल्क शिक्षा दी जाती है जिसमें पंचमुखी शिक्षा, संस्कार युक्त शिक्षा के माध्यम से बच्चों को शारीरिक, मानसिक, चारित्रिक एवं आध्यात्मिक रूप से विकास करने के लिए आप सभी आचार्यों के उपर बहुत बड़ी दायित्व दिया जा रहा है, जिसे आप सभी आचार्य पूरी निष्ठा के साथ निभाने का काम करते रहेगें।

# औरंगाबाद में पहली बार महिला क्रिकेट सीरीज का हो रहा आयोजन



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

औरंगाबाद की धरती पर पहली बार महिला क्रिकेट सीरीज का आयोजन जिला क्रिकेट संघ के द्वारा करवाया गया। यह टूर्नामेंट मगध पब्लिक इंटरनेशनल स्कूल देव के खेल परिसर में करवाया जा रहा है। टूर्नामेंट में मैच मौआर साहब क्रिकेट अकादमी औरंगाबाद (बिहार) बनाम बिग ड्रीम क्रिकेट अकादमी राँची (झारखंड) के बीच खेला जा रहा है। जिला क्रिकेट संघ के सचिव उज्ज्वल सिंह रिशु और कोषाध्यक्ष शशांक शेखर आशु ने संयुक्त रूप से फीता काटकर इस सीरीज की शुरुआत की। इस सीरीज के उद्घाटन समारोह में एमसीए के निर्देशक पीयूष कुमार, आनंद मोहन, सुनील कुमार उपस्थित रहे। स्कूल के निर्देशक शशि रंजन मौआर ने बताया कि ये सीरीज 12 नवंबर से 14 नवंबर तक खेला जाएगा। संघ के पदाधिकारीयों ने बताया कि क्रिकेट जगत में यह आयोजन एक नया इतिहास बनाता है। आज से पहले कभी भी औरंगाबाद की धरती पर महिला क्रिकेट टूर्नामेंट नहीं हुआ है। यह नगरवासियों के लिए सौभाग्य की बात है।

## करंट लगने से युवक की हुई मौत

**ओबरा (औरंगाबाद) (नि.सं.)**। पोल के अर्थिंग से सटकर एक 25 वर्षीय युवक की मौत हो गयी। घटना ओबरा थाना क्षेत्र के मायापुर गांव की है। मृतक के पहचान गंगादयाल यादव के पुत्र कृष्ण कुमार के रूप में की गई है। करंट लगने के दौरान लोगों ने घायल अवस्था में उसे इलाज के लिए सामुद्दायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया है। जानकारी के अनुसार मृतक घर के बाहर पोल के समीप मवेशी बांध रहा था। उसी दौरान पोल के अर्थिंग में करंट प्रवाहित हो रहा था जिसके संपर्क में आने से वह घायल हो गया है। आसपास के लोगों के सहयोग से इलाज के लिए अस्पताल लाया गया है जहां उसकी मौत हो गई है। मौत की सूचना मिलते ही ओबरा थाना के एसआई अविनाश कुमार ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद भेज दिया है। वहीं घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# उत्पाद विभाग ने 50 लाख रुपये की अवैध शराब की नष्ट

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



शराबबंदी और अवैध शराब के खिलाफ प्रशासन की सख्ती का एक और बड़ा उदाहरण सामने आया है। मुफस्सिल थाना के सामने साइकिल फैक्ट्री के पास लगभग 50 लाख रुपये मूल्य की देशी-विदेशी शराब और स्प्रिट को उत्पाद विभाग ने पूरी सख्ती से विनष्ट कर दिया। जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के निर्देश पर की गई इस कार्रवाई को विधिवत तरीके से अंजाम दिया गया, जिसके दौरान पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई गई।

इस विनिष्टीकरण के दौरान, पहले जेसीबी मशीन से शराब की बोतलों को कुचल कर नष्ट किया गया, फिर शराब को गहरे गड्ढों में दबाकर निष्प्रभावी कर दिया गया ताकि कोई भी शराब की एक भी बोतल बच न सके। उत्पाद विभाग के निरीक्षक चंदन कुमार ने इसे प्रशासन की एक बड़ी सफलता करार दिया। उन्होंने बताया कि मंगलवार को लगभग 12,000 लीटर शराब को नष्ट किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत 50 लाख रुपये के करीब है। इसमें अंबा थाना से जब्त 4400 लीटर विदेशी शराब, कुटुंबा से 3900 लीटर स्प्रिट, सदर मध निषेध थाना से लगभग 3000 लीटर शराब और अन्य थानों से बरामद शराब को भी शामिल किया गया। प्रशासन ने यह स्पष्ट कर दिया है कि जिले में शराब के अवैध कारोबार के खिलाफ पूरी सख्ती से कार्रवाई जारी रहेगी। चंदन कुमार के अनुसार, जिले में लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है और अवैध शराब के कारोबार को किसी भी सूरत में पनपने नहीं दिया जाएगा। प्रशासन द्वारा बार-बार की जा रही इस सख्त कार्रवाई ने शराब माफियाओं में खलबली मचा दी है। शराबबंदी और शराब विनिष्टीकरण की इस मुहिम को पुलिस प्रशासन ने गंभीरता से लिया है और इसे सफल बनाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

# चोरों ने चुराए बेटी की शादी के लिए रखे 10 लाख के जेवर और नकद पैसे

निज संवाददाता | रफीगंज (औरंगाबाद)



रफीगंज में चोरों का आतंक बढ़ गया है। अज्ञात चोरों द्वारा घर का कुंडी तोड़ कर चोरी करने का मामला मंगलवार को प्रकाश में आया है। यह चोरी की घटना रफीगंज शहर के वार्ड नंबर 16 शांति नगर की है। गृह स्वामी संजीत ठाकुर ने इस संबंध में रफीगंज थाना में आवेदन देते हुए उल्लेख किया है कि छठ पर्व को लेकर पूरे परिवार के साथ हम लोग नवनिर्मित मकान शांति नगर से अपने पैतृक गांव मई चले गए थे। जब छठ बाद घर आए तो देखा कि मेरे घर का मुख्य दरवाजा का कुंडी टूटा हुआ है। घर के अंदर गए तो देखा कि सभी दरवाजे का ताला टूटा हुआ है और गोदरेज में रखे लगभग 10 लाख रुपए के सोने-चांदी के आभूषण एवं दो लाख रुपए नगद पैसा गायब है तथा अन्य कीमती सामान भी गायब है।

संजीत ठाकुर ने बताया कि मुझे एक पुत्र एवं एक पुत्री है। पुत्री नेहा कुमारी का हाल ही में शादी की बातचीत चल रही थी। इसी को लेकर मेहनत मजदूरी और रिश्तेदारों के घर से पैसा इकट्ठा कर शादी के लिए रख रहे थे। शादी की तिथि अभी तय नहीं हुई थी। इधर अज्ञात चोरों ने घटनास्थल के 10 मीटर की दूरी पर प्रेमचंद पाल के घर के मुख्य दरवाजा की कुंडी काट दिया लेकिन उनके यहां परिजन रहने के कारण चोरों की मंनसुबा असफल रही। रफीगंज थाना अध्यक्ष गुफरान अली ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुई है और प्राथमिकि दर्ज कर ली गई है। अनुसंधानिक तरीके से छानबीन की जा रही है। चोर जल्द ही पुलिस के गिरफ्त में होंगे।

### औरंगाबाद में नक्सल गतिविधि पर रोक के लिए चलाई जा रही अभियान

# पांच किलो के दो प्रेशर आईईडी समेत अन्य सामन जब्त

निज संवाददाता | मदनपुर (औरंगाबाद)



सीआरपीएफ कोबरा 205 बटालियन और मदनपुर थाना की पुलिस टीम ने नक्सल विरोधी अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इस दौरान मंगलवार को मदनपुर थाना अंतर्गत पचरुखिया पहाड़ एवं गोबरदह के पास से 5-5 केजी के दो प्रेशर आईडी और अन्य सामग्री जब्त किया गया है। जिसकी जानकारी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर 2 अमित कुमार ने प्रेस वार्ता करके दी। जानकारी देते हुए बताया कि 11 नवंबर को पचरुखिया के पहाड़ी क्षेत्र से दो विभिन्न स्थानों से दो प्रेशर आईडी पांच-पांच केजी का बरामद किया गया है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर टू अमित कुमार ने बताया कि झारखंड विधानसभा एवं बिहार विधानसभा उपचुनाव को लेकर औरंगाबाद एसपी अमृतसर राहुल के निर्देशन में सीआरपीएफ कोबरा बटालियन के सहायक सामदेष्टा अथीन बी नायर के नेतृत्व में मदनपुर थाना पुलिस संयुक्त रूप से अभियान चला रही है। इसी क्रम में पुलिस को यह सफलता मिली। इस दौरान कोरटेक्स 20 मीटर, ब्लैक डांगरी एक नंबर, मार्कर पेन 10 नंबर, लाल कपड़ा 8 मीटर, फेविकोल एक बोतल सहित अन्य सामग्री बरामद किया गया है। पुलिस द्वारा किए गए संयुक्त कार्रवाई से नक्सलियों का काफी मनोबल गिरा हुआ है। नक्सली गतिविधि पर अंकुश लगाए जाने हेतु लगातार छापेमारी अभियान जारी रहेगा।

# नबीनगर में पैक्स अध्यक्ष पद के लिए 9 व सदस्य पद पर 16 लोगों ने दाखिल किया नामांकन

निज संवाददाता | नवीनगर(औरंगाबाद)



पैक्स निर्वाचन के प्रथम चरण के लिए हो रहे नामांकन के दूसरे दिन नबीनगर प्रखंड मुख्यालय में पैक्स अध्यक्ष और सदस्य पद के लिए कुल 16 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया। निर्वाचन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी अरूण सिंह ने बताया कि मझियावा पैक्स के अध्यक्ष पद के लिए मंजीत कुमार, बरियावां के लिए राकेश सिंह, सिमरी धमनी के लिए सरोज कुमार सिंह, हरिहर उर्दाना के लिए विमलेश कुमार सिंह, जयहिंद तेंदुआ के लिए शशांक राज, सोरी के लिए केतन सिंह, किरण देवी, सोनौरा के लिए नीरज कुमार सिंह, ठेंगो पैक्स के अध्यक्ष पद के लिए मिथलेश कुमार यादव समेत कुल 9 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया। वहीं सदस्य पद के लिए 16 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया है। बीडीओ ने कहा कि नामांकन 13 नवंबर तक किया जा सकेगा। इस दौरान सहायक निर्वाची पदाधिकारी अमित कुमार सिंह, आपूर्ति पदाधिकारी विनय कांत पाठक, राकेश कुमार, संख्यिकी पदाधिकारी बिजेंद्र कुमार सिंह, प्रखंड प्रवर्तन पदाधिकारी पंकज कुमार, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी विनोद कुमार, कृषि समन्वयक, धीरज कुमार मिश्र, वरीय प्रसार पदाधिकारी अमित कुमार कमल, शिक्षक धनंजय कुमार सिंह, मनीष कुमार, संजीव कुमार, आनद कुमार एवं वेंकट रमण आदि मौजूद रहे।

## गंगा घाटों पर 14 नवंबर की रात से तैनात रहेंगे मजिस्ट्रेट

**पटना(नि.सं.)**। कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा स्नान के लिए उमड़नेवाली भीड़ को देखते हुए डीएम ने सभी प्रमुख घाटों पर मजिस्ट्रेट और पुलिसबल की तैनाती की है। डीएम के निर्देश पर पटना सदर, बाढ़, दानापुर और पटना सिटी के एसडीएम ने गंगा समेत अन्य नदियों में दो दिनों तक नावों के परिचालन पर रोक लगा दी है, ताकि नावों पर सवार होकर लोग गंगा के उस पर नहीं जा सकें। मंगलवार को कार्तिक पूर्णिमा पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर डीएम डॉ. चंद्रशेखर सिंह ने प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की। दानापुर से पटना सिटी के सभी प्रमुख गंगा घाटों पर 14 नवंबर की रात से ही मजिस्ट्रेट तैनात रहेंगे।

# हत्याकांड में पांच आरोपी गिरफ्तार, गला रेत कर हुई थी हत्या

निज संवाददाता | फेसर (औरंगाबाद)



पुलिस ने फेसर थाना क्षेत्र बनाही गांव निवासी कामेश्वर चौधरी उर्फ कारू चौधरी हत्याकांड का मंगलवार की शाम उद्भेदन करते हुए एक महिला समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में फेसर थाना क्षेत्र के बनाही का निवासी मुन्ना चौधरी (32), मुन्ना चौधरी की पत्नी सुगंधा देवी, टुन्ना चौधरी (30), संजय सिंह (35), चंदन कुमार (30) को गिरफ्तार किया गया है। इस खुलासे की जानकारी औरंगाबाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर 1 संजय कुमार पांडे ने मंगलवार की शाम प्रेस वार्ता करके दी। कांड में प्रयुक्त एक धारदार चाकू, एक जिंदा कारतूस घटनास्थल से बरामद किया गया है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर 1 संजय कुमार पांडे ने बताया कि कुछ दिन पहले फेसर थाना के बनाही स्थित उनथू बाधार के समीप से धान के खेत में कामेश्वर चौधरी उर्फ कारू चौधरी का गला रेता हुआ शव बरामद हुआ था। जिसके बाद औरंगाबाद एसपी अंबरीश राहुल के निर्देशन पर एक एसआईटी टीम का गठन किया गया था। जिसने मामले का उद्भेदन करते हुए पांच लोगों को

# आत्महत्या करने रेलवे ट्रैक पर लेटा था युवक, लोको पायलट व आरपीएफ ने सुझबुझ से बचाई जान

निज संवाददाता | नबीनगर(औरंगाबाद)



लोको पायलट और रेलवे सुरक्षा बल(आरपीएफ) के जवानों ने सुझबुझ का परिचय देते हुए रेल पटरी पर लेट कर आत्महत्या करने जा रहे एक युवक की जान बचा ली। घटना पूर्व मध्य रेल के दीनदयाल उपाध्याय मंडल अंतर्गत सोननगर-बरवाडीह रेलखंड पर औरंगाबाद जिले के नबीनगर रोड रेलवे स्टेशन के पास है। युवक की पहचान नबीनगर थाना के महुआरी निवासी स्व. रामकृत चौहान के पुत्र मिथिलेश चौहान(45) के रूप में की गई है। बताया जाता है कि स्वर्गीय-राम कृत चौहान ग्राम-महुआरी थाना-नबीनगर जिला-औरंगाबाद पटरी पर लेटे युवक को देखते ही लोको पायलट ने सही समय पर ट्रेन रोक दी। साथ ही इसकी सूचना स्टेशन प्रबंधक को दी गयी। सूचना के बाद रेलवे सुरक्षा बल ने ऑपरेशन जीवन रक्षा चलाकर युवक को जान देने से बचा लिया। इस दौरान ट्रेन कुछ मिनटों के लिए रुकी रही। युवक को सुरक्षित बचा लिए जाने के बाद ट्रेन गंतव्य के लिए रवाना हो गई। मामले की जानकारी रेलवे के वरीय अधिकारियों और रेल पुलिस के वरीय अधिकारियों को भी दी गई है। घटना नवीनगर स्टेशन के समीप की है। रविवार की सुबह ट्रेन से कटकर मरने का प्रयास कर रहे युवक को लोको पायलट की सूझबुझ व रेलवे सुरक्षा बल के सहयोग ने बचा लिया। रेल सूत्रों ने बताया कि मालगाड़ी डाउन लॉंग हॉल पावर नं.-33640 60157 ने नबीनगर रोड स्टेशन से सुबह 09: 54 बजे प्रस्थान किया। स्टेशन से कुछ दूर आगे बढ़ते ही ट्रेन के लोको पायलट को किमी. नं.-380/24 के पास डाउन मेन लाइन में पटरी पर एक युवक लेटा हुआ नजर आया। पायलट ने तत्काल इसकी सूचना नबीनगर के स्टेशन प्रबंधक को दी। सूचना मिलते ही स्टेशन प्रबंधक ने पायलट को ट्रेन रोक देने को कहा। साथ ही युवक को रेल पटरी से हटाने के लिए इसकी सूचना 10:00 बजे नबीनगर रेल सुरक्षा बल पोस्ट को दी। सूचना पर आरपीएफ के जवान पोस्ट के फाबियन कुल्लु, उमा कांत राम और रितु रंजन कुमार राय दौड़े-दौड़े मौके पर पहुंचे। मौके पर पहुंचकर उन्होने रेल ट्रैक पर लेटे युवक को समझा- बुझाकर ट्रैक से हटाया। इस दौरान ट्रेन 10.08 बजे तक रुकने के बाद समय 10.09 बजे फिर से गंतव्य के लिए रवाना हुई। इसके बाद युवक को सुरक्षित आरपीएफ पोस्ट पर लाया गया, जहां पूछताछ में युवक ने अपना परिचय नबीनगर थाना के महुआरी निवासी स्व. रामकृत चौहान के पुत्र मिथिलेश चौहान(45) के रुप में दिया। युवक ने रेल पुलिस को यह भी बताया कि वह घर से झगड़ा करने के बद रेल से कटने आया था।